*
ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

03 सितंबर, 2024
भाद्रपद, शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00


रांची
मंगलवार, वर्ष 09, अंक 314


कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही


सीएम का निर्देश:
उत्पाद सिपाही
बहाली तीन दिन के
लिए स्थगित







## नई दिल्ली में नवनिर्मित

# न्यू झारखण्ड भवन का उद्घाटन

**श्री हेमन्त सोरेन**
**माननीय मुख्यमंत्री**
झारखण्ड के कर कमलों द्वारा

**गरिमामयी उपस्थिति**

**डॉ. रामेश्वर उरांव**
माननीय मंत्री, वित्त विभाग, योजना एवं विकास विभाग, वाणिज्य कर विभाग एवं संसदीय कार्य विभाग

**श्री सत्यानन्द भोक्ता**
माननीय मंत्री, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग एवं उद्योग विभाग

दिनांक: 03 सितम्बर 2024
समय: अपराह्न 3:00 बजे
स्थान: बंगला साहिब रोड, नई दिल्ली

### भवन की खासियत

- **G+7 भवन**
- भवन का क्षेत्रफल **9515.95 Sq.Mtr**
- भवन का कुल साइट क्षेत्रफल **2808 Sq.Mtr**
- **45** गेस्ट रूम, **18** सुइट रूम और **2 VVIP** सुइट
- **100** से अधिक डबल कार पार्किंग की व्यवस्था
- **वर्षा जल संचयन** की व्यवस्था
- **पर्यावरण अनुकूल** सुविधाएं
- **अपशिष्ट प्रबंधन** की व्यवस्था



**हेमन्त सोरेन**
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

**सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार**

P.R. 334484 (IPRD) 24-25

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 67,300 रु./10 ग्राम
चांदी 85,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 03 सितंबर, 2024
www.azadsipahi.in


# भाजपा का फोकस विधानसभा की सामान्य सीटों पर ज्यादा

## ■ भाजपा जानती है आदिवासियों को झामुमो से अलग करना मुश्किल

## ■ इसलिए पार्टी ने झामुमो में सेंधमारी के साथ सामान्य सीटों पर किया फोकस

## ■ कांग्रेस के कई दावेदारों में असमंजस के बादल छाने लगे हैं

**आजाद सिपाही विशेष**

**झारखंड विधानसभा के चुनाव के लिए बनाये जा रहे सियासी समीकरण बेहद दिलचस्प होते जा रहे हैं। राज्य की सत्ता में अपनी वापसी के लिए हरसंभव प्रयास कर रही भाजपा के लिए यह चुनाव कितना महत्वपूर्ण है, यह इसी बात से साबित होता है कि पार्टी ने अपनी पूरी ताकत यहां झोंक रखी है। भाजपा पूर्ण रूप से एक्टिव मोड में है। भाजपा अपनी एक्टिविटी से विरोधी दलों को उलझाये रखना चाहती है। भाजपा किसी भी कीमत पर सत्ता में अपनी वापसी चाहती है, जो 2019 में उसके हाथ से छिटक गयी थी। एक रणनीति के तहत भाजपा ने पहले आदिवासी नेताओं को अपने पाले में करने का बड़ा अभियान चलाया। यह इसलिए कि वह जेएमएम को आदिवासी सीटों पर उलझाये रखना चाहती है। भाजपा यह अच्छी तरह से जानती है कि आदिवासियों को झामुमो और खासकर सोरेन परिवार से अलग करना इतना आसान नहीं है। भाजपा इसीलिए झामुमो के कद्दावर नेताओं पूर्व सीएम चंपाई सोरेन और लोबिन हेंब्रम को अपने पाले में लेकर आयी कि उनकी उम्मीदवारी से झामुमो को चुनौती मिलेगी और उस चुनौती से पार पाने के लिए हेमंत सोरेन को वहां ज्यादा मेहनत करनी पड़गी। ऐसे में उनका फोकस सामान्य सीटों पर कम होगा। भाजपा यह भी जानती है कि कुछ आदिवासी सीटों के साथ-साथ और किन सीटों पर उसे फोकस करना है। इसलिए भाजपा ने झामुमो के दो कद्दावर नेताओं को अपने पाले में करने के बाद, अब विधानसभा की उन सामान्य सीटों पर अपना ध्यान केंद्रित किया है, जिन पर कांग्रेस का कब्जा है। इनमें कुछ सीटें झामुमो के पास भी हैं। दूसरे शब्दों में कहें, तो भाजपा का असली टारगेट कांग्रेस है, क्योंकि उसे पता है कि झारखंड में झामुमो को कमजोर करने की रणनीति अभी उतनी असरदार नहीं हो सकेगी। चंपाई सोरेन और लोबिन हेंब्रम भले ही भाजपा में आ गये हैं, लेकिन वे चुनावों में पार्टी के लिए कितने मददगार हो सकेंगे, यह अभी देखना बाकी है। हां यह जरूर है कि उनके भाजपा में आने के बाद भाजपा के एजेंडे को गति मिलेगी। खासकर संथाल परगना में बांग्लादेशी घुसपैठ का मामला चुनाव में छायेगा। हालांकि भाजपा इस मुद्दे को वर्षों से उठाती रही है, लेकिन वह आदिवासी मतदाताओं में उतना घर नहीं कर पाया, अब जब जेएमएम से आये कद्दावर आदिवासी नेता चंपाई और लोबिन हेंब्रम बांग्लादेशी घुसपैठ से आदिवासियों को होनेवाले नुकसान पर बोलेंगे, तो निश्चित रूप से महागठबंधन के लिए असमंजस की स्थिति होगी। इसके इतर चुनाव में कांग्रेस को पूरी तरह घेरने के लिए भाजपा ने अपनी रणनीति भी बना ली है। कांग्रेस को भी यह भान हो चुका है कि भाजपा की नजर उसी की सीटों पर है। कोंग्रेसी भले ही रियेक्ट नहीं कर रहे हैं, लेकिन कहीं न कहीं कांग्रेस के दावेदारों के मन में शंकाओं का बादल घिरता जा रहा है। ऐसी सूचना है कि कई पूर्व के प्रत्याशी असमंजस में हैं। चुनाव आते-आते कांग्रेसियों की बेचैनी सामने भी आयेगी। फिलहाल भाजपा कांग्रेस की सीटों पर फोकस कर,अपने प्रतिद्वंद्वियों की दोतरफा घेराबंदी करने की रणनीति पर काम कर रही है। भाजपा की यह रणनीति कितना सफल हो पाती है, यह तो आनेवाला समय ही बतायेगा, लेकिन फुसफुसाहट तो शुरू हो गयी है। इस विधानसभा चुनाव में क्या है भाजपा की रणनीति और वह कितनी कारगर हो पायेगी, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

झारखंड के आसन्न विधानसभा चुनाव के लिए राजनीतिक समीकरण तेजी से आकार ले रहे हैं, तो रणनीतियों के एक से बढ़ कर एक पहलू सामने आ रहे हैं। पिछले सप्ताह सत्तारूढ़ इंडी अलायंस के प्रमुख घटक झारखंड मुक्ति मोर्चा के दो कद्दावर नेताओं, चंपाई सोरेन और लोबिन हेंब्रम को अपने पाले में कर भाजपा ने झामुमो को करारा झटका तो दिया, लेकिन यह उसकी सियासी रणनीति का केवल एक पक्ष भर है। भाजपा की रणनीतियों पर नजर रखनेवालों का मानना है कि पार्टी ने झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए जो व्यूह रचना की है, उसे समझ पाना इतना आसान नहीं है।

भाजपा ने दरअसल झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। पार्टी ने अपने दो कद्दावर नेताओं, शिवराज सिंह चौहान और हिमंता बिस्वा सरमा को यहां तैनात किया है, तो इसका कारण यही है कि दोनों चुनावी चौसर के खेल में माहिर माने जाते हैं। इन दोनों की झारखंड में तैनाती का असर दिख भी रहा है। लेकिन यह सब एक झांकी भर है। इन दोनों कद्दावर नेताओं के अलावा भाजपा ने इस बार विभिन्न जिलों के चुनाव प्रभारी के रूप में केंद्र के प्रभावशाली नेताओं का भी वहां प्रवास तय किया है। ध्यान यह रखा गया है कि वे नेता जिला स्तर पर भाजपा नेताओं को एकसूत्र में बांध कर गुटबाजी को खत्म करायें और कार्यकर्ताओं में जोश भरे। इस काम में कई राज्यों के नेताओं को लगाया गया है। कहने का मतलब कि भाजपा का असली खेल अभी बाकी है और यह खेल विधानसभा चुनाव से ठीक पहले दिख सकता है।

भाजपा ने झामुमो के दो बड़े नेताओं को अपने खेमे में कर तो लिया है, लेकिन उसे पता चल गया है कि इससे झामुमो के वोट बैंक पर विशेष फर्क नहीं पड़नेवाला है। 2019 के विधानसभा चुनाव में राज्य की 28 सुरक्षित विधानसभा सीटों में से भाजपा को केवल दो सीटें मिली थीं, जबकि झामुमो ने 20 और कांग्रेस ने छह सीटें जीती थीं। उस चुनाव में झामुमो ने कुल 30 और कांग्रेस ने 16 सीटें जीती थीं, जबकि भाजपा के खाते में केवल 25 सीटें आयी थीं। उसी तरह लोकसभा चुनाव में झारखंड की सभी सुरक्षित आदिवासी सीटें इंडी एलायंस के पाले में चली गयीं।

2019 के चुनाव परिणाम से सीख लेकर भाजपा ने इस बार अपनी रणनीति में थोड़ा बदलाव किया है। उसने झामुमो के बड़े नेताओं को अपने पाले में करने के साथ उन सामान्य सीटों पर अपना ध्यान केंद्रित किया है, जहां पिछली बार कांग्रेस जीती थी। भाजपा के शीर्ष रणनीतिकार इस मुहिम में लगे हैं। बात-बात में ऐसे संदेश भी दिये जा रहे हैं। भाजपा के रणनीतिकारों का कहना है कि चुनाव परिणाम पर भले ही इसका कुछ खास प्रभाव नहीं पड़े, लेकिन प्रतिद्वंद्वी पर मनोवैज्ञानिक बढ़त के लिए यह कवायद आवश्यक है।



भाजपा को पता चल गया है कि झामुमो को आदिवासी सीटों पर कमजोर करने की उसकी रणनीति अंतिम परिणाम पर कोई खास असर नहीं डाल सकती है। झारखंड में झामुमो का जनाधार आदिवासी-क्रिश्चियन और मुसलिम वोटर हैं, जिन्हें तोड़ पाना लगभग असंभव है। इसलिए पार्टी ने केवल उन आदिवासी सीटों पर ही ध्यान लगाया है, जहां जीत-हार का अंतर बहुत कम रहता है। चंपाई सोरेन की सीट सरायकेला और लोबिन हेंब्रम की सीट बोरियो इनमें प्रमुख है। इसके अलावा पार्टी ने उन सभी आदिवासी सीटों की सूची तैयार की है, जहां कोशिश करने पर सफलता मिल सकती है। इनमें जामा, दुमका, जगन्नाथपुर, खिजरी और बिशुनपुर हैं।

इन आदिवासी सीटों के अलावा भाजपा ने कुछ ऐसी सीटें भी चिह्नित की हैं, जहां उसे सफलता मिल सकती है। इन सीटों में बड़कागांव, मांडू, बेरमो, जमशेदपुर पश्चिम, बरही, झरिया, मधुपुर और डुमरी शामिल हैं। ये सभी सामान्य सीटें हैं और फिलहाल कांग्रेस के पास हैं। भाजपा का मानना है कि आदिवासी सीटों की बजाय सामान्य सीटों पर ताकत लगाना अधिक लाभदायक हो सकता है।

इसके अलावा, भाजपा के रणनीतिकार मानते हैं कि पार्टी जिस भ्रष्टाचार के मुद्दे को लेकर झारखंड में हेमंत सोरेन के खिलाफ आवाज उठा रही थी और जिस मामले में उनको जेल जाना पड़ा था, अब वह मुद्दा भाजपा के लिए उलटा पड़ता दिख रहा है। इस मुद्दे से लोकसभा चुनाव में पार्टी को फायदे की बजाय ज्यादा नुकसान उठाना पड़ा है। इसका खामियाजा विधानसभा चुनाव में भी ना भुगतना पड़े, इसी को ध्यान में रख कर भाजपा ने अब अपनी रणनीति बदल दी है। अपनी रणनीति को अमली जामा पहनाने के लिए भाजपा अभी से ही माहौल बना रही है। उसने झामुमो पर कम, कांग्रेस पर अधिक प्रहार करना शुरू किया है। बांग्लादेशी घुसपैठ के मुद्दे पर फिर बल दिया है। क्योंकि घुसपैठ से सबसे ज्यादा प्रभावित आदिवासी समुदाय ही हो रहा है।

### कांग्रेस खेमे में खलबली

भाजपा की इस रणनीति को लेकर कांग्रेस भी सतर्क है, हालांकि उसके खेमे में मची खलबली अब सामने आने लगी है।

पार्टी ने हाल ही में प्रदेश अध्यक्ष को बदला है। राजेश ठाकुर की जगह केशव महतो कमलेश को कमान सौंपी गयी है। पार्टी ने भाजपा की रणनीति के जवाब में बार-बार सांगठनिक मजबूती का प्रदर्शन करने की रणनीति अपनायी है। इस पूरी स्थिति में बड़ा सवाल यह है कि आखिर झारखंड की सत्ता में रहते हुए कांग्रेस को किस बात का डर है।

दरअसल पार्टी को बाहर से नहीं, भीतर से ही खतरा महसूस हो रहा है। 2019 के विधानसभा चुनाव में शानदार जीत हासिल करने के बाद झारखंड कांग्रेस की स्थिति जिस तरह कमजोर हुई है, वह किसी से छिपी नहीं है। पार्टी का संगठन किसी भी मुद्दे पर स्टैंड लेने में असमंजस में दिखाई देता है। इसका कारण यही है कि पार्टी के भीतर अब पुरानी बात नहीं रही।

समर्पित नेताओं और कार्यकर्ताओ की उपेक्षा के कारण संगठन कमजोर होता चला गया। पार्टी में उन लोगों को ज्यादा तरजीह दी गयी, जो तीन या चार साल पहले दूसरे दलों से कांग्रेस में आये। पार्टी संगठन और विधायकों के बीच अविश्वास की खाई लगातार चौड़ी होती जा रही है। भाजपा ने कांग्रेस की इसी कमजोरी का फायदा उठाने की कोशिश की है। अब सियासी शह और मात के इस खेल में किसे जीत मिलती है और किसे हार, यह तो आनेवाला समय ही बतायेगा।

---

# बीजेपी के पाले में आये लोबिन क्या राजमहल की चार ट्राइबल सीटों पर प्रभाव डाल पायेंगे!

कार्तिक कुमार

**पाकुड़ (आजाद सिपाही)।** लोबिन हेंब्रम के सहारे क्या बीजेपी राजमहल संसदीय क्षेत्र की चार ट्राइबल सीटों को इस बार साधने की तैयारी में है। लोकसभा चुनाव के ठीक पहले अपनी पार्टी झामुमो से नाराज चल रहे लोबिन को आखिरकार भाजपा ने अपने पाले में कर ही लिया। अब देखना है कि क्या बीजेपी लोबिन जैसे कद्दावर और जुझारू आदिवासी नेता के सहारे पाकुड़ और साहिबगंज जिले की ट्राइबल रिजर्व सीटें महेशपुर, लिट्टीपाड़ा, बरहेट और बोरियो पर कमल खिलाने में कामयाब हो पायेगी। जिस तरह से संथाल परगना में खासकर साहिबगंज और पाकुड़ में एसटी मोर्चा के बैनर चले बाबूलाल मरांडी ने पिछले एक साल से यानी लोकसभा चुनाव से पहले अब तक लगातार आदिवासी गांव, गलियों और इलाकों में पहुंच कर लोगों को जानने और समझने का काम किया है और कर रहे हैं, अब इसी इलाके से आनेवाले लोबिन को भाजपा में लाकर क्या इन चारों सीटों पर कमल खिलाने में भाजपा कामयाब हो पायेगी। हालांकि इन चारों सीटों में बरहेट और लिट्टीपाड़ा में अब तक कमल नहीं खिल पाया है। 2019 के विधानसभा चुनाव में साहिबगंज, पाकुड़ की कुल छह विधानसभा सीटों में से महागठबंधन की पांच सीटों पर जीत हुई थी। एकमात्र राजमहल सीट पर ही भाजपा फतह कर पायी थी। लेकिन अब पार्टी में लोबिन के आने से ऐसा लग रहा है कि भाजपा इस बार चार सुरक्षित सीटों पर कब्जा जमाने के लिए अपने कैंडिडेट भी ठोक बजा कर और तरास कर चुनाव मैदान में उतारेगी। लोबिन खुद बोरियो से विधायक रहे हैं, तो बोरियों सीट से उनका दावा होना लाजिमी है। रही बात बरहेट से भाजपा इस बार किसी नये चेहरे पर दांव लगा सकती है। यहां से गवालीयन हेंब्रम का नाम चर्चा में है। पिछले विधानसभा चुनाव में वह झाविमो के टिकट पर चुनाव लड़ चुके हैं, अब भाजपा में शामिल हो गये हैं। संभवतः पार्टी उनके नाम पर दांव लगा सकती है। पिछले चुनाव के अनुभव को देखते हुए भाजपा का फोकस इस बार खासकर आदिवासी वोटरों पर ज्यादा है और भाजपा के बड़े नेता भी सीधे आदिवासी गांव और उन तक पहुंच कर उनसे सीधा संवाद स्थापित कर रहे हैं।

लोबिन के भाजपा में आने से कितना राजनीतिक लाभ मिलेगा, यह तो आने वाला वक्त ही बतायेगा। लेकिन इतना तो स्पष्ट है कि लोबिन एक मंझे और सुलझे हुए झामुमो के नेता रहे हैं। उन्हें झामुमो के हर राजनीतिक दाव पेंच की समझ है। भाजपा लोबिन के सहारे झामुमो के परंपरागत वोट बैंक पर सेंधमारी करने का प्रयास करेगी । लेकिन इसमें कितना कामयाब होगी, यह तो चुनाव परिणाम ही बतायेगा।




### पाकुड़, साहिबगंज में इस बार बांग्लादेशी घुसपैठ बनेगा मुद्दा

विधानसभा के चुनाव में खासकर पाकुड़ और साहिबगंज में इस बार बांग्लादेशी घुसपैठी का मुद्दा भाजपा पुरजोर तरीके से उठायेगी। पाकुड़ के गायबाथन, गोपीनाथपुर और तारानगर की घटना को बीजेपी वोट बैंक के रूप में कैश करना चाहेगी। जबकि बोरियो में एक पहाड़िया महिला की निर्मम हत्या और बांग्लादेशी घुसपैठ के मामले को तूल देकर आदिवासी वोटरों को अपने पक्ष में करने के लिए जीतोड़ प्रयास करेगी। अब देखना है कि भाजपा के बड़े नेता आदिवासी वोटरों पर कितना प्रभाव डाल पाते हैं।

### घूम-घूम कर बतायेंगे, भाजपा आदिवासी विरोधी नहीं है

लोबिन हेंब्रम ग्रीन लुक से अब भगवा लुक में आ गये हैं और गुड फिल कर रहे हैं। इस संवाददाता से दूरभाष पर हुई बातचीत में उन्होंने कहा कि समय और परिस्थिति के कारण बस उन्हें यह निर्णय लेना पड़ा। कहा कि समय बलवान होता है। एक सवाल पर उन्होंने कहा कि हमारा पूरा प्रयास होगा कि राजमहल लोकसभा क्षेत्र की चार ट्राइबल सीटों को भाजपा की झोली में दें। उन्होंने कहा कि भाजपा के बारे में आदिवासियों के दिमाग में यह बात बैठा दी गयी है कि भाजपा आदिवासी विरोधी है, मैं इसी गलतफहमी को आदिवासियों के बीच जाकर दूर करने का काम करूंगा और लोगों को बताऊंगा कि भाजपा आदिवासी विरोधी नहीं, बल्कि आदिवासी हितैषी है। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार की पांच साल में कोई उपलब्धि नहीं है। लोग आज भी रोजगार की खोज में दूसरे राज्यों में पलायन कर रहे हैं। प्रदेश में इतनी खनिज संपदा होने के बावजूद आज लोग रोजगार के लिए दर-दर भटक रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैं साहिबगंज, पाकुड़ के साथ-साथ पूरे संथाल परगना की जन बुनियादी समस्याओं को भाजपा पार्टी फोरम में रखने का काम करूंगा। लोगों को बताऊंगा कि हेमंत सोरेन ने चुनाव के वक्त वादा करके कैसे वादाखिलाफी की है। कहा कि वह खुद बोरियो सीट से चुनाव लड़ेंगे।

---

# हेमंत सोरेन की लोकप्रियता से बेचैन हैं भाजपा के आयातित नेता: विनोद पांडेय

- महासचिव सह प्रवक्ता का दावा, भाजपा को पता चल गयी है झामुमो की ताकत
- गठबंधन के साथी दलों के साथ सीटों पर जल्द निर्णय, झामुमो बड़े भाई की भूमिका में

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के भाजपाई बनने के बाद राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला दिनोंदिन तेज होता जा रहा है। सोमवार को सत्तारूढ़ झामुमो ने आरोप लगाया कि आयातित नेताओं के सहारे भाजपा चुनावी जंग जीतना चाहती है। झामुमो महासचिव सह प्रवक्ता विनोद पांडेय ने कहा कि भाजपा के सारे नेता मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की लोकप्रियता को देखकर बेचैन हो गये हैं। यही झामुमो की असली ताकत भी है। भाजपा में आयातित नेताओं की भरमार है। असम के सीएम हिमंता बिस्वा सरमा का नाम लिये बगैर उन्होंने कहा कि बाहर से आकर जो नेता यहां लंबी-चौड़ी बातें कर रहे हैं, वे भी भाजपा में आयातित ही हैं। उन्हें अपने राज्य की चिंता करनी चाहिए, जहां चारों तरफ अराजकता है। ऐसे आयातित नेताओं को झामुमो की ताकत का अंदाज हो गया है। भाजपा फूट डालो, राज करो की नीति पर चल रही है, लेकिन झारखंड में इनकी मंशा सफल नहीं होगी। झामुमो भाजपा को हर मोर्चे पर मुंहतोड़ जवाब देने में सक्षम है। विधानसभा चुनाव के मद्देनजर जल्द ही गठबंधन दलों के साथ सीटों के बंटवारे पर निर्णय हो जायेगा। झामुमो बड़े भाई की भूमिका में है। सीटों के बंटवारा में पार्टी की अहम भूमिका होगी।

www.epaper.azadsipahi.in

03 सितंबर, 2024
भाद्रपद, शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
मंगलवार, वर्ष 09, अंक 314

पीएम मोदी ने किया भाजपा के सदस्यता अभियान का शुभारंभ






## सीएम का निर्देश: उत्पाद सिपाही बहाली तीन दिन के लिए स्थगित

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उत्पाद सिपाही बहाली परीक्षा को तीन दिन के लिए स्थगित करने का निर्देश दिया है। सोमवार शाम उन्होंने सोशल मीडिया पर यह जानकारी की। उन्होंने लिखा कि उत्पाद सिपाही की नियुक्ति प्रक्रिया में दौड़ के क्रम में प्रतिभागियों की असामयिक मृत्यु दुखद और मर्माहत करने वाली है। पूर्ववर्ती सरकार द्वारा बनायी गयी नियमावली की अविलंब समीक्षा का निर्देश देते हुए हमने इस ढंग की भविष्य की सभी बहालियों के लिए नियमावली में बदलाव करने का निर्देश दिया है। साथ ही इस प्रक्रिया में दुर्भाग्यवश पीड़ित और शोकाकुल परिवार को सरकार की तरफ से तत्काल राहत पहुंचाने के



लिए प्रस्ताव बनाने का भी निर्देश दिया गया है। सीएम ने लिखा कि एहतियातन अगले तीन दिनों के लिए हमने इस भर्ती प्रक्रिया को स्थगित करने का निर्देश दिया है। दौड़ का आयोजन अब प्रातः नौ बजे के बाद किसी भी सूरत में नहीं किया जायेगा। जिन अभ्यर्थियों को दौड़ के पूर्व स्वास्थ्य परीक्षण की जरूरत महसूस होगी, उनके लिए चिकित्सकों की पर्याप्त व्यवस्था होगी तथा सभी प्रतियोगिता स्थलों पर प्रतिभागियों के लिए नाश्ते/फल की व्यवस्था होगी, जिससे कि कोई भूखे पेट दौड़ में हिस्सा न ले। सीएम ने कहा, आखिर किन कारणों से हमारे गांव-समाज के अपेक्षाकृत स्वस्थ/ चुस्त लोग पूर्व से चली आ रही शारीरिक परीक्षा में हताहत हो जा रहे हैं। आखिर झारखंड सहित देश में पिछले 3-4 वर्षों में सामान्य जन के स्वास्थ्य में ऐसा क्या बदलाव आया है? इन युवाओं की असामयिक मृत्यु के कारणों की समीक्षा करने के लिए, जिससे कि भविष्य में ऐसी दुर्घटना घटित न हो, हमने स्वास्थ्य विशेषज्ञों की भी एक समिति का गठन कर परामर्श रिपोर्ट देने का भी निर्देश दिया है।

# उत्पाद पुलिस बहाली में 12 युवकों के मरने की हुई पुष्टि

### सोमवार को पलामू के युवक ने रांची के मेदांता में दम तोड़ा, अब तक पलामू के पांच युवकों की मौत

- तीन सौ से अधिक हुए बेहोश, सौ से अधिक इलाजरत

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** उत्पाद सिपाही की नियुक्ति के लिए दौड़ ने एक और युवक की जान ले ली है। पलामू के दीपक पासवान ने सोमवार को रांची के मेदांता अस्पताल में दम तोड़ दिया। इसके साथ ही इस दौड़ के कारण जान गंवानेवाले 12 युवकों की मौत की पुष्टि हुई है। हालांकि भाजपा का दावा है कि अब तक इसमें 15 युवकों ने जान गंवाई है। उसने मृत युवकों के नामों की एक सूची भी दी है, जिनमें पिंटू रजक, महेश महतो, अमरेश कुमार, सर्वज्ञ यादव, अजय कुमार महतो, प्रदीप कुमार, अभिषेक कुमार, सुमित कुमार, महेश मेहता, सूरज कुमार वर्मा, प्रदीप कुमार साह, सुमित यादव, विकास लिंडा, दीपक पासवान और अरुण कुमार के नाम शामिल हैं। जबकि एक सौ से अधिक युवकों



का इलाज विभिन्न अस्पतालों में चल रहा है। दौड़ के समय करीब तीन सौ अभ्यर्थी बेहोश हो चुके हैं। झारखंड पुलिस द्वारा ली जा रही इस शारीरिक परीक्षण के दौरान पलामू में सबसे ज्यादा पांच अभ्यर्थियों की मौत हुई है।

पलामू के पांडू थाना क्षेत्र के वृद्धखैरा गांव का दीपक 28 अगस्त को दौड़ लगाने के दौरान बेहोश हो गया था। उसने नौ किलोमीटर की दौड़ पूरी कर ली थी, लेकिन अंतिम किलोमीटर के दौरान बेहोश होकर गिर गया। उसे तत्काल सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां स्थिति बिगड़ने के बाद उसे मेदांता भेजा गया था।

### बाबूलाल मरांडी ने की न्यायिक जांच की मांग

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने उत्पाद सिपाही नियुक्ति परीक्षा को लेकर फिर सवाल उठाया है। उन्होंने कहा कि बिना पर्याप्त तैयारी के ही आपाधापी में नियुक्ति प्रक्रिया अपनायी गयी है। उन्होंने कहा कि मरने वाले सभी युवा अपने परिवार का सहारा थे, अपने मां-बाप की आंखों का तारा थे। भाजपा नेता ने कहा कि सामान्यतः भर्ती प्रक्रिया में पहले लिखित परीक्षा होती है। उसके बाद सफल अभ्यर्थियों की शारीरिक दक्षता परीक्षण के लिए दौड़ का आयोजन किया जाता है। लेकिन सरकार ने माहौल बनाने के लिए जल्दीबाजी में बिना किसी तैयारी के बेरोजगारों के लिए दौड़ का आयोजन कर 15 होनहार युवाओं की जान ले ली। अपनी हवाबाजी दिखाने के लिए हेमंत सरकार ने एक गैर न्यायिक अमानवीय काम किया है। बाबूलाल ने कहा कि 15 युवाओं की मौत के लिए ज़िम्मेवार लोगों को चिह्नित करने के लिए न्यायिक आयोग बना कर जांच करायी जानी चाहिए। उन्होंने सीएम हेमंत से मृत युवाओं के परिवारों को अविलंब 50-50 लाख रुपये का मुआवजा और सरकारी नौकरी देने की भी मांग की है।

### सेंटरों पर मुकम्मल व्यवस्था की गयी है: डीजीपी

उत्पाद सिपाही बहाली परीक्षा के दौरान हो रही मौत पर डीजीपी अनुराग गुप्ता ने दुख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा है कि सभी मृत अभ्यर्थियों के शवों का पोस्टमार्टम कराया जायेगा, ताकि मौत के कारणों का पता लगाया जा सके। उन्होंने कहा कि खुद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इस मामले को लेकर गंभीर हैं। इसलिए सभी मृतकों के शवों का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शारीरिक परीक्षण की मुकम्मल व्यवस्था की गयी है। हर सेंटर पर शौचालय, पानी, ओआरएस, डॉक्टर और नर्स की



व्यवस्था है। हमारी कोशिश होती है कि दौड़ सुबह छह बजे से पहले शुरू हो जाये और 10 बजे तक प्रक्रिया संपन्न हो जाये। इसमें पूरी पारदर्शिता बरती जा रही है। इसकी वीडियो रिकॉर्डिंग हो रही है।

### लातेहार जिला बल में तैनात जवान की मौत



उत्पाद सिपाही बहाली के दौरान मेदिनीनगर के चियांकी हवाई अड्डे पर ड्यूटी पर तैनात लातेहार जिला बल के एक जवान अजीत कुजूर की सोमवार को मौत हो गयी। रविवार को दौड़ के दौरान उन्होंने ड्यूटी भी की थी। सोमवार को जब अजीत कुजूर ड्यूटी पर नहीं पहुंचे, तो पता चला कि उनकी तबीयत खराब हो रही है। उन्हें तत्काल मेडिकल कॉलेज लाया गया, यहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### 2016 से पहले छह मिनट में 1600 मीटर की दौड़ होती थी

वर्तमान में झारखंड पुलिस और उत्पाद सिपाही के लिए एक घंटे में 10 किलोमीटर की दौड़ करायी जा रही है। इसके पहले शारीरिक परीक्षा में छह मिनट 16 सौ मीटर की दौड़ लगानी पड़ती थी, लेकिन साल 2016 में इसे बदल दिया गया और 10 किलोमीटर की दौड़ एक घंटे में पूरा करने का नियम बना।

## सीएम आज दिल्ली में करेंगे झारखंड भवन का उद्घाटन



24 साल बाद मिलेगा राज्य का अपना भवन

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी में झारखंड भवन का उद्घाटन करेंगे। बंगला साहिब रोड पर बना यह आलीशान भवन दिल्ली में झारखंड का पहला अपना भवन है। उद्घाटन समारोह में शामिल होने के लिए मुख्यमंत्री सोमवार को दिल्ली पहुंच गये। उद्घाटन समारोह में भवन निर्माण सचिव अरवा राजकमल समेत कई वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे।

### आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित भवन

नवनिर्मित झारखंड भवन अत्याधुनिक तकनीकों और सुविधाओं से लैस है। इसकी बाहरी फिनिशिंग ग्वालियर हाइट सैंड स्टोन से की गयी है, जबकि अंदर इटालियन मार्बल का उपयोग हुआ है। झारखंड भवन का कुल निर्माण क्षेत्र लगभग एक लाख वर्ग फीट है और इसे 10 फ्लोर में बांटा गया है। इसमें दो बेसमेंट, एक ग्राउंड फ्लोर और सात अन्य फ्लोर शामिल हैं। इस भवन के ग्राउंड फ्लोर पर रिसेप्शन, डाइनिंग हॉल, जिम और एक्जिबिशन हॉल मौजूद हैं। पहला फ्लोर पूरी तरह से कार्यालयों के लिए बनाया गया है, जिसमें मुख्यमंत्री कार्यालय, मुख्य स्थानिक आयुक्त कार्यालय, स्थानिक आयुक्त कार्यालय और अन्य कार्यालय शामिल हैं। दूसरे, तीसरे और चौथे फ्लोर पर कुल 45 कमरे बनाये गये हैं, जो सामान्य आवास के लिए उपयोग में आयेंगे। पांचवें और छठे फ्लोर पर आठ-आठ वीआइपी सुइट हैं। सातवें फ्लोर पर केवल मुख्यमंत्री और राज्यपाल के सुइट हैं। भवन के निर्माण पर लगभग एक सौ करोड़ से अधिक की लागत आयी है।

### हिमंता बिस्वा सरमा ने युवाओं की मौत पर हेमंत सरकार को घेरा

## मृत युवाओं के परिजनों को एक-एक लाख देगी भाजपा

- सरकार बनने के बाद पीड़ित परिवारों को समुचित न्याय देगी भाजपा
- सात दिन बाद राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग में शिकायत की जायेगी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** उत्पाद सिपाही बहाली के दौरान जान गंवानेवाले युवाओं के परिवारों को भाजपा एक-एक लाख रुपये देगी। यह घोषणा असम के मुख्यमंत्री और झारखंड भाजपा के चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने सोमवार को यहां मीडिया से बातचीत के दौरान की। उन्होंने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता प्रत्येक मृत युवा के घर जायेंगे और सांत्वना देंगे। उन्होंने सभी मृत युवाओं के परिजनों को 50-50 लाख का मुआवजा और एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग की। हिमंता ने दावा किया कि इसमें अब तक पंद्रह युवाओं की मौत हुई है। उनके मुताबिक अब तक पिंटू रजक, महेश महतो, अमरेश कुमार, सर्वज्ञ यादव, अजय कुमार महतो, प्रदीप कुमार, अभिषेक कुमार, सुमित कुमार, महेश मेहता, सूरज कुमार वर्मा, प्रदीप कुमार साह, सुमित यादव, विकास लिंडा, दीपक पासवान और अरुण कुमार की मौत हो चुकी है। हिमंता ने 15 सितंबर तक इस बहाली परीक्षा को रोकने का आग्रह किया। कहा कि हम चुनाव आयोग से भी आग्रह करेंगे कि आचार संहिता लगने के बाद भी उत्पाद सिपाही भर्ती प्रक्रिया को जारी रखा जाये। कहा कि यदि राज्य सरकार सात दिन में इन परिवारों के लिए समुचित घोषणा नहीं करती है, तो फिर पार्टी की तरफ से राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग में शिकायत की जायेगी।



### अक्टूबर में मंईयां सम्मान योजना से भी बड़ी योजना देंगे

झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के बारे में हिमंता ने कहा कि अक्टूबर में इससे बड़ी योजना वह देंगे। भाजपा शत-प्रतिशत मंईयां योजना के साथ है। भाजपा 'खटाखट' पर विश्वास नहीं करती। हिमंता ने कहा कि झारखंड प्रदेश में आज पहली बार चुनाव समिति की बैठक हुई है। वहीं प्रमंडल स्तरीय परिवर्तन यात्रा की तैयारी को लेकर भी बैठक होगी। इसके साथ चुनाव की तैयारी भी शुरू होगी। उन्होंने कहा कि मधु कोड़ा प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे हैं। हम सब उनका सम्मान करते हैं। पार्टी में आना और किसी केस को खत्म करना अलग-अलग बात है। केस अपनी जगह चलता रहेगा।

### सेना और अग्निवीर की भर्ती में तो किसी की मौत नहीं हुई

हिमंता ने कहा कि झारखंड में हर दिन नयी चुनौती आ रही है। बांग्लादेशी घुसपैठ और हेमंत सरकार की वादाखिलाफी का मामला झारखंड की जनता से जुड़ा हुआ है। अब उत्पाद सिपाही बहाली के दौरान मौत का मामला सामने आया है। देश के हर प्रदेश में पुलिस की बहाली होती है। सभी में शारीरिक परीक्षा भी होती है। शारीरिक परीक्षा पुलिस की बहाली में अनिवार्य है। इसके लिए सही मौसम चुना जाता है। उत्पाद सिपाही में बहाली का फॉर्म अगस्त 2023 में भरवाया गया। उसकी शारीरिक परीक्षा अक्टूबर से दिसंबर के बीच ली जानी चाहिए थी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि सेना और अर्द्धसैनिक बलों में नियुक्ति के दौरान भी इतनी बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों की मौत नहीं होती है। झारखंड सरकार ने हड़बड़ी में यह परीक्षा आयोजित कर दी है, जिसमें किसी की मेडिकल जांच नहीं की गयी। हिमंता ने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार युवाओं की मृत्यु का कारण बन गयी है। उन्होंने कहा कि युवाओं की पहले मेडिकल जांच हो और दौड़ शुरू करने से पहले सभी को दूध और फल दिया जाये। इसके अलावा रात को आनेवाले अभ्यर्थियों के लिए खाने और ठहरने की व्यवस्था की जाये। झारखंड सरकार के पास पैसे की कमी नहीं है। सरकार को दूध और फल देने में कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए। सरकार हर दिन नयी-नयी योजना लागू कर रही है। उन्होंने कहा कि असम में कोरोना के बाद कई नियुक्तियों में शारीरिक परीक्षा हुई है। 20 हजार से अधिक की नियुक्ति हुई है। झारखंड में भी अग्निवीर और सेना की नियुक्ति हुई है, लेकिन किसी की मौत नहीं हुई।

### आरजी कर मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष गिरफ्तार

**कोलकाता (आजाद सिपाही)।** कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष को गिरफ्तार कर लिया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, यह गिरफ्तारी भ्रष्टाचार मामले में हुई है। संदीप घोष से सीबीआई ने लगातार कई दिनों तक पूछताछ की। वह अस्पताल में वित्तीय गड़बड़ी मामले में एजेंसी के रडार पर हैं। पहले ही उनके और अन्य संस्थाओं के खिलाफ एफआइआर दर्ज की जा चुकी थी। सीबीआइ यह जांच अस्पताल के पूर्व उपाधीक्षक अख्तर अली की शिकायतों के बाद कर रही है। उन्होंने घोष के प्रिंसिपल के रूप में कार्यकाल के दौरान लावारिस शवों की तस्करी, जैव-चिकित्सा अपशिष्ट के निपटान में भ्रष्टाचार, निर्माण निविदाओं में भाई-भतीजावाद जैसे वित्तीय कदाचार के अन्य आरोप लगाये थे।गौरतलब है कि पश्चिम बंगाल के आरजी कर अस्पताल में महिला ट्रेनी डॉक्टर का 9 अगस्त को शव मिला था। आशंका है कि रेप करने के बाद उसकी हत्या कर दी गयी।

### किसानों को मोदी सरकार का तोहफा

## 14 हजार करोड़ की सात योजनाओं को मंजूरी दी



आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** केंद्र की मोदी सरकार ने किसानों के लिए बड़ा एलान किया है। सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में कृषि क्षेत्र के लिए सात फैसले लिये गये। बैठक के बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि ये फैसले किसानों के जीवन को बेहतर बनाने और उनकी आय बढ़ाने के लिए हैं। इनमें पहला है डिजिटल कृषि मिशन को मंजूरी। इसे कृषि के लिए डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे की संरचना की तर्ज पर विकसित किया जा रहा है। कुछ अच्छे पायलट प्रोजेक्ट शुरू किये गये हैं और हमें सफलता मिली है। उसके आधार पर कुल 2817 करोड़ रुपये के निवेश से डिजिटल कृषि मिशन की स्थापना की जायेगी। उन्होंने कहा कि दूसरा फैसला खाद्य एवं पोषण सुरक्षा से जुड़ा है। 2047 के लिए खाद्य सुरक्षा और पोषण सुरक्षा की तैयारी कैसे की जाये, इसे ध्यान में रखते हुए इस कार्यक्रम के लिए छह स्तंभ स्थापित किये गये हैं, जिन पर 3979 करोड़ रुपये खर्च किये जायेंगे। केंद्रीय कैबिनेट ने कृषि शिक्षा एवं प्रबंधन को मजबूत करने के लिए 2292 करोड़ रुपये के प्रावधान वाले कार्यक्रम को मंजूरी दी। सरकार ने पशुधन के सतत स्वास्थ्य के लिए 1702 करोड़ रुपए की योजना को भी मंजूरी दी। इसके अलावा बागवानी के विकास के लिए 860 करोड़ रुपये और कृषि विज्ञान केंद्रों के लिए 1202 करोड़ रुपए के आवंटन को मंजूरी दी गयी।

## भारत विकास परिषद की समूह गान प्रतियोगिता 8 को




**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** भारत विकास परिषद की बैठक होटल रामेश्वरम में संपन्न हुई। बैठक में सर्व प्रथम भारत माता और स्वामी विवेकानंद की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित किया गया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि उत्तर झारखंड के प्रांतीय अध्यक्ष रामप्रवेश पांडेय, संगठन सचिव अजय अग्रवाल, जूही दास, शाखा अध्यक्ष प्रो कैलाश राणा, सचिव छोटेलाल पांडेय, संरक्षक नारायण सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। प्रांतीय अध्यक्ष रामप्रवेश पांडेय ने कहा कि भारत विकास परिषद जहां पद नहीं सेवा की कामना को लेकर लोग आते हैं। इधर बैठक में 8 सितंबर को राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता आयोजित करने का निर्णय लिया गया। शाखा अध्यक्ष प्रो कैलाश राणा, सचिव छोटेलाल पांडेय ने कहा कि भारत विकास परिषद कोडरमा जिला के केटीपीएस और कोडरमा बाजार में नई शाखा खोलने के लिए संकल्पित है तथा समर्पण, सेवा, संस्कार और सहयोग के जरिये समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुचने का कार्य करेगी। बैठक में कुंज बिहारी त्रिवेदी सहित कई पदाधिकारी उपस्थित थे।

## विद्यालय दे रहा पौधरोपण को बढ़ावा



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में सीबीएसइ से संचालित आदर्श शिशु प्लस टू उच्च विद्यालय बाघमारा वृक्षारोपण को बढ़ावा देने का काम कर रहा है। इस दौरान कई विद्यार्थियों के बीच कई तरह के फलदार पौधे का वितरण किया। वहीं पौधों का वितरण प्राचार्य प्रो दशरथ प्रसाद राणा, निदेशक रामदेव प्रसाद यादव ने अपने हाथों से किया। वहीं प्राचार्य प्रो दशरथ प्रसाद राणा ने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग के खतरा को देखते हुए हम सभी को वृक्षारोपण की ओर ध्यान देना चाहिए। जंगल ही जीवन है। जंगल बचाने से हमारे जीवन में खुशहाली आयेगी। परंतु आज के परिवेश में लोग जंगलों के अंधाधुंध कटाई कर रहे हैं। जिसके कारण मानसून एवं जलवायु पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। इसे बचाने का एकमात्र उपाय वृक्षारोपण है। मौके पर सतीश कुमार, मुकेश कुमार, राहुल कुमार, राजेश कुमार, अंकित कुमार, संदीप कुमार, सोनू कुमार, सूरज कुमार, कविता कुमारी, विनीता कुमारी, सुमन कुमारी, सहित कई छात्र-छात्राओं के बीच पौधा वितरण किया।

## आर्ट ऑफ लिविंग के विभिन्न शिविरों का आयोजन



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में आर्ट ऑफ लिविंग का शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर के अंतर्गत आर्ट ऑफ लिविंग का हैप्पीनेस कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें जयनगर और झुमरीतिलैया कोडरमा आदि क्षेत्रों से 50 की संख्या में लोगों ने शिविर का लाभ उठाया। योगासन प्राणायाम ध्यान सहज वार्ताओं और विभिन्न तरह के कार्यकलापों के द्वारा जीवन जीने की कला को सीख और अपने जीवन में और अधिक ऊर्जा बेहतर स्वास्थ्य तनाव मुक्त मन तथा जीवन को और अधिक उद्देश्य पूर्ण बनाने की दिशा में आगे बढ़े। बच्चों के लिए प्रज्ञा योग कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। प्रज्ञा योग के अंतर्गत 5 से 18 साल के बच्चे शिविर में भाग लिए और कई प्रक्रियाओं के माध्यम से बच्चों की छठी इंद्री को जागृत कर उनके प्रज्ञा को उन्नत किया गया। आर्ट ऑफ लिविंग के स्टेट कोऑर्डिनेटर नवीन चौरसिया जमशेदपुर से आए हुए हैं। इसके सफल आयोजन में सुरेन्द्र भाई मोदी, शशिकांत प्रसाद, रामचन्द्र सोनी, अर्जून राम, राजेश साहू, शेषनाथ राम, मनोज सोनी, सुदर्शन प्रसाद प्रशिक्षक शशि भैया आदि कई स्वयंसेवक की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## हाइकोर्ट में दायर याचिका पर जताया रोष



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** झारखंड सरकार द्वारा चलायी जा रही कल्याणकारी योजना मंइया सम्मान योजना के खिलाफ हाई कोर्ट में विष्णु साहू द्वारा दायर किये गये याचिका पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस महिला महासचिव प्रीति सहाय ने गहरा रोष प्रकट किया है। कहा कि माता बहनों की खुशी भाजपा को रास नहीं आती है। आखिर भाजपा बहनों माताओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाकर उनकी भलाई क्यों नहीं चाहती है। झारखंड सरकार की मंइया योजना से इतनी तकलीफ और खीज क्यों है। प्रीति सहाय ने मोदी सरकार द्वारा काले धन को खत्म करने हेतु किये गये नोटबंदी को याद करते हुए कहा कि पूर्व में भी भाजपा सरकार ने गृहणियों द्वारा अपने परिवार और व्यक्तिगत जरूरत के लिए जमा कर रखे गये एक हजार और 500 के नोट को बंद कर अप्रत्यक्ष रूप से बहिनों और माताओं को ही चोट पहुंचा था, अब जब महागठबंधन की हेमंत सोरेन सरकार महिलाओं को सम्मान देकर आर्थिक रूप से सबल बना रही है तो जनहित याचिका दायर कर इस योजना को अब लटकाओं भटकाव और फिर फंसाओ नीति के जरिए रद्द करने का प्रयास किया जा रहा है जो दुर्भाग्यपूर्ण है। झारखंड की महिलाएं इसका भरपूर विरोध करती हैं और आने वाले विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को इसका सबक सिखाने का काम करेगी।

## चलकुशा में फुटबॉल मैच का आयोजन



**चलकुशा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत मनैया पंचायत के ग्राम जमसोती में जय हिंद युवा क्लब के द्वारा फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया। मैच का उद्घाटन बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव, पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, जिप सदस्य सविता सिंह, बरकट्ठा जीप सदस्य कुमकुम देवी, बींस सुत्री अध्यक्ष सलीम अंसारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी निधि रजवार, मुखिया संघ अध्यक्ष आलोक सिंह, मुखिया लखिया देवी, प्रमुख प्रतिनिधि दीपक चौधरी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों को माला पहनाकर किया गया। उद्घाटन मैच कोडरमा बनाम गिरिडीह के बीच खेला जा रहा है। मौके पर भाजपा नेता सुरेन्द्र मोदी, पूर्व सुभाष ठाकुर, मुखिया प्रतिनिधि मुखिया केदार यादव, रामजीत रंजक, बैजनाथ राणा, बालेश्वर यादव, श्यामलाल राणा, डॉक्टर सकलदेव मोदी, रहमान अंसारी, रामधनी मांझी, बलदेव यादव, इंद्रदेव दास, विजय मोदी, पिंटू मोदी, किशोर रजक, महावीर यादव, मथुरा यादव, वीरेंद्र यादव, सहदेव यादव समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# सड़क हादसे में दो लोग जिंदा जले

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरकट्ठा।** गोरहर थाना क्षेत्र के ग्राम बेलकप्पी पुल के समीप हुई इस सड़क हादसे में दो लोगों की जलकर मौत हो गयी। घटना सोमवार की रात 7:45 बजे के करीब बगोदर की ओर से आ रही 14 चक्का ट्रक के चालक का गाड़ी से नियंत्रण खो देने के बाद वह पुल के नीचे जा गिरी। घटना के बाद ट्रक में भयानक विस्फोट के साथ आग लग गयी। आग लगने के बाद गाड़ी के अंदर चालक और उपचालक फंस गये। आग इतनी भयावह थी कि चालक व खलासी की केबिन के अंदर ही जलने से मौत हो गयी। प्रत्यक्ष दर्शीयो ने बताया कि ट्रक के अंदर से दो लोगों की बचाने की आवाज आ रही थी। घटना की सूचना मिलने पर गोरहर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। ग्रामीणों ने तत्काल फायर ब्रिगेड ऑफिस बरही और हजारीबाग को दूरभाष पर सूचना दे दी है। बताया जा रहा है कि ट्रक में बड़े-बड़े लोहे का पाइप लदा था। घटना के बाद जीटी रोड पर वाहनों का परिचालन बंद है। मृतक दोनों लोगों की पहचान नहीं हो पायी है। आग इतना तेज है कि लोग गाड़ी के समीप नहीं जा पा रहे हैं।

# सनराइज एकेडमी के निदेशक ने की छात्रा के साथ छेड़खानी

**परिजनों ने लगाया छेड़खानी का आरोप, ग्रामीणों का भड़का गुस्सा**

प्रभाकर पाठक





**बरही (आजाद सिपाही)।** बरही प्रखंड अंतर्गत करियातपुर स्थित सनराइज एकेडमी के निदेशक सुरेश प्रसाद पर एक नाबालिग दशवीं क्लास की छात्रा के परिजनों द्वारा छेड़खानी का गंभीर आरोप लगाये जाने के बाद करियातपुर के ग्रामीण उग्र हो गये। इस घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने विद्यालय पर धावा बोल दिया और तोड़फोड़ की। इसके साथ ही उन्होंने विद्यालय को शीघ्र बंद करने की मांग की। घटना की गंभीरता को देखते हुए बरही एसडीपीओ सह एएसपी सुरजीत कुमार और इंस्पेक्टर आभास कुमार को दूसरे थानों से अतिरिक्त पुलिस बल बुलाना पड़ा, ताकि स्थिति को नियंत्रण में लाया जा सके। विद्यालय में अचानक हुई इस घटना से प्रशासन में भी खलबली मच गयी। अधिकारियों ने हालात को काबू में करने की कोशिश की, लेकिन परिजनों के गुस्से को देखते हुए स्थिति तनावपूर्ण बनी रही। मामले की गंभीरता को देखते हुए, स्थानीय प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने का काम किया। वहीं छात्रा के पिता ने बरही थाना में आवेदन देकर स्कूल के निदेशक पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

वहीं निदेशक की पत्नी ने इस आरोप को बेबुनियाद और झूठा करार दिया है। उन्होंने कहा कि उनके पति को फंसाया जा रहा है। ग्रामीणों द्वारा पति सुरेश साव के साथ मारपीट की गयी, जिससे वह घायल हो गये और इलाज के लिए तुरंत रेफर कर दिया गया।

हालांकि, ग्रामीणों के गुस्से और आरोपों की गंभीरता को देखते हुए स्थिति अभी भी तनावपूर्ण बनी हुई है। प्रशासन इस मामले को शांतिपूर्वक हल करने के प्रयास में जुटी है, लेकिन स्थानीय लोगों में गुस्सा का माहौल हैं। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही भाजपा नेता सह जीप प्रतिनिधि गणेश यादव, करियातपुर मुखिया मनोज कुमार, धनवार मुखिया राजेन्द्र प्रसाद, बिनोद रविदास, रंजीत पांडेय, कैलाश केशरी, संजय केशरी, प्रकाश साव, ब्रह्मदेव यादव, तिलक यादव समेत सैकड़ो लोग मौजूद थे।

## विश्वकर्मा पूजा को लेकर बैठक

**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** विश्वकर्मा पूजा को लेकर बड़कागांव प्रखंड के विश्वकर्मा मंदिर परिसर हरली में बैठक रखी गयी। जिसमें विश्वकर्मा पूजा समिति का पुनर्गठन किया गया। बैठक में सर्व समिति से चुरामण राणा को दोबारा अध्यक्ष, प्रभु दयाल राणा को सचिव, अर्जुन राणा को कोषाध्यक्ष और बबुली राणा को पुजारी चुना गया। बैठक का संचालन डॉ कन्हाई राणा ने किया। बैठक में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी शिल्पकार के देवता श्री विश्वकर्मा भगवान की पूजा को धूम धाम से मनाने का फैसला लिया गया। बैठक में संतोष कु. राणा, छेदी राणा, उगन राणा, हेमलाल राणा, दिनेश्वर राणा, प्रयाग राणा, रामजतन राणा, सोना राणा, नितेश कुमार, रामेश्वर राणा, धानेश्वर राणा, दिपेन्द्र राणा, बिनोद शर्मा, पिनु राणा, अंतु राणा, शकुन्तला देवी, टुकुन्तला देवी, अनिता देवी, शोभा देवी, आरती देवी, मंजु देवी, कबुतरी देवी, मालती देवी, मुनिया देवी समेत सैकडों महिला पुरुष उपस्थित थे।

## विद्यालय में आने - जाने का रास्ता नहीं

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** सतगावां प्रखंड के शिवपुर पंचायत स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय नासरगंज कन्या की छात्राओं को आने-जाने के लिए रास्ता नहीं है। छात्राओं को खेत की पगडंडियों के सहारे विद्यालय में पहुंचना पड़ता है। बरसात के दिनों में समस्या और गंभीर बन जाता है। वहीं विद्यालय में कक्षा एक से लेकर कक्षा आठवीं तक कि पढ़ाई होती है। यहां लगभग 200 छात्र-छात्राएं नामांकित है। वहीं तीन से चार माह तक छात्र और छात्राओं को नंगे पैर विद्यालय जाने पर मजबूर होना पड़ जाता है। विद्यालय के खुले हुए कई वर्ष गुजर गये हैं, लेकिन वहां जाने के लिए जन प्रतिनिधियों से लेकर प्रशासन तक रास्ता नहीं निकाल पाये। सन 1968 में विद्यालय की स्थापना हुई थी। आजादी के बाद जरूरत को देखते हुए यहां उत्क्रमित मध्य विद्यालय कन्या खोला गया। जैसे-जैसे शिक्षा का स्तर बढ़ता गया और ग्रामीण छात्र और छात्राओं में आगे पढ़ने की ललक बढ़ने लगी, महिला सशक्तिकरण का नमूना इस गांव में देखने को मिलता है। गांव की लड़कियां हायर एजुकेशन के लिए गांव से बाहर भी पढ़ने जाती हैं। वहीं ग्रामीणों में इस बात की काफी खुशी हुई कि लड़कियां अब आठवां वर्ग तक गांव में ही पढ़ाई कर सकती हैं।

# महिला का शव कुएं से बरामद

**परिजनों ने ससुराल वालों पर लगाया हत्या का आरोप**

**पुलिस ने पति और उसके भाई को किया गिरफ्तार**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरही।** बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत चतरो गांव में एक दर्दनाक घटना घटी, जहां 22 वर्षीय महिला प्रीति कुमारी का शव अर्धनिर्मित कुएं से बरामद हुआ। मृतिका की पहचान प्रीति कुमारी पति अजीत यादव के रूप में की गयी है। घटना के बाद से इलाके में सनसनी फैल गयी है। वहीं परिजनों ने ससुराल वालों पर निर्मम हत्या का आरोप लगाया है। घटना की जानकारी देते हुए परिजनों ने बताया कि प्रीति कुमारी की शादी 22 अप्रैल को अजीत यादव पिता केशो महतो चतरो निवासी से हुई थी। शादी के चार महीने के भीतर ही यह दर्दनाक घटना घटित हुई। रविवार से ही महिला के गायब होने की सूचना ससुराल वालों ने मायके वालों को दी थी। इसके बाद रातभर मायके वालों ने उसकी खोजबीन की लेकिन कुछ पता नहीं चला। सोमवार की सुबह महिला का शव खेरा टील्हा अडवार के पास एक अर्धनिर्मित कुएं में मिला। शव मिलने के बाद परिजन और ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे और वहां का दृश्य देखकर स्तब्ध रह गये। शरीर पर जले हुए का निशान मिलने के बाद परिजनों का गुस्सा भड़क उठा और उन्होंने ससुराल वालों पर निर्मम हत्या का आरोप लगाया। घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस हादसे के बाद मृतिका के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और वे न्याय की मांग कर रहे हैं। इस मामले में भाजपा नेता गणेश यादव ने पुलिस प्रशासन से निष्पक्ष जांच की मांग की है। उन्होंने दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की अपील की है ताकि पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मृतक के पति अजीत यादव और उसके भाई नरेश यादव को गिरफ्तार कर लिया है। मौके पर सीओ रामनरायण खलखो, इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी आभास कुमार, जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव, भाजपा नेता गणेश यादव, रंजीत यादव, पुलिस अवर निरीक्षक सुशील कुमार समेत अन्य ग्रामीण व परिजन मौजूद थे।

# बड़कागांव में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम हो रहा है प्रभावित

**मुखिया, पंचायत सेवक और रोजगार सेवक हड़ताल पर, कई आवेदन लंबित**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बड़कागांव।** प्रखंड के सभी पंचायतों में बारी-बारी से झारखंड सरकार का सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसकी उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर विधायक अंबा प्रसाद, प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल और अंचलाधिकारी बालेश्वर राम के द्वारा बड़े तामझाम के साथ संयुक्त रूप से किया गया। वही प्रखंड के सभी पंचायत के मुखिया से लेकर पंचायत सेवक और रोजगार सेवक हड़ताल पर होने के कारण पंचायतों में कामकाज पर सीधा असर दिख रहा है। पंचायतों के कई महत्वपूर्ण कार्य ठप हैं। आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम पर भी इसका असर पड़ रहा है, मुखियों के हड़ताल पर सरकार की कई महत्वपूर्ण योजनाओं के आवेदन आगे नहीं बढ़ पा रहे है। आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में शिकायतों के निबटारा के साथ प्रमाण पत्रों के लिए आवेदन लिये जा रहे हैं, लेकिन मुखिया की हड़ताल से काम प्रभावित हो रहा है। मनरेगा से संबंधित सभी कार्य ठप हैं, सबसे बड़ी बात यह है कि पंचायत भवनों में ही सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का संचालन हो रहा है। जिसमें मुखिया नहीं रहने के कारण पंचायत सचिव ही लाभुकों का सत्यापन पंचायत सचिव के काम नहीं करने से अबुआ आवास योजना सहित अन्य योजना उप मुखिया के स्तर पर सरकार आपके द्वार कार्यक्रम से जुड़े काम आगे बढ़ाये जा रहे हैं। ऐसे में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत लोगों से आवेदन लेकर उसे कंप्यूटर ऑपरेटर से अपलोड कराया जा रहा है। लेकिन बिना मुखिया के हस्ताक्षर के हर विभाग के आवेदन सिर्फ अपलोड हो रहे हैं, कोई काम नहीं हो रहा है, राज्यभर के रोजगार सेवक से लेकर मनरेगा के सारे कर्मी हड़ताल पर है, ऐसे में मनरेगा से संबंधित सभी कार्य ठप पड़ गये हैं।

## विस चुनाव की तैयारियों पर की गयी चर्चा



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह ने रांची में झारखंड के आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर गठित स्क्रीनिंग कमेटी के अध्यक्ष गिरीश चोड़ानकर और सदस्य प्रकाश जोशी से मुलाकात की। भेंट के दौरान राज्य में कांग्रेस पार्टी की आगामी चुनावी रणनीति और तैयारियों पर संक्षिप्त में चर्चा की गयी। बैठक में उपस्थित नेताओं ने इस बात पर सहमति व्यक्त की कि कांग्रेस पार्टी आगामी विधानसभा चुनाव में जनता के विश्वास और समर्थन से राज्य की अधिक से अधिक सीटों पर जीत हासिल करेगी। मुन्ना सिंह ने कहा की कांग्रेस पार्टी राज्य में एक मजबूत संगठन और कुशल नेतृत्व के साथ चुनावी मैदान में उतरेगी। इस अवसर पर कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे। मौके पर मुख्य रूप से चरका यादव, बेबी देवी, अभिषेक राज, रविकांत सिंह, गणेश मेहता, गोवर्धन गंझु, नरसिंह प्राजापति, मुकेश पासवान, छत्री गोप, रितेश तिवारी, रविन्द्र कुशवाहा, अरूण कुमार, फखरुद्दीन, अवध बिहारी गोप, मुकेश पासवान, जितू यादव, बृजेश सिंह समेत कई उपस्थित थे।

## सरकार आपके द्वार शिविर का आयोजन



**चलकुशा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के पंचायत सलैयडीह में आपकी सरकार आपके द्वार शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ बींस सुत्री अध्यक्ष सलीम अंसारी, जिप सदस्य सविता सिंह, बीडीओ सह सीओ निधि रजवार, बींस सुत्री उपाध्यक्ष मोइन उदीन, उपमुखिया चंपा देवी ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्ज्वलित प्रचलित कर और भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर पुष्प माला अर्पित कर किया। शिविर में मंईयां सम्मान योजना, अबुआ आवास, सर्वजन पेंशन योजना, इत्यादि संबंधित स्टॉल लगाये गये। शिविर में अबुआ आवास और मंईया सम्मान योजना ही छाया रहा। जिसमें शिविर में लोगों को पेंशन का निवारण किया गया। मौके पर गनेश प्रजापति, रूपेश कुमार, अंशु कुमार और काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## कृषक पाठशाला का आयोजन

**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के अचलजामु पंचायत के सिमरिया में खाद्य और पोषण सुरक्षा (एनएफएसएम) योजना अंतर्गत कृषक प्रक्षेत्र पाठशाला का आयोजन किया गया। कृषक प्रक्षेत्र पाठशाला में समेकित बिरसा ग्राम विकास योजना सह कृषक पाठशाला के कृषि विशेषज्ञ अखिलेश कुमार उपस्थित थे। कृषि विशेषज्ञ अखिलेश कुमार ने किसानों को कृषि से संबंधित विभिन्न जानकारी दी। उन्होंने कहा कि खरीफ मौसम में लगे मडुवा के उन्नत खेती, फसल निरीक्षण कीट व्याधि, बीमारियों से बचाव, आई पी एम/आइएनएम की जानकारी और खरीफ में लगे अन्य फसलों के संबंधित जानकारी मृदा जांच के लाभ निकाय गुड़ाई से लाभ और अन्य विषयों पर चर्चा किया गया। इस कार्यक्रम में आत्मा के प्रखंड तकनीकी प्रबंधक उमेश कुमार राणा, प्रखंड कृषक सलाहकार समिति के अध्यक्ष नरेश कुमार, कृषक मित्र सुखदेव प्रसाद यादव और अन्य प्रगतिशील कृषक उपस्थित हुए।

## केरेडारी में बांटे गये सोलर स्टडी लैंप





**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** एनटीपीसी की केरेडारी कोयला खनन परियोजना ने शिक्षा के क्षेत्र में एक सराहनीय पहल करते हुए सोमवार से स्कूल के बच्चों के लिए सोलर स्टडी लैंप वितरण अभियान की शुरुआत की है। इस अभियान के तहत परियोजना से प्रभावित क्षेत्रों के छात्रों को कुल 2700 सोलर स्टडी लैंप वितरित किये जायेंगे। इस मौके पर परियोजना प्रमुख शिव प्रसाद ने छात्रों को संबोधित करते हुए उन्हें उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित किया। श्री प्रसाद ने कहा सोलर स्टडी लैंप वितरण का उद्देश्य उन छात्रों को लाभ पहुंचाना है जो बिजली की समस्या के कारण अध्ययन करने में कठिनाई का सामना कर रहे हैं। इस मौके पर स्कूल के प्रधानाचार्य और शिक्षकों ने भी एनटीपीसी की इस पहल की सराहना की और कहा कि एनटीपीसी का यह कदम शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण योगदान है। इस अवसर पर केरेडारी परियोजना से अपर-महाप्रबंधक एसपी गुप्ता, मानव संसाधन विभाग से रोहित पाल और सीएसआर अधिकारी अल्का पांडा ने उपस्थित हो कर कार्यक्रम को सफल बनाया।

## जलसहिया धरना-प्रदर्शन को लेकर रांची रवाना



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** जलसहिया संघ झारखंड प्रदेश के बैनर तले 28 अगस्त से जलसहिया का धरना प्रर्दशन रांची में राजभवन के समक्ष जारी है धरना प्रर्दशन में बारी बारी से सभी जिलों से जलसहिया को शामिल होना है। इसी निमित्त बरकट्ठा प्रखंड जलसहिया संघ प्रखंड अध्यक्ष रेखा देवी कि अध्यक्षता में सभी जलसहिया झारखंड के हेमंत सरकार से पांच सुत्री मांगों को लेकर धरना प्रर्दशन के लिए रवाना हुए। उन्होंनें कहा अपने अधिकार के लिए आन्दोलन करना होगा तभी अपना हक मिल पायेगा, पुर्व कि भाजपा के रघुवर सरकार नें दस हजार रुपये प्रति माह देने का प्रावधान किया था साथ ही और सुविधा भी मिल रहा था हेमंत सरकार ने सारी सुविधा बंद कर जलसहिया बहनों के साथ अन्याय किया है आज जलसहिया भुखों मरने पर मजबुर है, हमारी मांगों को नहीं मानते है तो अनिश्चितकालीन धरना चलेगा। मौके पर सुनैना देवी, सोमा गुप्ता, दुलारी कुमारी, निशु देवी, नितु देवी, मंगरी देवी, तेतरी देवी, चिंता देवी, बैजन्ति देवी, मंजु देवी, पार्वती देवी, जूही पांडेय, बेबी देवी, मिलन देवी, सीमा देवी, भारती देवी, गीता देवी, कौशल्या देवी, कविता देवी, गुडिया देवी, ललीता देवी, मुन्नी देवी, चिंता देवी सहित बड़ी संख्या में जलसहिया शामिल थे।

## खेलो झारखंड 2024 -25 की प्रतियोगिता शुरू



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** झारखंड सरकार के द्वारा आयोजित खेलो झारखंड 2024 -25 का प्रखंड स्तरीय तीन दिवसीय प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी जवाहर प्रसाद और संचालन शिक्षक चेतलाल राम ने किया। मौके पर उपस्थित मुख्य अतिथि विधायक अंबा प्रसाद ने दीप प्रज्वलित कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। मौके पर विधायक ने कहा कि बच्चे कल के भविष्य हैं। बच्चे पढ़ाई के साथ खेल में भी अपना करियर का निर्माण कर सकते हैं। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को विधायक अंबा प्रसाद और उपस्थित अतिथियों के हाथों पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मौके पर जितेंद्र कुमार मंडल, जवाहर प्रसाद, विशेश्वर नाथ चौबे, प्रहलाद गुप्ता, अजय कुमार, धनंजय दास, अशोक कुमार, चेतलाल राम, अवधेश कुमार, रवि शंकर पाठक, राम लखन महतो, देवनाथ महतो, कमलेश श्रीवास्तव, दीपक राणा, श्रीकांत निराला, रवि कुमार नाग, देवेंद्र कुमार ,सागर गुप्ता, जमशेद अंसारी के अलावा कई लोग उपस्थित थे।

# एनडीए में समन्वय की कमी, तालमेल जरूरी

असम में विधानसभा के कामकाज से जुड़े एक फैसले पर जिस तरह से एनडीए के दो सहयोगी दलों ने तीखी प्रतिक्रिया जतायी है, उससे साफ है कि सत्तारूढ़ गठबंधन में सहयोगी दलों के बीच आपसी तालमेल सुनिश्चित करने की कोई कारगर व्यवस्था नहीं हो पा रही है। जदयू नेता केसी त्यागी के प्रवक्ता पद से दिये गये इस्तीफे को भी तालमेल की इसी कमी का नतीजा माना जा रहा है।

**नमाज के लिए ब्रेक:** वैसे, असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के तीखे बयान जब-तब राष्ट्रीय सुर्खियों का हिस्सा बनते रहे हैं, लेकिन यह फैसला विधानसभा की कार्यवाही में शुक्रवार को दिये जाने वाले ब्रेक से जुड़ा है। मुस्लिम विधायकों की नमाज के मद्देनजर दो घंटे का ब्रेक देने की 1937 से चली आ रही परंपरा वहां समाप्त कर दी गयी। मुख्यमंत्री का कहना है कि हिंदू और मुस्लिम विधायकों ने साथ बैठकर यह फैसला किया है, लेकिन एनडीए के घटक दलों, जदयू और लोजपा (रामविलास) ने संविधान में दी गयी धार्मिक आजादी का उल्लंघन बताते हुए इसकी आलोचना की।

**राष्ट्रीय मसलों पर मतभेद:** राष्ट्रीय गठबंधन के सदस्य दलों का एक राज्य सरकार के फैसले पर आपत्ति करना ध्यान जरूर खींचता है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि राष्ट्रीय मुद्दों पर इन दलों में सहमति है। अभी हाल ही में इन्हीं सहयोगी दलों के तीखे विरोध के कारण केंद्र सरकार को लैटरल एंट्री पर अपने कदम पीछे खींचने पड़े थे। जाति जनगणना इन दलों के बीच मतभेद का एक बड़ा मुद्दा पहले से बना हुआ है। हाल में जदयू के वरिष्ठ नेता केसी त्यागी ने कुछ पूर्व और मौजूदा सांसदों के उस संयुक्त बयान पर भी हस्ताक्षर कर दिये, जिसमें भारत सरकार से इस्राइल को हथियारों की कथित सप्लाई बंद करने को कहा गया था।

**असम के विधानसभा में नमाज के ब्रेक को समाप्त करने के फैसले के कारण एनडीए के दो सहयोगी दलों जदयू और लोजपा (रामविलास) ने तीखी प्रतिक्रिया जतायी है। दलों का मानना है कि यह धार्मिक आजादी का उल्लंघन है। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा का कहना है कि यह फैसला हिंदू और मुस्लिम विधायकों की सहमति से लिया गया है।**

**बदले गये प्रवक्ता:** हालांकि इसके बाद पार्टी के प्रवक्ता पद से त्यागी का इस्तीफा आ गया और पार्टी ने उनकी जगह नये प्रवक्ता की घोषणा भी तत्काल कर दी। इससे स्पष्ट है कि जदयू नेतृत्व भी एक हद से ज्यादा आक्रामकता की इजाजत नहीं देना चाहता। लेकिन यह प्रकरण इतना तो स्पष्ट कर ही देता है कि एनडीए से जुड़े दलों के बीच विभिन्न मसलों पर भेद-मतभेद दूर करने के लिए नियमित बातचीत की कोई व्यवस्था नहीं बन पायी है और न ही अपने मतभेदों को सार्वजनिक तौर पर व्यक्त करने को लेकर स्पष्ट आपसी समझ विकसित हो सकी है।

**तालमेल की जरूरत:** आपसी तालमेल की इसी कमी के चलते केंद्र सरकार को न केवल लैटरल एंट्री से जुड़ा यूपीएससी का विज्ञापन वापस लेना पड़ा बल्कि वक्फ संशोधन विधेयक भी संयुक्त संसदीय समिति को भेजना पड़ा। ऐसे कदम सरकार और सत्तारूढ़ गठबंधन की स्थिरता को लेकर कोई अच्छा संदेश नहीं देते।

**अस्थिरता का खतरा:** सत्तारूढ़ गठबंधन में विभिन्न मुद्दों पर उभरे मतभेद भारतीय लोकतंत्र के लिए भी खतरे का संकेत है, क्योंकि विकास की राह पर आगे बढ़ता देश एक बार फिर राजनीतिक अस्थिरता का दौर नहीं झेल सकता है। इसलिए समय की मांग यही है कि एनडीए के सभी घटक दल आपस में समन्वय मजबूत करें।

अभिमत
आजाद सिपाही

**अभी बहुत दिन नहीं हुआ, जब पश्चिम बंगाल के संदेशखाली से भी महिलाओं से बलात्कार की खबरें सामने आयी थीं। वहां की घटना की जब परतें खुलने लगीं, तो पता चला कि रेप की घटनाएं अपराध और राजनीति के नापाक गठजोड़ का नतीजा हैं। भद्रलोक के प्रदेश में महिला विरोधी अपराध की ये कहानियां देश-दुनिया को यह सोचने पर विवश करती हैं कि आखिर इस बौद्धिक भूमि को कौन सा रोग लग गया है।**

# महिला विरोधी अपराध के दलदल में भद्रलोक

**उमेश प्रसाद**




**बंकिम** चंद्र की शस्य श्यामला माटी वाला पश्चिम बंगाल शक्ति पूजक समाज है। शरद ऋतु के स्वागत के साथ बंगाल की धरती दुर्गा के स्वागत में हर साल विभोर होती रही है। बंगाल में महिलाओं का सम्मान की कैसी परंपरा है, इसे समझने के लिए दुर्गा पूजा के विधान को समझना चाहिए। जहां मूर्ति बनाने के लिए उन वेश्याओं के घर से पहली मिट्टी लायी जाती है, जिन्हें आम तौर पर समाज त्याज्य और गंदा मानता है। बंगाल की धरती कैसी नारी पूजक रही है, किस तरह वह नारियों का सम्मान करती रही है, इसके उदाहरण आजादी के आंदोलन के इतिहास में जैसे मिलते हैं, अन्य राज्यों में कम। स्वाधीनता संग्राम में जिन तीन महिलाओं ने आगे बढ़कर हिस्सा लिया और अपने ज्ञान और संघर्ष से भारत को आलोकित किया, वे तीनों बंगाल की बेटियां थी। पहली थीं अरुणा गांगुली, जो बाद में अरुणा आसफ अली बनीं। दूसरी थीं सुचेता मजूमदार जो बाद में सुचेता कृपलानी के नाम से प्रसिद्ध हुईं। तीसरीं थीं सरोजिनी चट्टोपाध्याय. जो बाद में भारत कोकिला सरोजिनी नायडू बनीं। बंगाल की माटी नारी की कितना सम्मान करती रही है, उसका एक और उदाहरण कमला देवी चट्टोपाध्याय भी रहीं। जब भारत के अन्य इलाकों की महिलाएं घूंघट के पीछे सिर्फ परिवार के कोल्हू में पिस रहीं थीं, तब बंगाल ने अपनी बेटियों को वाजिब सम्मान दिया और उन्हें आगे बढ़ाया। उस बंगाल में कभी महिलाओं के साथ बदसलूकी की कल्पना तक नहीं की जाती थी। वहां अब हालात कैसे बदल गये हैं, इसका अंदाजा लगाने के लिए राधागोविंद कर अस्पताल में हुई घटना को उदाहरण के रूप में लिया जा सकता है।

**पुलिस का भरोसा अगर बना रहता तो शायद पश्चिम बंगाल में अपराध की घटनाएं इतनी ज्यादा नहीं बढ़तीं।**

समूचा देश अपनी आजादी की 77वीं सालगिरह के जश्न में थक कर पंद्रह अगस्त की रात जब मीठी नींद के आगोश में था, भद्रलोक की राजधानी कोलकाता के राधागोविंद कर यानी आरजी कर अस्पताल में जूनियर रेजिडेंट डॉक्टर की बर्बरतापूर्वक रेप के बाद हत्या कर दी गयी। बंगाल में देर रात तक दफ्तर से लौटने वाली लड़कियों की कभी घरवाले चिंता तक नहीं करते थे, अब वे परेशान हो उठे हैं। बंगाल के लोग अपनी बच्चियों के लिए चिंतित हो उठे हैं। बंगाल की धरती पर शायद यह पहली ऐसी घटना है, जिसमें किसी महिला के साथ ऐसी बर्बरता की गयी है।

**पश्चिम बंगाल की कड़वी सच्चाई बांग्लादेश से हो रही अवैध घुसपैठ है। अवैध घुसपैठियों के समर्थन में बीजेपी छोड़ तकरीबन समूचा बंगाली राजनीति है। 34 साल के वामपंथी शासन के दौरान इस घुसपैठ को वैधता मिली। वामपंथी शासन व्यवस्था के दौरान पार्टी कैडर के नाम पर बड़ा झुंड उभरा। सरकार पर संगठन का नियंत्रण होना चाहिए, लोकतांत्रिक व्यवस्था में इसे स्वीकार किया जा सकता है।**

इससे शक्तिपूजक बंगाली समाज का क्रोध और क्षोभ से भरना स्वाभाविक है। दिलचस्प यह है कि पश्चिम बंगाल इकलौता ऐसा राज्य है, जिसे महिला मुख्यमंत्री का गौरव हासिल है। महिला के राज में किसी महिला के साथ ऐसा दुराचार लोगों के गले आसानी से नहीं उतर रहा। इसलिए बंगाल इन दिनों खौल रहा है। बंगाल के चुनिंदा बुद्धिजीवियों को छोड़ दें, तो समूचा बौद्धिक समाज सड़कों पर उतर आया है। जो चुप हैं या व्यवस्था की तरफदारी कर रहे हैं, वे सत्ताधारी पार्टी के साथ हैं, सांसद या किसी अन्य पद पर हैं।

अभी बहुत दिन नहीं हुआ, जब पश्चिम बंगाल के संदेशखाली से भी महिलाओं से बलात्कार की खबरें सामने आयी थीं। वहां की घटना की जब परतें खुलने लगीं, तो पता चला कि रेप की घटनाएं अपराध और राजनीति के नापाक गठजोड़ का नतीजा हैं। संदेशखाली को लेकर बंगाली समाज में उबाल तो आया, लेकिन वैसा नहीं, जैसा आरजी कर अस्पताल की दुराचार के बाद दिख रहा है। शायद संदेशखाली की पीड़िताएं ग्रामीण इलाकों की हैं, जबकि आरजी कर की घटना उस कोलकाता शहर की है, जिसे भद्रलोक समाज के लिए जाना जाता है।

पश्चिम बंगाल की कड़वी सच्चाई बांग्लादेश से हो रही अवैध घुसपैठ है। अवैध घुसपैठियों के समर्थन में बीजेपी छोड़ तकरीबन समूचा बंगाली राजनीति है। 34 साल के वामपंथी शासन के दौरान इस घुसपैठ को वैधता मिली। वामपंथी शासन व्यवस्था के दौरान पार्टी कैडर के नाम पर बड़ा झुंड उभरा। सरकार पर संगठन का नियंत्रण होना चाहिए, लोकतांत्रिक व्यवस्था में इसे स्वीकार किया जा सकता है। लेकिन संगठन की ओर से समानांतर व्यवस्था चलाना और शासन में हर स्तर पर हस्तक्षेप शासन की निष्पक्षता को तो खत्म करता ही है, शासन को पंगु भी बना देता है। प्रांत से लेकर ब्लॉक स्तर तक स्थापित वामपंथी व्यवस्था ने ऊपर से नीचे तक प्रशासन को अपना गुलाम बनाने में कामयाब रहा। प्रशासन और समानांतर पार्टी व्यवस्था ने मिलकर अपराध और राजनीति का मजबूत गठजोड़ बनाया। इस गठजोड़ में पैसा था, पावर था, ताकत थी। नीचे से मिले पैसे उपर तक पहुंचते रहे। जनता ठगी जाती रही। पश्चिम बंगाल का समाज उस संस्थानिक व्यवस्था से इतना परेशान था कि संघर्षशील ममता बनर्जी में नयी उम्मीद दिखी। बंगाली समाज को लगा कि संघर्षशील ममता नयी बयार बन कर पश्चिम बंगाल की व्यवस्था में जमी काई को साफ कर देंगी। उन्हें उम्मीद थी कि ममता अपने राजनीतिक औजारों से बंगाल की व्यवस्था में जमे नासूर को साफ कर देंगी। लेकिन अफसोस ऐसा नहीं हुआ। ममता भी उसी कदम पर चल पड़ीं। निचले स्तर पर जो वामपंथी कैडर था, वह ममता का कार्यकर्ता बन गया। अवैध घुसपैठ बनती रही। घुसपैठियों या पूर्वी बंगाल के लोगों को पश्चिम बंगाल को लोग बांगाल बोलते हैं। कहने का मतलब यह है कि बांगाल के हवाले होती रही राजनीति और सीमा के पार तक के अल्पसंख्यक तुष्टिकरण से प्रशासन लगातार या तो पंगु होता गया या फिर सत्ताधारी तंत्र का चारण बनता गया। प्रशासन का यह चारण रूप 16 अगस्त को भी दिखा, जब आरजी कर की पीड़िता की रिपोर्ट साढ़े 11 बजे रात को दर्ज की गयी, जबकि उसके साथ बलात्कार और उसका मर्डर पंद्रह अगस्त की रात को दो से ढाई बजे के बीच हो चुका था। इसे सुप्रीम कोर्ट ने भी नोटिस किया और कोलकाता पुलिस को डांट भी पिलायी। सुप्रीम कोर्ट के जजों ने तो यहां तक कहा कि अपने तीस साल में ऐसा कभी होते नहीं देखा।

पश्चिम बंगाल में ही हो सकता है कि भ्रष्टाचार के आरोप में पुलिस अधिकारी के घर केंद्रीय एजेंसी छापा मारने पहुंचे, तो मुख्यमंत्री खुद सदल-बल अपने भ्रष्ट अधिकारी के पक्ष में धरना देने पहुंच जायें। कुछ इसी अंदाज में ममता की अगुवाई में कोलकाता में बलात्कार और कत्ल की घटना के विरोध में धरना दिया गया। कह सकते हैं कि यह सरकार के खिलाफ सरकार का धरना था। ऐसा दुनिया के किसी भी लोकतांत्रिक समाज में कम से कम अब तक तो नहीं ही देखा गया है। ममता ने चूंकि प्रशासन में किसी तरह का गुणात्मक बदलाव नहीं किया, बल्कि वामपंथ जैसी कैडर व्यवस्था विकसित कर ली और उसे छूट दी। अल्पसंख्यक कार्यकर्ताओं और नेताओं के सामने स्थानीय पुलिस झुकने को मजबूर हो गयी। इससे राज्य में अपराध बढ़ा और पुलिस का इकबाल कम हुआ। पुलिस का भरोसा अगर बना रहता तो शायद पश्चिम बंगाल में अपराध की घटनाएं इतनी ज्यादा नहीं बढ़तीं। पुलिस की लाचारगी तो आरजी कर बलात्कार कांड में बार-बार नजर आयी है।

बंगाल के बारे में कहा जाता रहा है कि बंगाल जो आज सोचता है, वैसी सोच भविष्य में दूसरे राज्यों की होती है। लेकिन बलात्कार और बढ़ती अपराध की घटनाओं को लेकर नहीं कह सकते कि बंगाल से बाकी राज्यों में उससे ज्यादा हो सकता है। ऐसी सोच होनी भी नहीं चाहिए। लेकिन यह उम्मीद जरूर करनी चाहिए कि आगे की सोच रखने वाला भद्रलोक इस दिशा में भी सोचेगा। उसका गुस्सा एक ऐसे बंगाल की रचना करेगा, जहां की धरती में रवींद्र संगीत गूंजता रहेगा, जहां बंकिम के गीत गाये जाते रहेंगे। जहां उसकी नारियां स्वाधीन ढंग से काम कर सकेंगी और समाज में निर्भीक तरीके से आगे बढ़ सकेंगी। जिसमें सिंदूर खेला होगा, घुंघुंची नृत्य होगा, दुर्गा देवी की पूजा होगी।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं।)**

## देश-विदेश की खबरें

# मुंबई-इंदौर के बीच 309 किमी लंबी नयी रेलवे लाइन परियोजना को मंजूरी

**केंद्र सरकार का दो प्रमुख व्यावसायिक केंद्रों को जोड़ने की दिशा में बड़ा कदम**

**18 हजार करोड़ की परियोजना 2028-29 तक पूरी हो जायेगी**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीइए) ने रेल मंत्रालय के तहत 18036 करोड़ रुपये (लगभग) की कुल लागत वाली नयी रेलवे लाइन परियोजना को मंजूरी दे दी है। इंदौर और मनमाड के बीच प्रस्तावित नयी लाइन सीधा संपर्क प्रदान करेगी और गतिशीलता में सुधार करेगी, जिससे भारतीय रेलवे के लिए बेहतर दक्षता और सेवा विश्वसनीयता सुनिश्चित होगी। यह परियोजना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नये भारत की कल्पना के अनुरूप है, जो क्षेत्र में व्यापक विकास के माध्यम से लोगों को आत्मनिर्भर बनायेगी, जिससे उनके लिए रोजगार/स्वरोजगार के अवसर बढ़ेंगे। यह परियोजना मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी के लिए पीएम-गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान का परिणाम है, जो एकीकृत योजना के माध्यम से संभव हुआ है और लोगों, वस्तुओं और सेवाओं की आवाजाही के लिए निर्बाध संपर्क प्रदान करेगा। यह परियोजना दो राज्यों, महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश के छह जिलों को कवर करेगी, जिससे भारतीय रेलवे के मौजूदा नेटवर्क में लगभग 309 किलोमीटर की वृद्धि होगी। इस परियोजना के साथ 30 नये स्टेशन बनाये जायेंगे, जिससे आकांक्षी जिले बड़वानी को बेहतर संपर्क मिलेगा। नयी रेलवे लाइन परियोजना से लगभग एक हजार गांवों और लगभग 30 लाख आबादी को संपर्क मिलेगा। परियोजना देश के पश्चिमी/दक्षिण-पश्चिमी हिस्से को मध्य भारत से जोड़ने वाला छोटा रास्ता उपलब्ध कराकर क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देगी। इससे श्री महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर सहित उज्जैन-इंदौर क्षेत्र के विभिन्न पर्यटन/धार्मिक स्थलों पर पर्यटकों की संख्या बढ़ेगी। परियोजना से पीथमपुर ऑटो क्लस्टर (90 बड़ी इकाइयां और 700 छोटे और मध्यम उद्योग) को जेएनपीए के गेटवे पोर्ट और अन्य राज्य बंदरगाहों से सीधा संपर्क मिलेगा। परियोजना मध्य प्रदेश के बाजरा उत्पादक जिलों और महाराष्ट्र के प्याज उत्पादक जिलों को भी सीधा संपर्क प्रदान करेगी, जिससे देश के उत्तरी और दक्षिणी हिस्सों में इसके वितरण में सुविधा होगी। कृषि उत्पादों, उर्वरक, कंटेनर, लौह अयस्क, इस्पात, सीमेंट, पीओएल आदि जैसी वस्तुओं के परिवहन के लिए यह एक आवश्यक मार्ग है। क्षमता वृद्धि कार्य के परिणामस्वरूप लगभग 26 एमटीपीए (मिलियन टन प्रति वर्ष) की अतिरिक्त माल ढुलाई होगी। रेलवे पर्यावरण अनुकूल और ऊर्जा कुशल परिवहन का साधन है, जो जलवायु लक्ष्यों को प्राप्त करने और देश की रसद लागत को कम करने, तेल आयात (18 करोड़ लीटर) को कम करने और कार्बनडाइ-ऑक्साइड उत्सर्जन (138 करोड़ किलोग्राम) को कम करने में मदद करेगा जो 5.5 करोड़ पेड़ लगाने के बराबर है।

# केजरीवाल और आतिशी को हाइकोर्ट का झटका 'मुस्लिम-बनिया' वाला दावा बना गले की फांस

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, उनकी मंत्री आतिशी और अन्य आप नेताओं को नया झटका लगा है। दिल्ली हाइकोर्ट ने इनके खिलाफ दर्ज आपराधिक मुकदमे को रद्द करने से इनकार कर दिया है। केजरीवाल ने भाजपा नेता राजीव बब्बर की ओर से 2019 में दर्ज कराये गये मुकदमे को रद्द करने की मांग करते हुए हाइकोर्ट में याचिका दायर की थी। बब्बर ने अरविंद केजरीवाल और आतिशी समेत अन्य आप नेताओं को भाजपा को बदनाम करने का आरोप लगाते हुए मानहानि का मुकदमा दर्ज कराया था। उन्होंने केजरीवाल और आतिशी के उस दावे को लेकर ऐसा किया, जिसमें आप नेताओं ने भाजपा पर आरोप लगाया था कि पार्टी ने दिल्ली में मतदाता सूची से 30 लाख नाम हटा दिये, जिनमें मुख्यतौर पर 'बनिया, मुस्लिम' समुदाय के लोग हैं। भाजपा नेता ने केजरीवाल और आतिशी के अलावा सुशील कुमार गुप्ता और मनोज कुमार के खिलाफ शिकायत की थी। बार एंड बेंच के मुताबिक, जस्टिस अनूप कुमार मेंदीरत्ता ने कहा कि लोकतंत्र में जनता को सच और सही सूचना जानने का अधिकार है, लेकिन राजनेताओं की ओर से कीचड़ उछाले जाने की अनुमति नहीं दी जा सकती है। मौजूदा केस में आम आदमी पार्टी की ओर से भाजपा पर लगाए गए आरोप मानहानिकारक हैं और बीजेपी को बदनाम करके राजनीतिक बढ़त हासिल करने के उद्देश्य से लगाये गये। बब्बर ने अदालत को बताया कि आप नेताओं ने दिसंबर 2018 में एक प्रेस कांफ्रेंस की और आरोप लगाया कि भाजपा के कहने पर करीब 30 लाख बनिया, पूर्वांचली और मुस्लिम वोटरों के के नाम चुनाव आयोग ने मतदाता सूची से निकाल दिये। बब्बर ने कहा कि मतदाता सूची से नाम हटाये जाने के आरोप से उनकी पार्टी की छवि धूमिल हुई। मजिस्ट्रेट ने केजरीवाल और अन्य के खिलाफ मार्च 2019 में समन जारी किया था।

# स्वाति मालीवाल केस में केजरीवाल के करीबी विभव को सुप्रीम कोर्ट ने दी जमानत

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के करीबी विभव कुमार को सुप्रीम कोर्ट ने जमानत दे दी है। विभव राज्यसभा सांसद स्वाती मालीवाल पर कथित हमले के आरोप में जेल में बंद थे। सर्वोच्च अदालत ने आदेश दिया है कि जब तक सभी प्रमुख गवाहों से पूछताछ नहीं हो जाती, तब तक विभव कुमार केजरीवाल के निजी सचिव के तौर पर काम नहीं करेंगे और ना ही मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास में घुसेंगे। कोर्ट ने गवाहों की गवाही होने तक इस मामले पर बोलने के लिए मना किया है। अदालत ने विशेष अदालत को तीन हफ्ता के भीतर इस मामले को पूरा करने के लिए कहा है। साथ ही इस दौरान विभव को किसी भी तरह का आधिकारिक पद लेने से रोक दिया है।

# कांग्रेस सत्ता में आयी, तो राहुल पीएम बनने के 100 पर्सेंट हकदार: अभिषेक मनु सिंघवी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्य अभिषेक मनु सिंघवी ने सोमवार को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की जम कर तारीफ की। उन्होंने कहा कि वह बेहद गंभीरता के साथ कई मुद्दों पर काम कर रहे हैं और समर्पण दिखा रहे हैं। कांग्रेस की सरकार बनने पर राहुल गांधी प्रधानमंत्री पद के लिए शत प्रतिशत हकदार होंगे। सिंघवी ने यह भी कहा कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष की संजीदगी से सभी लोग परिचित हो गये हैं और लोगों को यह विश्वास हो गया है कि उनकी करनी और कथनी में फर्क नहीं है। उन्होंने कहा, जो लोग राहुल गांधी का मजाक बनाते थे, वो आज किस तरह से सहमे हुए हैं। राहुल गांधी दोहरी बात नहीं करते, वह मुद्दों पर बात करते हैं। वह संजीदा हैं। अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि आज हर तबके तक उनकी गंभीरता पहुंच गयी है, सबने सही पहचान कर ली है। उनके मुताबिक लोगों को विश्वास हो गया है कि राहुल गांधी जो कहते हैं, वह करते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसा देश के प्रधानमंत्री के बारे में बात करेंगे तो उलट बात होगी। राहुल गांधी की प्रतिष्ठा और गंभीरता पर सिंघवी ने कहा कि यह सब उनका कमाया हुआ है और अगर कांग्रेस सत्ता में आती है तो क्या कोई उन्हें अनदेखा कर सकता है? यह पूछे जाने पर कि क्या राहुल गांधी भविष्य के प्रधानमंत्री हैं तो उन्होंने कहा, कांग्रेस जब भी सत्ता में आती है तो 100 फीसदी।

# पाकिस्तान ने ड्रोन से सांबा में गिराये हथियार, बीएसएफ ने किया बरामद

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जम्मू।** पाकिस्तान की सीमा से सटे जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले में बीएसएस ने हथियार और गोला-बारूद बरामद किये हैं। बीएसएफ के अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा बलों ने सोमवार को हथियार और गोला बारूद के पैकेट जब्त किये हैं। इन हथियारों को पाकिस्तानी ड्रोन के जरिये सांबा जिले के रामगढ़ सेक्टर में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर गिराये जाने का संदेह है। अधिकारियों ने कहा कि हमें खुफिया जानकारी मिली थी कि इस यहां पर हथियारों की तस्करी करने की कोशिश की जा सकती है।

बीएसएफ और एसओजी सहित सुरक्षाबलों ने सोमवार सुबह सीमा के पास रामगढ़ इलाके से तीन पिस्तौल और कुछ गोला-बारूद बरामद किया।

बीएसएफ के मुताबिक इस पूरे इलाके में सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया गया है। स्थानीय पुलिस को भी अलर्ट पर रखा गया है। दरअसल, पाकिस्तान की तरफ से पिछले कुछ सालों से भारत में तस्करी करने के लिए ड्रोन का इस्तेमाल करना शुरू कर दिया है। सुरक्षा एजेंसियों के मुताबिक पाकिस्तान की तरफ से गोला-बारूद, हथियार या फिर ड्रग्स को भारत में भेजने के लिए अधिक ऊंचाई पर उड़ने वाले ड्रोन का इस्तेमाल किया जा रहा है।

आजाद सिपाही

रांची, मंगलवार, 03 सितंबर, 2024

www.azadsipahi.in




## दुकान का ग्रिल तोड़कर हजारों की चोरी



**भंडरा (आजाद सिपाही)।** भंडरा थाना क्षेत्र के सेगरा टोली स्थित सिंह होटल में बीती रात अज्ञात चोर ने ग्रिल का ताला तोड़कर दुकान में रखें इनवर्टर बैटरी गैस सिलेंडर सहित 50000 की सामान चोरी कर लिया। चोरी की जानकारी सोमवार को दुकान खोले जाने के दौरान हुई। चोरी की घटना के बाद पीड़िता संजू सिंह ने इसकी जानकारी भंडरा थाना पुलिस को दी है। संजू सिंह ने पुलिस को दिए आवेदन में कहा है कि विगत एक सप्ताह से दुकान बंद था। जिसे रविवार को खोलने के लिए दुकान पहुंची थी। तभी दुकान में चोरी होने की जानकारी हुई है। घटना के बाद भंडरा थाना जांच पड़ताल में जुट गयी है।

## सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का लाभ उठायें : जिप सदस्य



**भंडरा (आजाद सिपाही)।** सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत सोमवार को भंडरा पंचायत के भंडरा बाजार टाड़ में शिविर लगाया गया। शिविर में सैकड़ों नागरिकों की भीड़ देखने को मिली मौके पर योजनाओं के तहत नागरिकों को ऑन द स्पॉट लाभ दिया गया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि जिप सदस्य राजमनी उरांव, बीस सूत्री उपाध्यक्ष सह कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष जुगल भगत, बीडीओ प्रतिमा कुमारी, सीओ दुर्गा कुमार, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष परवेज अंसारी ने शिविर का उद्घाटन किया। मौके पर जिप सदस्य राजमनी उरांव ने कहा कि पूरे राज्य में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार शिविर का शुभारंभ हुआ है। राज्य में चौथी बार इस तरह के शिविर लगाये जा रहे हैं। कैंप में शामिल होकर जनता सरकारी योजनाओं का लाभ उठायें। जुगल भगत ने कहा की सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचें यही सरकार की सोच है। ग्रामीण सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लें।

## वनवासी कल्याण केंद्र महिला समिति का पुनर्गठन



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** वनवासी कल्याण केंद्र के सभागार में लोहरदगा नगर महिला समिति का पुनर्गठन किया गया। बैठक में झारखंड प्रांत महिला समिति के सहसचिव सुमन राय के अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुआ। बैठक में वनवासी कल्याण केंद्र लोहरदगा जिला के अध्यक्ष कलावती देवी के द्वारा नवीन समिति के घोषणा किया गया जिसमे अध्यक्ष सुमन राय, उपाध्यक्ष रीता अग्रवाल, सचिव संगीता मित्तल, सहसचिव समिति नम्रता भगत, कोषाध्यक्ष अंशु खत्री एवं रश्मि अग्रवाल, संपर्क प्रमुख अंजलि अग्रवाल, सदस्य के रूप में मंजू जायसवाल, रेनू अग्रवाल, लक्ष्मी गोयल, शीतल काश्यकार, शशिलता नाथ, कनक अग्रवाल, निर्मल वर्मा तथा संरक्षक के रूप में किरण देवी के नाम की घोषणा किया गया। नवीन नगर महिला समिति द्वारा वनवासी कल्याण केंद्र लोहरदगा के भोजनालय के उपयोग हेतु एक सेंटर टेबल एवं एक गैस चूल्हा प्रदान किया गया। बैठक में प्रांत नगरीय कार्य प्रमुख प्रमोथ नाथ, केंद्र प्रमुख वीरेंद्र शर्मा, बंसीलाल बडाईक, सह जिला संगठन मंत्री मंगल उराव, कृपा प्रसाद सिंह समेत अन्य मौजूद थे।

# झारखंड का संपूर्ण विकास भाजपा ही कर सकती है : गणेश मिश्रा

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** झारखंड में बनने वाली गैर भाजपा की सरकारों में राज्य को सिर्फ लूटने का काम किया है। भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिला है, राज्य में अराजकता फैली है। विकास अवरुद्ध हुआ है। चोरी डकैती, हत्या लूट- मार, महिलाओं पर अत्याचार, बलात्कार जैसे अपराध बढ़े है। रोहंगिया मुसलमानो के अवैध घुसपैठ में जैसे बाढ़ सी आ गयी है। उक्त बातें भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मंत्री सह दक्षिनी छोटानागपुर प्रमंडल प्रभारी गणेश मिश्रा ने कही। उन्होंने कहा कि राज्य का संपूर्ण विकास सिर्फ भाजपा की सरकार ही कर सकती है। वर्तमान हेमंत सोरेन की गठबंधन सरकार पर हमला करते हुऐ कहा कि सरकार गठन के 58 महीने सरकार को महिलाओं की चिंता नही हुई। इस सरकार ने अपने घोषणा पत्र का 10 प्रतिशत भी योजना पूरा नही किया। उन्होंने कहा कि बंगला देशी रोहंगिया मुसलमान राज्य में अवैध घुसपैठ कर महिलाओ के साथ अत्याचार कर रहे है और सरकार वोट बैंक को लेकर उनका साथ दे रही है। जिला प्रभारी सह प्रदेश मंत्री सुनीता सिंह ने कहा कि वर्तमान हेमंत की सरकार झारखंड को कुरूप प्रदेश बना दिया है। इसे विकसित राज्य बनाने के लिए भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाना जरूरी है।

जिला अध्यक्ष मनीर उरांव ने अतिथिओं का स्वागत करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी में कार्यकर्ता सर्वोपरि है। जिनके बल पर हम चुनाव मैंदान में लड़ाई लड़ते हैं। उन्होंने कहा कि योजना बद्ध तरीके से विधानसभा चुनाव लड़ेंगे और चनाव जीतेंगे। बैठक में पूर्व विधायक रमेश उरांव, एसटी मोर्चा के प्रदेश महामंत्री बिंदेश्वर बेक, राजकिशोर महतो, राकेश प्रसाद, राजमोहन राम, कलावती देवी समेत अन्य मौजूद थे।




### मंडल प्रभारी बनाये गये

बैठक में विधानसभा चुनाव को लेकर मंडल प्रभारी बनाये गए। इनमे सेन्हा मंडल-बाल कृष्णा सिंह, कुडू मंडल-जगनन्दन पौराणिक, किसको मंडल-संजय कुमार, कैरो मंडल-राजकिशोर साहू, भंडरा मंडल-अजय पंकज, पेशरार मंडल-मिथुन तमेडा, लोहरदगा - नवीन कुमार टिंकू, लोहरदगा ग्रामीण-पशुपति नाथ पारस को बनाया गया।

### सिठियो मुखिया दर्जनों समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल

सीठीयो मुखिया शोभा देवी ने सोमवार को अपने दर्जनों समर्थको के साथ जिला कार्यालय में आयोजित बैठक में भाजपा में शामिल हुई।जिन्हें जिला प्रभारी सह प्रदेश मंत्री सुनीता सिंह व जिला अध्यक्ष मनीर उराव ने पार्टी का पट्टा पहना कर व पुष्पगुच्छ दे कर भाजपा में शामिल किया।

# चहारदीवारी निर्माण का जिप अध्यक्ष ने किया निरीक्षण, गड़बड़ी पर जतायी नाराजगी

डिम्पल राजा

**मनिका/ लातेहार (आजाद सिपाही)।** मनिका प्रखंड के दुंदु पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय दुंदु चार दिवारी का निर्माण कार्य किया जा रहा है। इसमें घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा है। इसका सूचना मिलने पर ग्रामीणों के शिकायत पर जिला परिषद सदस्य पूनम देवी एनआरइपी विभाग के चार दीवारी निर्माण कार्य में संवेदक के द्वारा मनमानी किये जाने पर पहुंची। जानकारी के अनुसार ग्रामीणों ने बताया कि चार दीवारी निर्माण कार्य में ठेकेदार मनमर्जी से काम कर रहा है। मना करने के बावजूद भी घटिया सामग्री बांग्ला ईट कलम की बुनियादी भी कम है। वही मजदूरों ने कहा कि संवेदक के द्वारा सरकारी दर से हम लोग को मजदूरी भी नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकारी दर के अनुसार सभी मजदूरों को मजदूरी का भुगतान होना चाहिए। वहीं कई ग्रामीणों ने बताया कि साइड पर कभी जेइ आते नहीं है। कहीं ना कहीं विभाग का लापरवाही है। पूर्व में भी नामुदाग पंचायत के चेचेंधा गांव तुरी टोला चारदीवारी निर्माण में संवेदक का मनमानी किया गया था। दैनिक अखबार आजाद सिपाही में प्रमुखता से खबर छपी थी। खबर छपने के बाद संवेदक के द्वारा आनंद-फानन में काम करके निकल गया। इस तरह का अनियमितता को देखकर भी जिला प्रशासन पूरा तरह से मौन कहीं ना कहीं विभाग का लापरवाही देखी जा रही है।



वहीं मामला प्रकाश में आने के बाद निरीक्षण के दौरान जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी ने बताया कि ग्रामीणों के शिकायत पर एनआरइपी विभाग के चार दीवारी निर्माण में काफी अनियमितता बरती जा रही है। उन्होंने निरीक्षण के दौरान हो रहे अनियमितता पर नाराजगी जतायी। उन्होंने कहा कि एक से डेढ़ फीट गहराई कर पिलर खड़ा किया जा रहा है। घटिया ईट के साथ बांग्ला ईट का प्रयोग किया जा रहा है। जो सरासर गलत है। ग्रामीणों की जानकारी पर उन्होंने बताया कि संवेदक निर्माण कार्य में एक दिन विभाग के के जेई साइड का निरीक्षण करने नहीं आते हैं। संवेदक अपने मनमानी ढंग से चार दीवारी निर्माण का कार्य कर रहे हैं।

वहीं विभाग एनआरइपी विभाग के जेई के पास टेलीफोन के माध्यम से उनके पक्ष जानने का प्रयास किया गया तो उन्होंने फोन नहीं उठाया।

## मां और बेटा लापता, सनहा दर्ज



**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** चंदवा से महिला बेटा के साथ हुई लापता पति चिंतित हो सेन्हा थाना में कराया प्राथमिकी दर्ज विदित हो कि सेन्हा थाना क्षेत्र के चंदवा गांव से बीते माह 18 अगस्त 2024 को बसंती देवी अपने घर में बिना बताये 7 वर्षीय बच्चा के साथ गुस्सा में निकली थी। जिसका कोई सुराग नही मिलने पर चंदवा निवासी संजय खेरवार ने जानकारी देते हुए सेन्हा थाना में पत्नी व पुत्र का लापता होने का सनहा दर्ज कर सकुशल बरामद करने का प्रशासन से गुहार लगया है। संजय खेरवार ने बताया कि 17 अगस्त को देर रात अपने रिश्तेदार के घर हुड़मुड से लौटे तो घर मे पत्नी बसंती देवी को नही देखने पर अन्य सदस्यों से पूछताछ किया तो पता चला कि हुड़मुड से घर नही लौटी है। जबकि घर आने के लिये वह पहले ही हुड़मुड़ से निकली थी। जब 18 अगस्त को घर पहुंची तो पति ने फटकार लगाया। जिससे गुस्से में पत्नी 7 वर्षीय बच्चे के साथ बिना बताये घर से निकल कर कही चली गयी। जिसके बाद वह 1 सितम्बर 2024 को सेन्हा थाना में लिखित सूचना देते हुए सनहा दर्ज कराया।

## स्वच्छ भारत मिशन कार्यक्रम की शुरुआत



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** बरवाडीह प्रखंड के लेदगाई में संचालित संत कलारेट स्कूल प्रबंधन के द्वारा स्कूली छात्र छात्राओ के बीच 15 दिवसीय स्वच्छ भारत मिशन के तहत जागरूकता कार्यक्रम की शुरूआत की गयी। कार्यक्रम के तहत स्कूली छात्र छात्राओ को स्वछता की शपथ दिलाने के साथ जागरूक करने को लेकर नुकड़ नाटक, गीत, नृत्य और बैनर पोस्टल के माध्यम से जागरूक करते स्वच्छ भारत मिशन कार्यक्रम को सफल बनाने में भागीदारी निभाने को लेकर प्रेरित किया गया। स्कूल के प्रिंसपल फादर जॉर्ज ने बताया की स्वच्छ भारत मिशन कार्यक्रम के तहत छात्र छात्राओं को जागरूक करने को लेकर कई कार्यक्रम 15 दिनों तक अलग अलग माध्यम से आयोजित होंगे। इस दौरान मौके पर इम्तियाज आलम, फ्रांसिका समद, नीता सिन्हा, नेहा शर्मा, गब्रिल पेमें, एबॉय पेमें, मानसी गुप्ता, नेहा रानी, सिस्टर बरना डेथ, सिस्टर अंजू, मनोज बेक, समेन्द्र टोप्पो, मार्थ,अखा लोपहरो, रश्मि सिंह, रजनी चावला,राजकिशोर मंजूला,सुचिता,कृति टोपनो समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## लोहरदगा में अवैध बालू लदे तीन ट्रैक्टर जब्त

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** बालू के अवैध खनन और परिवहन के विरुद्ध गत जिला खनन विभाग एवं पुलिस की अगुवाई में सेन्हा, किस्को एंव सदर थाना क्षेत्र में अलग-अलग छापामारी अभियान चलाया गया। इस दौरान शहरी क्षेत्र के बरवाटोली से कॉलेज रोड में अवैध बालू लदा एक ट्रैक्टर तेजी से गुजरता हुआ देखा गया। जांच टीम को देखते ही, बालू लोडेड ट्रैक्टर भागने लगा। पीछा करने पर ट्रैक्टर चालक सुबरन टोली के पास ट्रैक्टर छोड़कर फरार हो गया। मौके पर जिला खनन निरीक्षक अजय कुमार महतो और पुलिस टीम ने ट्रैक्टर को जब्त कर लिया। सदर थाना में जब्त ट्रैक्टर के चालक और मालिक के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया। बताया गया कि, किस्को थाना की पुलिस ने दोपहर को अवैध बालू लोडेड ट्रैक्टर जप्त कर खनन विभाग को सूचना दिया। इस पर खनन विभाग ने किस्को थाना में ट्रैक्टर चालक और मालिक के विरुद्ध मामला दर्ज कराया। सेन्हा थाना क्षेत्र में भी अवैध बालू लोडेड ट्रैक्टर पुलिस ने पकड़ा। इस पर भी खनन विभाग द्वारा सेन्हा थाना में मामला दर्ज किया गया। इस संदर्भ में डीएमओ राजाराम प्रसाद ने बताया कि, वर्तमान में एनजीटी लागू है।

## कोल्हान की खबरें

### शहर की बस्तियों में 150 घरों को तोड़ने के मामले में एनजीटी में हुई सुनवाई, प्रतिवेदन शपथ पत्र पठनीय नहीं

# घर तोड़ने के संबंध में जारी नोटिस गलत : सरयू राय

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** बीते दिनों भुइयांडीह की इंद्रानगर-कल्याणनगर बस्तियों के 150 घरों को तोड़ने के मामला में नोटिस के विरूद्ध बस्तीवासियों द्वारा एनजीटी की कोलकाता बेंच में दायर आवेदन पर सुनवाई हुई। सोमवार को बस्तीवासियों की ओर से सर्वोच्च न्यायालय के वरीय अधिवक्ता संजय उपाध्याय ने बेंच के समक्ष तर्क दिया।उन्होंने कहा पूर्वी सिंहभूम जिला के उपायुक्त ने न्यायालय के समक्ष संयुक्त जांच समिति का प्रतिवेदन शपथ पत्र दाखिल किया है उसका अनुलग्नक-2 पठनीय है ही नहीं। इस अनुलग्नक में प्रशासन का कहना है उन गृहस्वामियों के नाम दिये गये हैं,जिन्होंने नियमों का उल्लंघन किया है। कोर्ट की कार्यवाही में जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने बताया अधिवक्ता संजय उपाध्याय ने कोर्ट में कहा जब यह प्रतिवेदन पढ़ने लायक ही नहीं है, तब इस पर विचार कैसे किया जा सकता है। इस पर न्यायालय ने पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त का शपथ पत्र मांग कर देखा और सरकारी अधिवक्ता से कहा न्यायालय के सामने दायर शपथ पत्र पठनीय होना चाहिये। एनजीटी ने सरकारी वकील को निर्देश दिया पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त एनजीटी के सामने दोबारा शपथ पत्र दायर करें। अब मुकदमे की अगली तारीख 21 अक्टूबर को होगा।इस मामले में सरयू राय ने कहा झारखण्ड सरकार के मुख्य सचिव ने अभी तक एनजीटी के सामने अपना शपथ पत्र दायर नहीं किया। झारखअड सरकार के वकील ने इसके लिए एनजीटी से समय मांगा। एनजीटी ने झारंखण्ड सरकार और भारत सरकार के पर्यावरण व वन मंत्रालय को भी 21 अक्टूबर तक शपथ पत्र दायर करने के लिए कहा है। श्री राय ने एनजीटी द्वारा उपायुक्त को दोबारा शपथ पत्र दायर करने का निर्देश पर संतोष व्यक्त किया। विधायक सरजू राय ने उम्मीद जतायी जिला प्रशासन 21 अक्टूबर तक बस्तीवासियों के विरूद्ध किसी भी प्रकार की कार्रवाई नहीं करेगी। इस संबंध में वह उपायुक्त से मिलकर भी बात करेंगे। श्री राय ने बताया बस्तीवासियों के वकील संजय उपाध्याय ने एनजीटी से बस्तीवासियों को झारखण्ड सरकार के आदेश से राहत दिलाने की मांग की। श्री राय ने कहा 30 जनवरी के आदेश पर एनजीटी ने स्पष्ट कहा है यदि किसी व्यक्ति ने इस मामले में नियमों का उल्लंघन किया है तो उसकी सूचना प्रशासन को दी जाए ताकि उसे भी पक्षकार बनाकर उसका पक्ष सुना जा सके। आश्चर्य है स्पष्ट आदेश की आड़ में भी पूर्वी सिंहभूम जिला प्रशासन बस्तीवासियों को उनके घर तोड़ने के नोटिस जारी कर रहा है। यह कहीं से भी उचित नहीं है।

# मंत्री रामदास सोरेन ने विभागीय अधिकारियों के साथ की बैठक, दिये कई आवश्यक दिशा-निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य के उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग व जल संसाधन विभाग के मंत्री रामदास सोरेन ने मंत्रालय में उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा की।सोमवार को समीक्षा बैठक में प्रधान सचिव, उच्च एव तकनीकी शिक्षा विभाग राहुल कुमार पुरवार ने उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के केन्द्रीय योजनाओं एवं राज्य स्तरीय योजनाओं की अद्यतन प्रगति को प्रदर्शित किया। इसके अतिरिक्त उन्होंने विभाग के भविष्य की कार्य योजनाओं से मंत्री रामदास सोरेन को अवगत कराया। बैठक में मंत्री रामदास सोरेन ने अल्प समय में अधिक कार्यों को क्रियान्वित करने की बात कही। उन्होंने कहा लक्ष्य का निर्धारण कर कार्यों को तीव्र गति से कार्यान्वित करने का निर्देश दी। साथ ही उन्होंने शिक्षकों के समयबद्ध प्रोन्नति एवं रिक्त पदों पर यथाशीघ्र नियुक्ति प्रारंभ करने हेतु सभी आवश्यक औपचारितओं को पूर्ण करने हेतु निदेशित किया। मंत्री श्री सोरेन ने झारखण्ड राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड कॉरपोरेशन के अधिकारियों को राज्य में प्रस्तावित पांच नये विश्वविद्यालयों, पांच नये अभियंत्रण महाविद्यालयों व 06 नए पोलिटेक्निक संस्थानों का डीपीआर यथाशीघ्र तैयार करने का निदेश दिया। इस क्रम में उन्होंने पूर्वी सिंहभूम में जिले में प्रस्तावित अभियंत्रण महाविद्यालय का निर्माण मुसाबनी में कराने तथा राँची में प्रस्तावित अभियंत्रण महाविद्यालय का निर्माण स्मार्ट सिटी व ग्रेटर राँची डेवलपमेंट ऑथोरिटी के उपलब्ध भूमि पर कराने हेतु निदेशित किया। साथ ही अन्य योजनाओं हेतु भूमि की उपलब्धता के संबंध में संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित करने की बात कही। मंत्री ने कहा झारखंड में शोध एवं अनुसंधान के अवसरों को बढ़ावा देने हेतु मुख्यमंत्री फेलोशिप योजना के तहत पीएचडी के विद्यार्थियों को प्रतिमाह 25 हजार रुपए तक फेलोशिप दी जाएगी। इस योजना के तहत विदेश में पढ़ने वाले राज्य के छात्रों को ट्यूशन फीस व अन्य खर्चों का पूरा भुगतान करने का प्रावधान है। मंत्री रामदास सोरेन ने ऑनलाइन पोर्टल को शीघ्र तैयार कर आवेदन लेने की प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश दिया।



# सरायकेला में जमशेदपुर के दो अपराधी हथियार के साथ गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**आदित्यपुर।** बीती रात आदित्यपुर पुलिस ने जयप्रकाश उद्यान के लक्ष्य अपार्टमेंट से जमशेदपुर के दो कुख्यात अपराधी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। गिरफ्तार आरोपी में उमेश पांडे उर्फ गुड्डू पांडे व राकेश सिंह शामिल है। सोमवार को आदित्यपुर थाना में इसकी जानकारी दी गयी। मिली जानकारी के अनुसार जिले के एसपी मुकेश कुमार लुणायत को गुप्त सूचना मिली थी जयप्रकाश उद्यान के समीप लक्ष्य अपार्टमेंट के तृतीय तल्ला फ्लैट नंबर 5/2 में कुछ अपराधी हथियार से लेस होकर बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए ठहरे हैं। एसपी के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संतोष कुमार मिश्रा के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन किया गया।पुलिस ने फ्लैट में छापामारी के दौरान दो अपराधी को गिरफ्तार कर उनके पास से एक देशी पिस्तौल, छः जिंदा गोली व एक फॉर्च्यूनर वाहन को जब्त कर लिया। बताया जा रहा है आरोपियों का पूर्व में भी अपराधिक इतिहास रहा है। छापामारी दल में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संतोष कुमार मिश्रा, आदित्यपुर प्रभारी नितिन कुमार सिंह, निरंजन कुमार, विपुल कुमार ओझा, रंजीत कुमार सिंह, चंचल कुमार,जावेद इकबाल,जय नारायण शर्मा, शिव शंकर दास, नीतीश कुमार पांडे, राघवेंद्र कुमार सिंह, अंगद कुमार पांडे, जितेंद्र कुमार, अशोक कुमार यादव व सशस्त्र बल शामिल रहे।



# फंदे में झूलता मिला विवाहित जोड़े का शव, जांच में जुटी पुलिस

आजाद सिपाही संवाददाता

**कपाली।** सरायकेला खरसावां जिले के कपाली ओपी क्षेत्र में दिल दहला ने वाला एक मामला प्रकाश में आया है। ताजनगर में एक नव विवाहित जोड़े का फंदे से झूलता शव मिलने से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस जांच में जुट गई। बताया जारहा है मृतक दंपति की पहचान 18 वर्षीय दिलकश और 25 वर्षीय हुसैन के रूप मे की गई। वही जानकारी मिलने पर पहुची महिला के परिजनों ने युवक के परिवार वालों पर दोनों की हत्या कर शव को लटकाए जाने का आरोप लगाया। परिजनों ने बताया मृतक हुसैन गैरेज मिस्त्री का काम करता था। हाल ही में दोनों की शादी हुई थी। महिला के शरीर पर चोट के कई निशान पाए गए हैं। आशंका जताई जा रही है उसके ससुराल वालों ने मारपीट कर उसकी हत्या कर दी।फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गयी है।



# कुम्हार समाज की आम सभा में अध्यक्ष ने प्रस्तुत किया वार्षिक प्रतिवेदन

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** कुम्हार समाज का वार्षिक आम सभा का आयोजन बाबूलाल प्रजापति की अध्यक्षता में की गई। मौके पर मुख्य अथिति जिला परिषद सदस्य पूर्णिमा मल्लिक,विशिष्ट अतिथि समाज के प्रदेश अध्यक्ष इंद्रदेव प्रसाद, सम्मानित अथिति जिला अध्यक्ष तेतर प्रजापति सहित जिला समिति के संरक्षक सह वर्तमान में झारखंड मटिकला बोर्ड के सदस्य गंगाधर प्रजापति शामिल हुए। इस अवसर पर समाज के प्रतिनिधियों के द्वारा सभी अतिथियों को माला पहनाकर स्वागत किया गया। वही कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया।मंच का संचालन शंकर प्रजापति ने की। बागबेड़ा कुम्हार समाज के अध्यक्ष राजकुमार प्रजापति ने कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों को स्वागत करते हुए वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत की। उन्होंन समाज के द्वारा किये गए रक्तदान से भी वार्षिक मिलन समारोह की जानकारी दी। वही सभा में कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने विचार प्रकट की। समाज के मंत्री शंकर प्रजापति ने आने वाले कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए सभी से सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा आगामी 1 अक्टूबर को रक्तदान शिविर का आयोजन की जाएगी। साथ ही दिसंबर में पारिवारिक मिलन समारोह सह पिकनिक का भी आयोजन तय किया गया। इस दौरान चंदन प्रजापति के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया। मौके पर समाज के सैकड़ो महिला व पुरुष शामिल रहे।



## बांडा पहाड़ में भालू के हमले से व्यक्ति घायल, रिम्स रेफर

गुमला (आजाद सिपाही)। पालकोट थाना क्षेत्र अंतर्गत कोलेंग नावाडीह निवासी 50 वर्षीय रविंद्र साहू भालू के हमले से गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना में भालू ने उसके सिर हाथ व पेट को बुरी तरह से जख्मी कर दिया है। जबकि उसका एक आंख निकाल लिया है। गंभीर स्थिति में घायल को सदर अस्पताल लाया गया जहां उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टर ने उसे रिम्स रांची रेफर कर दिया है। जानकारी के मुताबिक सोमवार की सुबह रविंद्र बकरी चराने बांडा पहाड़ की ओर गया था। तभी तीन भालुओं का झुंड उसे घेर लिया। वह किसी तरह वहां से भागने लगा तभी एक भालू उस पर हमला कर दिया। इसके बाद भालू उसके शरीर को बुरी तरह से नोच कर जख्मी कर दिया। काफी मशक्कत के बाद रवींद्र किसी तरह भालू के चंगुल से छूटकर भागा और सड़क की ओर आया। ग्रामीणों की नजर उस पर पड़ी जिसके बाद उसे एंबुलेंस की मदद से तत्काल सदर अस्पताल लाया गया।

# गुमला जिले की तीन विधानसभा सीटें कांग्रेस को मिले: सुखदेव

**बालू तस्करी में संलिप्त अधिकारियों - पदाधिकारियों पर होगी कार्रवाई**

**गुमला को लौटाएंगे फुटबॉल खेल की खोई पहचान**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** कांग्रेसियों की मांग पर गुमला जिला के तीन विधानसभा क्षेत्र में कम से कम दो सीट कांग्रेसियों को मिलनी चाहिए क्योंकि गुमला जिला कांग्रेस का पुराना गढ़ रहा है। उक्त बातें लोहरदगा संसदीय क्षेत्र के सांसद सुखदेव भगत ने गुमला परिसदन में कही। वे सोमवार को पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि गुमला के सेक्युलर वोटर्स की पहली पसंद कांग्रेस है और कार्तिक उरांव के समय से ही कांग्रेस पार्टी इस क्षेत्र की लीडिंग पार्टी रही है। चंपई सोरेन पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि चंपई पहले कोल्हान के टाइगर थे अब सर्कस के टाइगर हो गए हैं। क्योंकि अब वह ऐसे ग्रुप में शामिल हैं जहां आदिवासियों को वनवासी बोला और समझा जाता है। उन्होंने यह भी कहा कि चंपई सोरेन भाजपा में जाकर अपनी बात ही नहींरख सकते। अवैध बालू उठाव और बालू तस्करों से संबंधित पूछे गए सवाल में उन्होंने कहा कि इस संबंध में उपायुक्त से कारण पृच्छा करेंगे। साथ ही जिन पदाधिकारियों का नाम बालू की अवैध तस्करी में आ रहा है उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। पीएम आवास और अबूआ आवास निर्माण में बालू की आपूर्ति नहीं होने वाले प्रश्न से संबंधित उत्तर में उन्होंने कहा कि इस संबंध में उनकी बातचीत हाई लेवल पर हुई है। उन्होंने कहा है कि आम लोगों को बुनियादी समस्याएं नहीं होनी चाहिए। इसका हल यथाशीघ्र निकाला जाए। अपनी प्राथमिकताओं के बारे में उन्होंने कहा कि गुमला को हम स्पोर्ट्स हब बनाएंगे। फुटबाल प्रेमियों से मिलकर यहां पर होने वाले सालाना फुटबॉल लीग जो कार्तिक उरांव के नाम पर चलता था उसे पुन शुरू कराया जाएगा। डे बोर्डिंग जैसी कोचिंग सेंटर्स को और मजबूत किया जाएगा। अखिल भारतीय स्तर पर होने वाले फुटबॉल लीग को पुणः शुरू कर गुमला की पहचान लोटाई जाएगी। उन्होंने कहा कि पर्यटन की संभावनाएं दक्षिणी सुराणापुर में बहुत अधिक है। इसको विकसित करने में ना अत्यधिक जमीन अधिग्रहण की जरूरत है ना पलायन का खतरा है। ना लोगों को विस्थापित करने की जरूरत है।साथ ही पर्यटन को डेवलप करने पर बहुत ज्यादा स्किल की जरूरत नहीं पड़ती है। इसलिए इन सब क्षेत्र को टूरिज्म के लिए विकसित किया जाएगा। सरकार की योजनाओं और मिलने वाले लाभों के बारे में जानकारी पहुंचाने के लिए कुछ लोगों से बैठकर विमर्श किया जाएगा और कुछ ऐसा रास्ता निकाला जाएगा ताकि लोगों को उनके अधिकार दिलाया जा सके। शिक्षा पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि वह स्कूली और कॉलेज की शिक्षा को सुदृढ़ बनाने के लिए वहां की कमियों को दूर करना चाहेंगे, ताकि बच्चे अच्छी शिक्षा प्राप्त कर सकें। नशे से जूझ रहे गुमला वालों पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक से उन्होंने वार्ता किया है कि इस क्षेत्र में नशा पान पर प्रतिबंध लगाने के लिए वह आवश्यक कदम उठाएं। मौके पर दीप नारायण उरांव, रमेश कुमार, अकील रहमान, मुरली मनोहर प्रसाद, संतोष गुप्ता गुड्डू, आशिक अंसारी, राजनील तिग्गा, गुलाम सरवर, शाहजहां अंसारी, मुखतार आलम साहित काफी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित थे।

## भरनो में लगा सरकार आपके द्वार का कैंप



**भरनो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के पंचायत आताकोरा में झारखंड सरकार का विशेष कार्यक्रम सरकार आपके द्वार का कैंप लगाया गया। कैंप के माध्यम से झारखंड सरकार के सभी लोक कल्याणकारी योजना की विस्तृत जानकारी लाभ हेतु सभी विभाग के स्टॉल लगाये गये थे। कैंप में प्रखंड प्रमुख पारसनाथ उरांव, प्रखंड कृषि पदाधिकारी राम कृष्ण ओहदार, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी श्री देवमणि साहू, फूलकुमारी उरांव, राजेश्वरी उरांव सहित हजारों की संख्या में लाभुक उपस्थित थे।

## झामुमो जमीन से जुड़ी पार्टी है : रवि उरांव



**सिसई (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत कुदरा गांव में झारखंड मुक्ति मोर्चा की बैठक का आयोजन किया गया। अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष रवि उरांव ने की। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि प्रकाश उरांव ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों तक गांव की विकास के लिए कार्य कर रही है। झारखंड विधानसभा चुनाव में वर्ष 2019 की तरह 2024 में भी झारखंड मुक्ति मोर्चा का सिसई विधानसभा से पताका फहरायेगा। उन्होंने कहा 5 सितंबर को प्रखंड के शिवनाथपुर पंचायत अंतर्गत पंडरानी गांव में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मइया कार्यक्रम सहित कई परिसंपत्ति का वितरण करेंगे। इस कार्यक्रम को लेकर विशेष तैयारी की जा रही है हर गांव से लोग उपस्थित होंगे। प्रखंड अध्यक्ष रवि उरांव ने कहा झामुमो जमीन से जुड़ा है कार्यकर्ता भी दिन-रात विधानसभा चुनाव को लेकर मेहनत कर रहे हैं। हेमंत सरकार माय माटी के लिए कार्य कर रही है, जो विपक्ष को रास नहीं आ रही है। विपक्ष को चुनाव में मुहतोड़ जवाब दिया जायेगा। बैठक में विभिन्न पार्टी के लिए कार्य कर रहे छारदा गांव के विकास कुमार महली, देवचरण उरांव, काली महली, रवि महली, बबलु उरांव, मंगलचंद उरांव, कर्मपाल उरांव और राहुल उरांव में झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थामा। मौके जिप सदस्य सह महिला मोर्चा अध्यक्ष विजय लक्ष्मी कुमारी, जिला उपाध्यक्ष शशिकांत साहु, अल्पसंख्यक प्रभारी जाकीर अंसारी, उमर फारूक अंसारी सहित कई कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित थे।

# लायंस क्लब का पदस्थापना समारोह संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** लायंस क्लब ऑफ, गुमला के सत्र- 2024/ 25 के लिए नये पदाधिकारियों का पदस्थापना समारोह लायंस भवन गुमला में संपन्न हुआ। पदस्थापना समारोह के मुख्य अतिथि एमजेएफ ला. सीमा बाजपेयी, जिलापाल लायंस जिला 322 अ थे। विशिष्ट अतिथि संजय कुमार प्रथम उप जिला पाल थे। पदस्थापना पदाधिकारी पीएमजेएफ लायन राहुल वर्मा थे। इंडक्शन पदाधिकारी पीएमजेएफ लायन माधव लखोटिया थे। भव्य समारोह का शुभारंभ शांति पाठ एवं प्रार्थना पाठ से हुआ। स्वागत भाषण एमजेएफ शंकर लाल जाजोदिया ने दिया तथा क्लब का वार्षिक प्रतिवेदन अशोक कुमार जायसवाल ने दिया। नये सत्र 2024/ 25 के लिए नये अध्यक्ष ला. राजकुमार अग्रवाल की अगुवाई में नये टीम का शपथ ग्रहण एवं पदस्थापन राहुल वर्मा ने कराया। ला. बर्मा ने कहा कि लायंस क्लब का 34 वर्षों का गरिमामय इतिहास बताता है कि क्लब ने ग्रामीण क्षेत्रों में काफी उल्लेखनीय एवं प्रशंसनीय कार्य किया है। इनका आंख का अस्पताल एवं अपना भवन दूसरे क्लब के लिए अनुकरणीय है। इंडक्शन पदाधिकारी माधव लखोटिया ने क्लब के नये सदस्य अरुण कुमार केसरी को सदस्यता प्रदान की तथा शपथ कराया। संजय कुमार प्रथम उप जिला पाल ने कहा कि मैं गुमला क्लब में आकर काफी प्रभावित हूं यहां के सभी सदस्य काफी कर्मठ एवं लायनवाद के प्रति समर्पित हैं' समारोह में लायन सदस्य एवं गुमला चैंबर के अध्यक्ष ला. दामोदर कसेरा ने क्लब के प्रति समर्पण एवं कर्तव्य निष्ठा की बात कही। समारोह का संचालन ला. मुरली मनोहर प्रसाद एवं ला. महेश प्रसाद गुप्ता ने किया। धन्यवाद ज्ञापन ला. संजीव उर्वशी ने की। समारोह में लायंस क्लब गुमला ग्रेटर के अध्यक्ष ला. राजेश लोहानी, डाल्टनगंज लायंस क्लब के अध्यक्ष समीर खन्ना तथा जमशेदपुर लायंस क्लब से ला. संतोष बाजपेयी उपस्थित हो समारोह की भव्यता को बढ़ाया। मौके पर ला. संजीव उर्वशी, एमजेएफ ला. बनवारी लाल अग्रवाल, ला. पदम साबू, मनमोहन केसरी, विजय गोयल, संजय अग्रवाल, प्रमोद जाजोदिया और पवन अग्रवाल समेत कई क्लब मेंबर उपस्थित थे।

## सदान मोर्चा ने निशिकांत दुबे का पुतला फूंका

**गुमला।** मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय सचिव सह ओबीसी नेता अजीत विश्वकर्मा ने कहा है की राजेन्द्र प्रसाद, मूलवासी सदानों के अधिकारों और झारखंडी अस्मिता के रक्षक है। कहा मूलवासी सदान समुदाय से आने वाले तेली समाज, दलित, ओबीसी को इंगित कर मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद पर अमर्यादित टिप्पणी गोड्डा के सांसद निशिकांत दुबे ने की है। जबकि झारखंड में भाजपा का वजूद मूलवासी सदान समुदाय से आने वाले तेली समाज ओबीसी दलित और स्वर्ण के कारण है। कहा राजेंद्र प्रसाद झारखंड आंदोलनकारी हैं। इनका झारखंड के लिए बहुत बड़ा योगदान है। बाहरी सांसद निशिकांत दुबे को झारखण्ड के बारे में कोई जानकारी नहीं है। विश्वकर्मा ने कहा पिछले दिनों मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद को तेली समाज गोड्डा जिला की ओर से आयोजित विचार गोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित थे।

# सड़क जाम करने वाले दो नामजद और 30 अज्ञात के खिलाफ केस

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** रविवार की शाम सोसो मोड में एक पेड़ जड़ से उखड़ कर सड़क पर गिर गया था। जिससे सब्जी बेच रही एक महिला घायल हो गयी। इसके बाद लोगों ने सड़क जाम कर दिया। घटनास्थल पर पहुंचे गुमला थाना के एसआइ दाखिन बेसरा के साथ लोगों ने अभद्र व्यवहार किया। दाखिन बेसरा ने गुमला थाना को आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। आवेदन में बताया है कि रविवार की शाम संध्या गस्ती के क्रम में लोहरदगा रोड़ में सोसो मोड़ के पास लोगों द्वारा सड़क जाम किये जाने की सूचना 07:30 बजे शाम को मिली। इस संबंध में वरीय पदाधिकारी को सूचित करते हुए वहां पर पहुंचा। सोसो मोड़ के पास गुमला लोहरदगा रोड़ में एक पेड़ गिरा हुआ था तथा वहां पर 30 से 40 महिला एवं पुरूष सड़क पर लाठी, डंडा एवं टांगी को लेकर खडे थे। जिनसे सड़क जाम करने की बात को पुछा तो वे लोग उग्र हो गये तथा कुछ भी बात मानने को तैयार नहीं थे। सड़क में लोहरदगा से गुमला तरफ आने वाले वाहन तथा गुमला से लोहरदगा तरफ जाने वाले वाहन काफी संख्या में रोड पर थे। जिसमें एंबुलेंस भी फंसा हुआ था। भीड़ का नेतृत्व रमेश गोप ग्राम कार्तिक नगर लोहरदगा रोड़, भोला उरांव ग्राम सोसो महली टोली दोनों थाना जिला गुमला के द्वारा किया जा रहा था। काफी अपशब्द भाषा का प्रयोग भी किया जा रहा था तथा पुलिस बल के साथ उलझने की कोशिश किया जा रहा था। काफी समझाने के बाद भी वे सभी नहीं मान रहे थे जिससे की गाड़ी में बैठे तथा अन्य लोग अस्त-व्यस्त हो गये। रमेश गोप एवं भोला उरांव एवं 30 से 40 अज्ञात महिला एवं पुरुष के द्वारा सड़क जाम करने से जन-जीवन अस्त-व्यस्त हो गया। उनलोगों द्वारा 07:30 बजे संध्या से लेकर 10:30 बजे रात्रि तक मार्ग को अवरूद्ध करा के रखा गया।

## एजुकेशनल एंड सोशल वेलफेयर सोसाइटी दे रही नि:शुल्क कंप्यूटर और सिलाई प्रशिक्षण



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत दिशा एजुकेशनल एंड सोशल वेलफेयर सोसाइटी के द्वारा प्रखंड मुख्यालय के जगन्नाथ मंदिर चांदनी चौक के समीप निशुल्क कंप्यूटर व सिलाई प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उक्त आशय की जानकारी देते हुए सेंटर मैनेजर सत्य प्रकाश मिश्रा ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान लड़कों को 1000 व लड़कियों को 1500 प्रति माह यात्रा भत्ता झारखंड सरकार के द्वारा सीधे उनके खाते में दिया जायेगा। उन्होंने लोगों से आग्रह किया है कि अधिक से अधिक संख्या में आकर इस योजना का लाभ ले और आत्मनिर्भर बने।

# गुमलावासियों को बिजली कटौती से मिलेगी राहत : दामोदर कसेरा



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष दामोदर कसेरा के नेतृत्व में चेंबर का एक प्रतिनिधिमंडल पालकोट रोड स्थित पावर ग्रिड में बिजली विभाग के सहायक अभियंता एमएच अंसारी से मुलाकात कर गुमला में लगातार बिजली की समस्याओं पर चर्चा किया गया। वार्ता के क्रम में श्री अंसारी ने बतलाया कि 50 एमवी का ट्रांसफार्मर लगने का काम तेज गति से हो रहा है अनुमानित रूप से यह काम आने वाले शनिवार तक पूरा कर लिया जायेगा। उसके बाद 24 घंटा चार्जिंग की प्रक्रिया के बाद सोमवार से गुमला वासियों को निर्बाध बिजली मिलेगी। श्री कसेरा ने बताया कि गुमला पावर ग्रिड में 1967 की व्यवस्था से आज भी बिजली आपूर्ति हो रही थी जो कि आज की व्यवस्था के लिए पर्याप्त नहीं है। इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए गुमला चेंबर के अध्यक्ष कसेरा ने फेडरेशन झारखंड को पत्र लिखकर 50 50 एमवी का दो ट्रांसफार्मर की मांग की। जिसमें बिजली विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पहले 50एमवी का ट्रांसफार्मर लगने की प्रक्रिया शुरू कर दिया है।

# करौंदाबेड़ा पल्ली में मनाया गया शहादत दिवस

आजाद सिपाही संवाददाता





**पालकोट।** अपने कर्तव्यों के निर्वाह करते हुए शहादत स्वीकार करने वाले तीन प्रोहितों की कहानी आज भी अविस्मरणीय है। प्रखंड के करौंदाबेड़ा पल्ली में सोमवार को शहीद फादर लॉरेंस कुजूर, फादर जोसेफ डुंगडुंग व ब्रदर अनूप इंदवार की शहादत की तीसवीं पुण्यतिथि मनायी गयी। इस अवसर पर विशाल श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस श्रद्धांजलि सभा में मुख्य अतिथि के रूप में अंबिकापुर धर्म प्रांत के धर्माध्यक्ष बिशप स्वामी अंतोनिस बाड़ा डी डी व गुमला धर्म प्रांत के धर्माध्यक्ष लीनुस पिंगल एक्का जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में लोहरदगा सांसद सुखदेव भगत गुमला बिधायक भूषण तिर्की व सिमडेगा बिधायक भूषण बाड़ा उपस्थित थे । कार्यक्रम का उदघाटन ध्वजारोहण दीप प्रज्वलन व शहीदों के वेदी में पुष्प अर्पित कर किया गया। दोनो धर्माध्यक्षो के द्वारा पवित्र बलिदानी मिस्सा पूजा सम्पन्न कराने के बाद बिशप अंतोनिस बाड़ा डीडी ने मौके पर उपस्थित हजारो विश्वासियों को संबोधित करते हुए कहा कि कलीसिया के उन्नति के लिए तीनों शहीदों ने अपने जीवन का बलिदान दिया है जो नहीं जाएगा प्रभु यीशु ने कहा है तुम्हारे विचार और बात हमारे विचार और मार्ग से दिन हो सकते हैं पर तुम्हारे विचार और मार्ग से हमारे मार्ग उचे हैं किसी के बलिदान से आने वाली पीढ़ी को जीवन में एक नई प्रेरणा मिलती है। बिशप लीनुस पिंगल एक्का ने कहा कि शहीदों और कलीसिया के प्रति प्रेम को प्रदर्शित करने के लिए हम सभी आज एकत्रित हुए हैं हम सभी को प्रभु यीशु के बताए मार्ग पर चलकर दीन दुखियों की सेवा और सहायता करने की जरूरत है हम सभी प्रभु यीशु के प्रति कृतज्ञ हैं कि हमें ऐसा जीवन प्राप्त हुआ है शहीदों की भूमि पर विश्वस्यों की उमड़ी भीड़ कलीसिया के प्रति उनके समर्पण को दर्शाती है। मौके पर लोहरदगा से सांसद सुखदेव भगत ने कहा कि कि मैं अपने आप को खुश नसीब मानता हूं कि आज मैं शहीदों को अपना श्रद्धा सुमन अर्पित कर सका। आज मैं यहां से एक संकल्प लेकर जा रहा हूं कि क्षेत्र की जनता ने जिस भरोसे और उम्मीद के साथ मुझे सांसद भेजा है उसे मैं ईमानदारी पूर्वक पूरा करने का प्रयास करूंगा। मौके पर जिला संवेदक संघ के अध्यक्ष संतोष गुप्ता, फादर प्रभु दास तिर्की, विलियम हीरो, रोहित एक्का, मुखिया जशीनता मिंज, सुषमा केर-केट्टा, कांति केरकेट्टा, अमन तिर्की, निर्मल मिंज, विलियम ब्रेक गेब्रियल, इक्का सहित हजारों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

## जो भी आवेदन जमा हो रहा है, उस पर त्वरित कार्रवाई हो : बीडीओ




**घाघरा (आजाद सिपाही)।** बीमरला पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन सोमवार को किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बीडीओ दिनेश कुमार व अंचलाधिकारी आशीष कुमार मंडल ने दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में सभी विभाग स्टॉल लगाए गए। जहां सभी ने आवेदन जमा किया। सावित्रीबाइ फुले किशोरी समृद्धि योजना का सर्टिफिकेट का वितरण किया गया। बीडिओ दिनेश कुमार ने कहा इस कार्यक्रम को चलाने का मुख्य उद्देश्य यह है कि आम जनता के बीच में जाकर योजनाओं का लाभ व जानकारी दे ताकि लोग सरकार के महत्वाकांक्षी योजनाओं से लाभान्वित हो सके। उन्होंने कर्मियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा है कि जो भी आवेदन जमा हो रहे हैं उसे पर त्वरित कार्रवाई हो और लोगों को लाभ मिले इस पर विशेष ध्यान सभी हो होना चाहिए। मौके पर मुख्य रूप से सीमा एक्का, संजय पांडे, विवेक कुमार, आलोक सेन, अशोक कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

# सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में शामिल होने पांच को सिसई पहुंचेंगे सीएम, डीसी ने कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण

**उपायुक्त ने इस संभावी कार्यक्रम को लेकर अधिकारियों के साथ की बैठक**

आजाद सिपाही संवाददाता



गुमला। राज्य भर में संचालित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत झारखंड मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन का प्रमंडल स्तरीय भ्रमण कार्यक्रम जारी है। इसी क्रम में प्राप्त सूचना अनुसार दिनांक 5 सितंबर को गुमला जिले के सिसई प्रखंड स्थित पंड्रानी पंचायत में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के पहुंचने की संभावना है। इस कार्यक्रम को दक्षिणी छोटा नागपुर प्रमंडल स्तरीय कार्यक्रम का रूप दिया जा रहा है।

उक्त संभावी कार्यक्रम के मद्देनजर आज सोमवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी एवं पुलिस अधीक्षक शंभू कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से सिसई प्रखंड में चयनित कार्यक्रम स्थल पंड्रानी का दौरा एवं निरीक्षण किया साथ ही वहां की विधि व्यवस्थाओं एवं कार्यक्रम के सफल आयोजन के मद्देनजर सभी संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की। मौके पर गुमला सहित लोहरदगा जिले के भी अधिकारीगण मौजूद रहें।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त गुमला, उप विकास आयुक्त लोहरदगा,अपर समाहर्ता गुमला, अपर समाहर्ता लोहरदगा, एसडीओ सदर, एसडीओ बसिया, एसडीओ लोहरदगा, डीआरडीए निदेशक, डीसीएलआर गुमला, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा,जिला कल्याण पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहें।

# शहादत दिवस पर प्रतिमा सह चिल्ड्रेन पार्क का उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिसई।** कारगिल युद्ध में शहीद हुए हवलदार बिरसा उरांव के 25वॉ शहादत दिवस के अवसर पर प्रखंड मुख्यालय परिसर क्षेत्र में बने चिल्ड्रेन पार्क में अवस्थित शहीद बिरसा उरांव की प्रतिमा का अनावरण सह चिल्ड्रेन पार्क का उद्घाटन किया गया। प्रतिमा अनावरण, शहादत दिवस व पार्क उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि लोहरदगा के पुर्व राज्यसभा सांसद सह पुर्व विधायक समीर उरांव, विशिष्ट अतिथि पुर्व स्पीकर डॉ दिनेश उरांव, छत्तीसगढ़ के पुर्व सांसद चुन्नी लाल साहु,जिप अध्यक्ष किरण बाड़ा, गुमला के पूर्व विधायक प्रत्याशी मिशिर कुजूर उपस्थित हुए। भूतपुर्व सैनिकों द्वारा शहीद को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। साथ ही उपस्थित सेना के पुर्व सीओ सह ईसीएचएस गुमला आर के सिंह, शहीद बिरसा उरांव की पत्नी मीला उरांव व परिवार के सदस्य गण, पुर्व सैनिक कैप्टन लोहरा उरांव, लेफ्टिनेंट सीताराम उरांव, हवलदार बंधनु उरांव, विलभन किण्डो, सुबेदार सहाबीर उरांव, नायब सूबेदार सुरेंद्र उरांव, भुगेश्वर उरांव, नायक डीएन भगत, ललित उरांव, धरम भगत, सिपाही रामनिवास उरांव, यादराम साहु, करमचंद लोहरा, बंधना उरांव, वीरांगना जसमीन टोप्पो, इंजलिना टोप्पो, रीना देवी, भाजपा कार्यकर्ताओं सहित गणमान्य लोगों ने माल्यार्पण व श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस मौके पर प्रखंड प्रमुख मीना देवी, भदौली मुखिया अलबीना देवी, पंसस सुनीता देवी, भाजपा सिसई मंडल अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण यादव, पुसो मंडल अध्यक्ष सुमित कुमार महली, पुर्व जिप सदस्य तेंबु उरांव, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता लालमोहन साहु, भैरो सिंह खेरवार सहित दर्जनों भाजपाई कार्यकर्ता मौजूद थे।

### प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने जिला स्तरीय कार्यसमिति की बैठक में बूथ जीतने का दिया मंत्र

# पलामू की पांचों विधानसभा सीट पर भाजपा का परचम लहरायेगा: बाबूलाल

**झारखंड की जनता हेमंत सोरेन की सरकार को इस विधानसभा के चुनाव में उखाड़ कर फेंक देगी : दया शंकर सिंह**



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू भाजपा जिला कार्यसमिति की बैठक जिला अध्यक्ष अमित तिवारी की अध्यक्षता में जिला कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक का संचालन जिला महामंत्री ज्योति पांडे ने किया। विषय प्रवेश कराते हुए जिला अध्यक्ष अमित तिवारी ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष के निर्देशों का सभी अक्षरशः पालन करने का काम करेंगे। कार्यकर्ता राष्ट्रवाद की भावना से ओतप्रोत होकर समाज और देश की उन्नति के लिए दिन रात लगे रहते हैं।

बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि हमारा ध्यान बूथ पर केंद्रित रहना चाहिए और जहां हम कमजोर हैं, वहां हम सभी को मिल कर ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। लोकसभा में हुई जीत कार्यकर्ताओं की जीत है। इस बार विधानसभा में पलामू की पांचों सीट पर हम जीत का परचम लहराने वाले हैं, क्योंकि आज से हर जिला मंडल और बूथ स्तर तक के प्रवासी पदाधिकारी को इसकी जिम्मेदारी सौंपी जायेगी, जो विधानसभा चुनाव होने तक वहां पूर्णकालिक बन कर प्रवास पर रहेंगे। उनके कार्य क्षेत्र के अंतर्गत आनेवाले हर घर और हर कार्यकर्ता से उनका सीधा संपर्क स्थापित होगा।

**कार्यकर्ता पार्टी का प्राण : दयाशंकर सिंह :** उत्तरप्रदेश के सड़क एवं परिवहन मंत्री एवं पलामू एवं गढ़वा के सभी विधानसभा के प्रभारी दयाशंकर सिंह ने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी का प्राण हैं। मैं प्रभारी होने के नाते उनके सम्मान की रक्षा करूंगा। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं का सम्मान और वरिष्ठों के आदर के साथ हम आगे बढ़ेंगे। झारखंड की जनता को जागरूक करते हुए यहां की गूंगी-बहरी सरकार को उखाड़ फेंकना है।

प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह ने कहा कि उत्तरप्रदेश के सड़क एवं परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह का पलामू में प्रभारी बन के हमारे बीच आना ही हमारी उपलब्धि है। साथ ही लोकसभा चुनाव की तरह ही विधानसभा चुनाव को भी हमें एक चैलेंज के रूप में लेना है। मंत्री के अनुभव से प्रेरणा लेते हुए हमें पलामू की पांचों सीटों पर जीत का परचम लहराना है। आगामी विधानसभा चुनाव में झारखंड में अगर भाजपा की सरकार नहीं बनी, तो झारखंड को बंगाल बनने से कोई रोक नहीं सकता है। प्रमंडलीय प्रभारी विकास प्रीतम ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता देश और समाज के लिए पूरी तरह समर्पित होकर कार्य करते हैं। देश के सभी राजनीतिक दलों में सिर्फ भाजपा ही राष्ट्र और समाज के प्रति अधिक तत्परता दिखायी है।

चतरा सांसद सह पलामू जिला प्रभारी कालीचरण सिंह ने कहा कि कार्यसमिति की बैठक करने का उद्देश्य सांगठनिक संरचना और मजबूती पर विचार करना होता है। इसमें संगठन के कार्यों की समीक्षा कर कार्यकर्ताओं की जवाबदेही तय की जाती है। बैठक का धन्यवाद ज्ञापन जिला महामंत्री विजय ठाकुर ने किया। इस बैठक में मुख्य रूप से विधायक आलोक चौरसिया, पांकी विधायक डॉ शशि भूषण मेहता, छतरपुर विधायक पुष्पा देवी, पूर्व सांसद मनोज कुमार, पूर्व सांसद घूरन राम, श्याम नारायण दुबे, विपिन बिहारी सिंह, परशुराम ओझा, प्रेम सिंह, विभाकर नारायण पांडे, विनोद सिंह, नरेंद्र पांडे, उदय शुक्ला, अजय तिवारी, दुर्गा जौहरी, रवींद्र सिंह, कर्नल संजय सिंह, रघुराज पांडे, राजधानी यादव, अरुणा शंकर, मंगल सिंह एवं काफी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अंधेर नगरी चौपट राजा की कहानी को चरितार्थ कर रही है सरकार : अरुणा शंकर

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने झारखंड सरकार के बिजली विभाग पर सवाल खड़ा करते हुए कहा कि एक तरफ सरकार 200 युनिट बिजली फ्री कर रही है दूसरी ओर जले ट्रांसफार्मर कई गांव में महीनो से बदले नहीं जा रहे हैं। प्रथम महापौर ने कहा कि यह तो जनता को बेवकूफ बनाने वाली बात है जब कई गांव में बिजली नहीं मिल रही तो बिजली फ्री का क्या फायदा जनता को मिलेगा। प्रथम महापौर ने कहा कि रामगढ़, औरनार, चैनपुर के ग्रामीण इलाके एवं कई ग्रामीण क्षेत्र में लोग दो दो महीना से ट्रांसफर जलने के कारण अंधेरे में जीवन बसर कर रहे हैं। इस संबंध में जब जीएम, एक्सक्यूटिव इंजीनियर से बात की तो वह ट्रांसफार्मर देने से असमर्थता बता रहे हैं जिससे लोगों में काफी आक्रोश हो रहा है। प्रथम महापौर ने कहा कि अगर यही स्थिति रही तो सभी गांव वालों को लेकर मैं बिजली ऑफिस में धरना पर बैठूंगी। प्रथम महापौर ने कहा कि रघुवर सरकार के समय नई नई कई ट्रांसफार्मर पड़े रहते थे कभी भी ट्रांसफार्मर का दिक्कत नहीं हुआ फिर अब ऐसा क्या हो गया जो सरकार मूलभूत सुविधा बिजली हेतु ट्रांसफार्मर नहीं दे पा रही है। प्रथम महापौर ने कहा कि इसी को कहते हैं अंधेर नगरी चौपट राजा। प्रथम महापौर दो-तीन दिन पूर्व विद्युत नियामक आयोग द्वारा फिर से एक बार विद्युत दर बढ़ाने का पहल शुरू करने पर कहा कि सरकार ने उपभोक्ताओं को बिना बिजली दिए सिर्फ बिजली दर बढ़ाकर अपने लॉस की भरपाई करनी चाहती है। सरकार को कोई मतलब नहीं जिले में बिजली कितने घंटे मिल रही या बिजली की क्वालिटी क्या है।

## सरकारी मानकों के अनुरूप सेविका का किया गया चयन : गुलशन आरा

आजाद सिपाही संवाददाता



**मनातू / पलामू।** मनातू थाना क्षेत्र के ग्राम तिलो में आंगनबाड़ी सेविका के चयन में पूरी पारदर्शिता के साथ रूपा देवी का चयन किया गया है। उक्त बातें मनातू बाल विकास के सुपरवाइजर गुलशन आरा ने कही। उन्होंने कहा कि सरकार की गाइड लाईन के अनुसार कार्य में रहते हुए मृत्यु होने की स्थिति में सेविका एवं सहायिका एवं आश्रित का चयन संबंधित आंगनबाड़ी केंद्र में करने का प्रावधान है जिसके आलोक में सेविका का चयन समिति बैठक के बाद 28/8/2024 को रूपा कुमारी पति आनंद प्रभाकर को सर्व सहमति से चयन किया गया जो न्याय संगत है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण द्वारा लगाया गया आरोप सरासर गलत है।

## अरुण कुमार के निधन से छतरपुर में शोक



**छतरपुर/ पलामू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के कउवल निवासी अरुण कुमार की निधन से छतरपुर में शोक की लहर है। अरुण कुमार उत्पाद सिपाही के पद के दौड़ के लिए मेदिनीनगर में गये हुए थे जो दौड़ते दौड़ते बेहोश हो गये जहां इलाज के क्रम में निधन हो गया। निधन के खबर के बाद भाजपा के बड़े नेता और कार्यकर्ता उनके कउवल आवास पहुंचे। नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी के साथ छतरपुर पाटन विधायक पुष्पा देवी ने परिजनों से मिलने के बाद कहा कि बहाली के नाम पर सरकार की यह नौटंकी बेहद शर्मनाक है। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी है ऐसे में समय की कोई सारणी तय नही है। यह दशार्ता है कि प्रशाशनिक अधिकारी को भी जमीनी हकीकत का जानकारी नही है। यह सरकार की गैर जिम्मेदाराना रवैया बिलकुल भी बर्दाशत करने लायक नही है। विधायक पुष्पा देवी ने परिजनों को सांत्वना देते हुए कहा की हम शोक संतप्त परिवार के साथ दुख की इस घड़ी में खड़े है और किसी भी तरह की मदद के लिए तैयार है। इस शोक सभा में झारखंड नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी,सांसद वीडी राम, विधायक भानु प्रताप शाही,पलामू भाजपा अध्यक्ष अमित तिवारी, भाजपा उपाध्यक्ष अरविंद सिंह और भाजपा के अन्य अधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद थे।

## एनडीपीएस एक्ट के फरार आरोपी गिरफ्तार



**मनातू / पलामू (आजाद सिपाही)।** थाना में दर्ज एनडीपीएस एक्ट कांड में फरार एक आरोपी सुघू यादव उर्फ रामेश्वर यादव को कुंदा थाना क्षेत्र से पुलिस ने गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दी। सुधु यादव के खिलाफ मनातू थाना में कांड संख्या 7/23 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था। जिसके बाद से वह फरार चल रहा था। मनातू थाना प्रभारी निर्मल उरांव ने बताया कि चतरा जिला के कुंदा थाना क्षेत्र के गुरतुरी गांव निवासी हैं। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने छापेमारी कर उसके घर से गिरफ्तार की। साथ ही उन्होंने बताया कि नशीले पदार्थ की बिक्री करनेवालों पर पुलिस की पैनी नजर है। उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जायेगी। मौके पर एसआइ राजेश कुमार समेत कई पुलिस पदाधिकारी शामिल थे।

## सफाईकर्मियों के हड़ताल पर जाने से पिछले ग्यारह दिनों से साफ सफाई बंद



**विश्रामपुर/ पलामू (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर शहरी क्षेत्र के सभी चौक चौराहों पर इन दिनों गंदगी का अंबार लगा हुआ है। जिससे निकलने वाले दुर्गंध से लोगों का जीना मुहाल हो गया है। यह हालत सफाईकर्मियों के हड़ताल पर जाने से उत्पन्न हुआ है। यहां बताते चलें कि झारखण्ड लोकल बॉडीज इम्प्लाइज फोडरेशन के आह्वाहन पर विश्रामपुर नगर परिषद के अनुबंधकर्मी पिछले ग्यारह दिनों से छः सूत्री मांगों को लेकर अनिश्चित कालीन हड़ताल पर हैं। अनुबंधकर्मियों के साथ सफाईकर्मी भी हड़ताल पर चले गए हैं। जिसके चलते साफ सफाई पूरी तरह बंद है। विश्रामपुर बस स्टैंड,गांधी चौक, बाजार चौक, बैंक चौक, बी मोड़, रेहला महवीर चौक, शुक्र बाजार चौक, रेहला थाना चौक ,स्टेशन चौक सहित सभी मुख्य चौक चौराहों पर गंदगी का अंबार लग चुका है। इसके अलावा यत्र यत्र भी कूड़ा – करकट और गंदगी फैली हुई है। जिससे अब काफी दुर्गंध निकल रहा है। दुर्गंध से आस पास रहने वाले लोगों का जीना दुभर हो चुका है। इधर अनुबंधकर्मियो का हड़ताल सोमवार को भी जारी रहा।

## डंडीला खुर्द नवयुवक कमिटी के अध्यक्ष शशिकांत शुक्ला बने

**विश्रामपुर/ पलामू (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर नगर परिषद अंतर्गत वार्ड नौ के डंडीला खुर्द गांव के ग्रामीणों की बैठक सोमवार को ग्रासिम इंडस्ट्रीज के मुख्य द्वार के नजदीक हुई। बैठक की अध्यक्षता सेवानिवृत शिक्षक ब्रजकिशोर शुक्ला व संचालन निवर्तमान पार्षद दिनेश शुक्ला ने किया। बैठक में दुर्गा पूजा महोत्सव के भव्य आयोजन का निर्णय लिया गया। पूजा के सफल आयोजन हेतु नवयुवक संघ को पुनर्गठित किया गया। शशिकांत शुक्ला को कमिटी का नया अध्यक्ष बनाया गया। वहीं आलोक शुक्ला व दिनेश शुक्ला को उपाध्यक्ष, जयकांत शुक्ला व विष्णु शुक्ला को सचिव, दीपक शुक्ला,विकाश शुक्ला व विभूति शुक्ला को कोषाध्यक्ष, पुनीत शुक्ला,रमाशंकर शुक्ला व पवन शुक्ला को संगठन मंत्री, पप्पू दुबे, रंजित शुक्ला एवं अन्य को चंदा प्रभारी तथा प्रभात रंजन दुबे को आय व्यय प्रभारी बनाया गया।

# नौजवानों की मौत का जवाब दे राज्य सरकार : अमर बाउरी

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने झारखंड सरकार पर नरसंहार करने का गंभीर आरोप लगाया है। पलामू दौरे के दूसरे दिन परिसदन भवन में आयोजित प्रेस वार्ता में उत्पाद सिपाही बहाली प्रक्रिया के दौरान 14 अभ्यर्थियों की मौत पर उन्होंने कहा कि झारखंड की यह सरकार नौकरी नहीं बांट रही है, बल्कि नौकरी बांटने के बहाने युवाओं का नरसंहार कर रही है। किसी एक प्रक्रिया के तहत इतनी मौतें होना नरसंहार से कम नहीं है। सरकार को इसका जवाब देना पड़ेगा। उन्होंने ने कहा कि जिस तरह उत्पाद सिपाही बहाली प्रक्रिया में एक के बाद एक मौतें हो रही हैं, यह सरासर सरकार की लापरवाही का नतीजा है। यह हत्या का मामला है। इस तरह से गरीब, असहाय, जरूरतमंद युवाओं की हत्या का पाप सरकार कैसे छुपाती है, यह देखना है। उन्होंने कहा कि भाजपा पूरी घटना की घोर निंदा करती है। इस दुख की घड़ी में भुक्तभोगी परिवार के साथ खड़ी है। नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने सरकार से पूछा कि भादो मास की उमस वाली गर्मी में कठिन श्रम वाली बहाली की क्या जरूरत आन पड़ी थी। झारखंड की वर्तमान सरकार को इसका जवाब देना होगा। शारीरिक श्रम वाली बहाली प्रक्रिया के दौरान जो चिकित्सकीय इंतजाम रहना चाहिए था, उसके बगैर सरकार ने बहाली शुरू करवा दी। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि इन तमाम सवालों का जवाब सरकार को देना होगा। नौकरी देकर वोट पाने के इस खेल में अब तक 14 युवाओं की जान जा चुकी है। इसके लिए राज्य सरकार की घिनौनी और अदूरदर्शी नीति ही जिम्मेवार है। नेता प्रतिपक्ष से पहले पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम ने भी ऐसा ही आरोप झारखंड सरकार पर लगाया था।

# डीसी ने 'सपनों की उड़ान' का किया उद्घाटन

**कुंदन बनना है तो तपना पड़ेगा परिश्रम की आग में : उपायुक्त**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड अंतर्गत कस्तूरबा आवासीय बालिका विद्यालय में डीसी शशिरंजन, डीएफओ सत्यम कुमार एवं डीडीसी शब्बीर अहमद ने कस्तूरबा की प्रतिमा पर पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्जवलित कर 'सपनों की उड़ान' कार्यक्रम का संयुक्त रूप से शुभारंभ किया। स्वागत भाषण डीईओ दुर्गानंद झा एवं धन्यवाद ज्ञापन डीएसइ संदीप कुमार ने किया। इस कार्यक्रम के तहत जिला के सभी प्रखंडों के कस्तूरबा से चयनित ग्यारहवीं कक्षा की 150 छात्राओं को इंजीनियरिंग व मेडिकल प्रतियोगिता की निःशुल्क तैयारी करायी जायेगी। इंजीनियरिंग के लिये कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय मेदिनीनगर सदर व मेडिकल हेतु कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय चैनपुर को केंद्र बनाया गया है। दोनों ही विद्यालयों में 75-75 छात्राओं को इंजीनियरिंग व मेडिकल की निशुल्क तैयारी कराई जायेगी। इस मौके पर प्रफुल्लित छात्राओं का हौसला बढ़ाते हुए 'सपनों की उड़ान' कार्यक्रम के जनक पलामू डीसी श्री रंजन ने कहा कि आप लोग अनुशासन के साथ कठिन परिश्रम के लिए तैयार हो जाइए, याद रहे कि कुंदन बनने के लिए परिश्रम की आग में तपना पड़ता है।

# नगर पंचायत कर्मियों की हड़ताल के कारण शहर में लगा कूड़े का अंबार

आजाद सिपाही संवाददाता



**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद नगर पंचायत क्षेत्र में गंदगी व जल - जमाव के कारण स्थिति नारकीय हो गयी है। एक ओर शहर के सभी चौक चौराहों व सड़को पर कूड़ा - करकट पसरा हुआ है। झारखंड लोकल बॉडी इम्प्लाइज फेडरेशन के आह्वान पर नपं के दैनिक कर्मी अपनी मांगों को लेकर बीते 11 दिनों से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है। जिसके कारण यह स्थिति बनी है। बता दे की प्रतिदिन सफाई के दौरान शहर के सभी भागों से तकरीबन 3-4 ट्रेक्टर कचड़ा निकलता है इसी से 10 दिनों से पसरे कचड़ों की स्थिति व शहर के नारकीय स्थिति का आकलन किया जा सकता है। वहीं दूसरी तरफ अनुमंडल कार्यालय, प्रसाशनिक भवन, अनुमंडल मैदान से मुन्नी सिंह चौक तक की एरिया में स्थायी रूप से जल-जमाव की स्थिति बनती जा रही है। कई दिनों से यह स्थिति बनी हुई है। बताया जाता है कि जपला-ककोरिया-दंगवार पथ निर्माण के क्रम में शहर एरिया में पीसीसी पथ निर्माण की गयी हैं। जिसके कारण पानी का निकास अवरुद्ध है । पूर्व में भी निकास की व्यवस्था नही थी। सड़क के ऊपर से पानी की निकासी हो जाती थी। शहर वासियों का कहना है कि हर समस्या का समाधान होता है लेकिन नगर पंचायत कार्यालय व पदाधिकारियों की अकर्मण्यता के कारण यह स्थिति बनी है। वैकल्पिक व्यवस्था की जानी चाहिए। आखिर किन सुविधाओं के लिए शहरवासी टैक्स देते हैं। पूर्व वार्ड पार्षद नजीर अहमद ने कहा कि इस दिशा में अविलंब पहल की जरुरत है।

कार्यालय
झारखण्ड शिक्षा परियोजना, रामगढ़
राजकीय बुनियादी विद्यालय परिसर, गोला रोड़, रामगढ़ कैंट
ई मेल :– ssa_ramgarh@rediffmail.com फोन नं0/फैक्स नं० – 06553–231133,

**अतिअल्पकालीन निविदा से संबंधित सूचना**

Two Way Digital Live Class Room Program से संबंधित अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रित की गई है। निविदा से संबंधित सूचना रामगढ़ जिले के अधिकारिक वेबसाइट ramgarh.nic.in पर अपलोड की गई है। निविदा समर्पित करने की अंतिम तिथि दिनांक 10.09.2024 के पूर्वाह्न 11:00 बजे तक निर्धारित है।

ह०/–
जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
समग्र शिक्षा अभियान रामगढ़।

PR 334371 (District) 24-25 (D)

उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, लोहरदगा
(जिला नजारत)

**(अति अल्पकालीन निविदा सूचना)**
**(Very Short term Tender Notice)**

विशिष्ट माननीयों के लोहरदगा में आगमन के अवसर पर इच्छुक आपूर्तिकर्ता/ कम्पनी/संस्थान/फर्म/उत्पादक एवं उनके प्रतिनिधि आदि से अति अल्पकालीन निविदा दिनांक **09.09.2024** के **11:00** बजे पूर्वा0 तक दूसरी बार आमन्त्रित की जाती है।

"अति अल्पकालीन निविदा में तकनीकी बीड एवं वित्तीय बीड की अलग–अलग सीलबंद लिफाफे को एक बड़े सीलबंद लिफाफे में समर्पित किया जायेगा। अति अल्पकालीन निविदा समर्पित करने संबंधी विस्तृत शर्त एवं दिशा निर्देश लोहरदगा जिला के वेबसाईट **www.lohardaga.nic.in** पर देखा जा सकता है। सीलबंद अति अल्पकालीन निविदा के तकनीकी बीड़ को प्रस्तावकों/प्राधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में दिनांक **09.09.2024** के **12:30** बजे (अपराह्न) जिलास्तरीय कय एंव मूल्यांकन समिति द्वारा खोला जायेगा, तत्पश्चात तकनीकी बीड़ के सफल प्रस्तावकों का वितीय बीड़ खोला जायेगा। अति अल्पकालीन निविदा संबंधी किसी प्रकार के संशय **(Confusion)** निराकरण हेतु मोबाईल नम्बर **9471163670** पर किसी भी कार्यालय दिवस के कार्यालय अवधि में सम्पर्क किया जा सकता है।

ह0/–
उपायुक्त,लोहरदगा

PR 334364 Lohardaga(24-25).D

**समाहरणालय, लातेहार (भू-अर्जन शाखा)**
**प्रपत्र VII**
**राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग**
**(भू-अर्जन निदेशालय) या समाहर्ता या समुचित सरकार**

अधिघोषणा (अधिनियम–30/2013 की धारा–19(1) के अधीन)

संख्या–413 /भू0 अ0 दिनांक–29.08.2024

चूंकि झारखण्ड सरकार /समाहर्ता को यह प्रतीत होता है कि ग्राम–पुटुआगढ थाना–बरवाडीह थाना संख्या–30 अंचल –बरवाडीह जिला–लातेहार में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना–बरवाडीह से हुटार (लम्बाई–7.200 कि0मी0) पथ का चौड़ीकरण एवं मजबुतीकरण का कार्य अपेक्षित है।

अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम–पुटुआगढ थाना–बरवाडीह थाना संख्या–30 अंचल–बरवाडीह जिला–लातेहार में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश–**1.2375** एकड़ मानक माप का भूखंड, अधिघोषणा किया जाता है। जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है। (हाल सर्वे के अनुसार)

| क्र0 सं0 | ग्राम का नाम | खाता सं0 | प्लॉट सं0 | भूमि का स्वामित्व | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0,द0,पू0,प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पुटुआगढ़ | 2 | 132 | रैयती | टांड दो | 0.2750 | महेन्द्र उपाध्याय वो नागेन्द्र उपाध्याय पिता जनेष्वर उपाध्याय | उ0–132 अंश द0–रास्ता पु0–127 प0–सीवाना |
| 2 | पुटुआगढ़ | 2 | 134 | रैयती | टांड दो | 0.0625 | तदैव | उ0–रास्ता द0–134 अंश पु0–135 प0–सीवाना |
| 3 | पुटुआगढ़ | 2 | 135 | रैयती | टांड दो | 0.0125 | तदैव | उ0–रास्ता द0–135 अंश पु0–136 प0–134 |
| 4 | पुटुआगढ़ | 8 | 58 | रैयती | धान दो | 0.0025 | रविन्द्र नाथ तिवारी, सुरेन्द्र नाथ तिवारी पिता स्व0 अवध विहारी तिवारी, वगैरह | उ0–58 अंश द0–रास्ता पु0–57 प0–59 |
| 5 | पुटुआगढ़ | 8 | 136 | रैयती | टांड दो | 0.0700 | रविन्द्रनाथ भगत वगैरह पिता कौशलेश भगत वगैरह | उ0–रास्ता द0–136 अंश पु0–137 प0–134 |
| 6 | पुटुआगढ़ | 13 | 37/1 | रैयती | टांड दो | 0.1600 | रिमिस एक्का पिता स्व0 डेविड एक्का वगैरह | उ0–37 अंश द0–38 पु0–रास्ता प0–37 अंश |
| 7 | पुटुआगढ़ | 13 | 38/1 | रैयती | टांड दो | 0.1650 | रिमिस एक्का पिता स्व0 डेविड एक्का वगैरह | उ0–नदी द0–रास्ता पु0–38 अंश प0–रास्ता |
| 8 | पुटुआगढ़ | 13 | 37/2 | रैयती | टांड दो | 0.1000 | जेसी वरा पिता आम्रस बरा जाति उरांव निवासी निजग्राम | उ0–36 द0–38 पु0–36 प0–40 |
| 9 | पुटुआगढ़ | 13 | 38/2 | रैयती | टांड दो | 0.1500 | जेसी वरा पिता आम्रस बरा जाति उरांव निवासी निजग्राम | उ0–37 द0–रास्ता पु0–36 प0–39 |
| 10 | पुटुआगढ़ | 22 | 50 | रैयती | टांड दो | 0.0025 | देवराज तिवारी पिता स्व0 देवकी तिवारी | उ0–50 अंश द0–रास्ता पु0–39 प0–53 |
| 11 | पुटुआगढ़ | 22 | 53 | रैयती | धान दो | 0.0125 | देवराज तिवारी पिता स्व0 देवकी तिवारी | उ0–53 अंश द0–रास्ता पु0–50 प0–54 |
| 12 | पुटुआगढ़ | 24 | 57 | रैयती | धान दो | 0.0250 | रविन्द्र तिवारी, सुरेन्द्र तिवारी पिता स्व0 अवध विहारी तिवारी, वगैरह | उ0–57 अंश द0–रास्ता पु0–56 प0–58 |
| 13 | पुटुआगढ़ | 24 | 125/1 | रैयती | टांड दो | 0.05 | रविन्द्र तिवारी, सुरेन्द्र तिवारी पिता स्व0 अवध विहारी तिवारी, वगैरह | उ0–125 अंश द0–रास्ता पु0–रास्ता प0–126 |
| 14 | पुटुआगढ़ | 24 | 125/2 | रैयती | टांड दो | 0.02 | अरविन्द पाण्डेय वो ध्रुव पाण्डेय | उ0–125 अंश द0–रास्ता पु0–रास्ता प0–126 |
| 15 | पुटुआगढ़ | 24 | 118/259 | रैयती | टांड दो | 0.1300 | रविन्द्र तिवारी, सुरेन्द्र तिवारी पिता स्व0 अवध विहारी तिवारी, वगैरह | उ0–रास्ता द0–रास्ता पु0–रास्ता प0–रास्ता |
| | | | | | कुल– | 1.2375 | | |

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम सं0–30/2013 की धारा–15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जांच के पश्चात् किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या जिनके लिए पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिन्हित किए गये हैं, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नवत् है :–शून्य

ग्राम–पुटुआगढ थाना–बरवाडीह थाना संख्या–30 अंचल–बरवाडीह जिला–लातेहार क्षेत्रफल–**1.2375** एकड़ यानि–0.500 हेक्टेयर जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, लातेहार के कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है।

पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन योजना के सार उपर दिये गये हैं :– शून्य

ह0/–
उपायुक्त, लातेहार।

PR.NO.334274 Land Reforms(24-25):D

## नि:शुल्क जांच शिविर का आयोजन

धनबाद (आजाद सिपाही)। असर्फी हॉस्पिटल के सीईओ और सामाजिक कार्यकर्ता हरेंद्र सिंह ने अपने प्रयास 'स्वस्थ शरीर, स्वस्थ समाज' के तहत शिवपुरम सोसायटी, सोरीटांड (कौआ कला), भूली में एक नि:शुल्क जांच शिविर का आयोजन कराया। इस शिविर का उद्देश्य समाज के वंचित वर्गों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ पहुंचाना था, जिसमें मुख्य रूप से केंसर के लक्षण, बचाव के उपाय और इसके प्रारंभिक स्तर के निदान को प्रतित्साहित करना था। इस अवसर पर श्री हरेन्द्र सिंह ने कहा, 'स्वस्थ समाज का निर्माण तभी संभव है जब हर व्यक्ति शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ हो। हमारे इस प्रयास का लक्ष्य है कि समाज के हर वर्ग को अच्छी स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हों, चाहे उनकी आर्थिक स्थिति कुछ भी हो।' उन्होंने यह भी बताया कि असर्फी हॉस्पिटल इस प्रकार के कई शिविरों का आयोजन पहले भी कर चुका है और आगे भी करता रहेगा। इस पहल के लिए असर्फी हॉस्पिटल और हरेंद्र सिंह की सराहना की।

### भाजपा ने 'घोषणा पत्र सुझाव अभियान' की शुरुआत की

# जन आकांक्षाओं के अनुरूप होगा भाजपा का घोषणा पत्र: बिरंची

**आम जन अपना सुझाव पार्टी कार्यालय में या वॉट्सएप नंबर 6202750671 पर दे सकते हैं**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो ।** भाजपा झारखंड प्रदेश के नियमानुसार बोकारो विधायक बिरंची नारायण ने कहा की भारतीय जनता पार्टी आगामी विधानसभा चुनाव के लिए जन भागीदारी के साथ जन आकांक्षाओं को पूरा करने का संकल्प के साथ भाजपा के द्वारा 'घोषणा पत्र सुझाव अभियान' की शुरूआत की गयी है, जिसमें सुझाव जनता के होंगे, लेकिन वो संकल्प पार्टी का होगा। इस अभियान की शुरूआत बोकारो में मंगलवार से शुरू होगा। आम जन अपना सुझाव पार्टी कार्यालय में या वॉट्सएप नंबर 6202750671 पर दे सकते हैं, साथ ही पार्टी कार्यकर्ता अनुसूचित जनजाति, अनुसूजित जाति, पिछड़ा वर्ग, किसान, महिला, युवा, खिलाड़ी, व्यापारी और व्यावसायिक संगठन, छात्रावास में रहने वाले छात्र - छात्राएं, कॉलेज के छात्र छात्राएं, प्रतियोगी परीक्षा देने वाले छात्र - छात्राओ से संवाद, निजी शिक्षण संस्थान, लोक कलाकार, सोशल मीडिया इनफ्लूएंसर ग्रुप और यू - ट्यूबर ग्रुप, अनुबंध कर्मी, सरकारी कर्मचारी, आउट सोर्सिंग कर्मी, सेवा निवृत सरकारी संगठन, पूर्व सैनिक, दिव्यांग, संगठित एवम असंगठित मजदूर संगठन, राशन डीलर, एनजीओ, एसएसजी संवाद आकांझी जिला में, स्वयं सहायता समूह, फुटकर विक्रेता संघ, पंचायती राज के प्रतिनिधि, ग्राम प्रधान/मुंडा मानकी, ऑनलाइन ट्रेडिंग वर्कर्स, ई रिक्शा चालक, आरएमपी डॉक्टर, वैगा/पुजारी, आंगनबाड़ी सेविका/सहायिका, मध्याह्न योजना से जुड़ी रसोईया, प्रबुद्ध वर्ग - वकील, प्राध्यापक, उद्योग समूह, पोषण सखी, नगरपालिका सफाई कर्मी, मनरेगा कर्मी, कृषक मित्र, पंचायत स्वयं सेवक व आशा कार्यकर्ता से संपर्क कर सुझाव लेंगे जिसके अनुरूप भाजपा अपना घोषणा पत्र में शामिल करेंगी। प्रेस वार्ता में भाजपा जिलाध्यक्ष जयदेव राय व जिला महामंत्री संजय त्यागी उपस्थित थे।

## युवा व्यवसायी संघ के संरक्षक दिलीप गोयल का शव कुआं से बरामद



फाइल फोटो दिलीप गोयल।

फुसरो(बेरमो) (आजाद सिपाही)। युवा व्यवसायी संघ के संरक्षक, फुसरो के प्रतिष्ठित व्यवसायी सह करगली बाजार निवासी 56 वर्षीय दिलीप गोयल का शव सोमवार की अहले सुबह पुराना बीडीओ आफिस स्थित शिव मंदिर के कुआं मे मिला। जानकारी के अनुसार घरेलू मामला को लेकर वो विगत कुछ दिनों से परेशान चल रहे थे। बेरमो थाना की पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थानीय लोगों की मदद से शव बाहर निकाला। दिलीप गोयल का फुसरो के अपना बाजार में रेणुका वस्त्रलाय प्रतिष्ठान है। वे मारवाड़ी समाज के वरिष्ठ सदस्य भी थे। वे समाज के प्रति उनके अटूट समर्पण और सेवा भावना ने उन्हें एक आदर्श नागरिक के रूप में स्थापित किया था। इस घटना को लेकर युवा व्यवसायी संघ फुसरो के नेतृत्व में तमाम व्यवसायियों ने इस शोक में अपना प्रतिष्ठान बंद रखा। शोक संवेदना व्यक्त करने वालो में बेरमो विधायक कुमार जयमंगल सिंह, पूर्व सांसद रवींद्र कुमार पांडेय, युवा व्यवसायी संघ के अध्यक्ष वैभव चौरसिया, सचिव बैजू मालाकार, कोषाध्यक्ष राकेश मालाकार, देवीदास, कृष्ण कुमार, मोहम्मद कलाम खान, विनोद चौरसिया, कृष्ण चांडक, रवि छाबड़ा, बेरमो चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष आर उनेश, व्यवसाई पिंटू सिंह, ओम अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

## 17 वर्षीय किशोर की मौत से तेतुलमारी में शोक की लहर



फाइल फोटो रिशु।

कतरास/कतरास। तेतुलमारी थाना क्षेत्र के जीरो सिम निवासी श्रवण निषाद के 17 वर्षीय पुत्र रिशु की मौत वाराणसी के दीघा सुमेध घाट पर गंगा स्नान करने के दौरान डूबने से हो गयी थी। घटना रविवार की है। मृतक अपने परिजनों के साथ शनिवार को काशी विश्वनाथ मंदिर पूजा करने गया था। घटना की सुबह गंगा में स्नान करने के क्रम में रिशु पानी में डूबने लगा। उसे डूबता देख परिजन पानी में कूदे और किसी तरह उसे बाहर निकाल बगल के अस्पताल में ले गए, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT**
**ROAD DIVISION, KHUNTI**

**e-Procurement Notice**
**VERY SHORT TENDER**
**Re. E_Tender Reference No. RCD/KHUNTI/735**
**Date :- 31/08/2024**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | IRQP Work of Dalbhanga (Sona Ghati) to Korwa Road form KM 0.00 to KM 13.375 (Total Length - 13.375) |
| 2. | Estimated Cost (Rs.) | Rs. 8,54,23,145.00 Rs. Eight Crore Firty Four Lakh Twenty Three Thousand One Hundred Forty Five only. |
| 3. | Bid Security (Rs.) | Rs. 8,55,000.00 Rs Eight Crore Fifty Five Thousand Only. |
| 4. | Cost of Document (Rs.) | Rs. 10,000.00 Rs. Ten Thousand Only. |
| 5. | Time of Completion | 03 Months |
| 6. | Last date / Time for receipt of bids | 11.09.2024 up to 12:00 Noon |
| 7. | Date of Publication of Tender on website | 04.09.2024 at 12:00 Noon |
| 8. | Name & Address of office Inviting tender | Executive Engineer, Road Construction Department, Road Division, Khunti |
| 9. | Contact no. of Procurement Officer | 06528-221215 |
| 10. | Helpline number of e-Procurement Cell | 0651-2401010 |

**Note :- Estimated cost of tender can be increased or decreased Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in**

*Executive Engineer,*
*R.C.D., Road Division, Khunti*

PR 334379 (Road)24-25*D



**Office of The District Education Officer Latehar,**

**Inviting Very Short Notice**
**Request for Proposals**

Selection of Agency for "Supply, Installation, Testing, & Commissioning of Modular Kitchen Across Residential schools in Latehar district" under Office of District Education Office, Latehar.

**FACT SHEET**

| | |
|---|---|
| Name of the work | Supply, Installation, Testing, & Commissioning of Modular Kitchen across Residential schools in Latehar District. |
| Office of Issue | Office of the District Education Office, LATEHAR, Jharkhand Government of Jharkhand. |
| Date of Issue | **03/ 09/ 2024** |
| Last date and time for submission of bids. Address for Bid Submission | **10. 09. 2024** Till 10:30 AM District Education Office (DEO), Girl School Campus, Latehar |
| Date and time for technical bid opening | **10. 09. 2024 Time 12:00 AM** |
| Date and time for financial bid opening and evaluation | **10. 09. 2024 Time 02:00 PM** |
| Bid Processing Fee (Non-refundable) | INR 5000/- (Rupees Five Thousand only) in the form of a Demand Draft drawn in favour of **"District Education Officer"** drawn in any Scheduled Commercial Bank payable at Latehar. The bid processing fee shall be submitted along with the 1st inner Envelope of the Technical Proposal. |
| Earnest money deposit (EMD) (Refundable) | INR 2,00,000/- (Rupees Two Lakhs only) in the form of a Demand Draft drawn in favour of **"District Education Officer"** drawn in any Scheduled Commercial Bank payable at Latehar. |
| Address of at which the tenders (Hard copies) are to be submitted: | District Education Office (DEO), Girl School Campus, Latehar |
| Place of opening of tenders: | District Education Office (DEO) Girl School Campus, Latehar |
| Mode of submission | Speed post/ Registered Post/ By Hand only to the address as specified above during office hours only. Submission of the bid through any other mode or late submission of bids will be rejected. |

Complete Bid Document, terms & conditions are available on official website of the district: - https://latehar.nic.in/

**DISTRICT EDUCATION OFFICER**
**LATEHAR**

PR 334384 (Human Resource Developement) 24-25 (D)


## श्री श्री राणी सती दादी जी का भव्य मंगल पाठ का आयोजन



बोकारो (आजाद सिपाही)। जनवृत एक स्थित अग्रसेन भवन में अग्रवाल समाज बोकारो और मारवाड़ी महिला समिति, बोकारो इस्पात नगर शाखा द्वारा श्री श्री राणी सती दादी जी का भव्य मंगल पाठ का आयोजन किया गया, जिसमें बोकारो की महिलाओं ने भारी संख्या में हिस्सा लिया और पाठ वाचक मीनू चौधरी के साथ मिलकर दादी जी के पाठ और भजन कीर्तन का आनंद लिया। अग्रवाल समाज बोकारो के प्रमुख सदस्यों ने बताया कि आगामी वर्षो में भी इसी प्रकार से कार्यक्रम का आयोजन होता रहेगा और हम सभी मिल कर श्री श्री राणी सती दादी जी को रुझाते रहेंगे।

# घुसपैठिये बच्चियों से शादी कर उनकी जमीन पर कर रहे कब्जा : डॉ सुमन

**डॉ सुमन कुमार का जैनामोड़ में हुआ भव्य स्वागत**

आजाद सिपाही संवाददाता



**जैनामोड़(बेरमो)।** हिंदू जागरण मंच के क्षेत्रीय संगठन मंत्री और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक डॉ सुमन कुमार का जैनामोड़ में भव्य स्वागत किया गया। डॉक्टर सुमन बिहार, झारखंड, बंगाल, उड़ीसा के संगठन मंत्री भी है। उनका धनबाद से रांची जाने के क्रम में हिंदू जागरण मंच के कार्यकताओं के द्वारा भव्य स्वागत किया गया। डाक्टर सुमन कुमार ने कहा हिंदू जागरण मंच पूरे झारखंड प्रदेश में हिंदुओं को संगठित करने का नये तरीके से अभियान चला रहा है। बांग्लादेश में हो रहे हिंदुओं के हत्या पर हिंदू जागरण मंच बहुत ही दुखी एवं चिंतित है। भारत सरकार अभिलंब उसकी सुरक्षा प्रदान करें। कहा कि झारखंड सरकार के संरक्षण में राज्य में बांग्लादेशी घुसपैठियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इससे राज्य की विधि व्यवस्था खराब हो रही है। यहां की संस्कृति और सभ्यता नष्ट हो रहा है। भोली भाली आदिवासी जनता को बरगला कर आदिवासी बच्चियों से शादी कर उनके जमीन को कब्जा किया जा रहा है। राज्य में घुसपैठियों के द्वारा चुनाव को भी प्रभावित किया जा रहा है। कहा कि 2024 विधानसभा चुनाव में हिंदुओं को अधिक से अधिक जागृत एवं मतदान करने का आह्वान हिंदू जागरण मंच के कार्यकर्ता पूरे प्रदेश में करेंगे। स्वागत कर्ता में मुख्य रूप से भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री अर्जुन सिंह, प्रदीप कुमार, मनोज सिंह, उत्तम मिश्रा, संकर रजक, अरविंद ठाकुर, सुनील सिंह, महेश सिंह, वकील, राजेंद्र आदि मौजूद थे।

## एकदिवसीय कौशिकी अमावस्या समारोह का आयोजन



कतरास (आजाद सिपाही)। कतरास के लिलोरी स्थान शमशान प्रांगण परिसर में आयोजित एकदिवसीय कौशीकी अमावस्या समारोह में कांग्रेस नेता रोहित यादव धनबाद सांसद प्रतिनिधि शरद महतो समेत कतरास के कई सामाजिक संगठनों और कार्यकर्ताओं ने पहुंच कर पूजन में सम्मिलित हुए तथा प्रसाद ग्रहण कर बाबा का आशीर्वाद लिया। वहीं कांग्रेस नेता यादव ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि इस पावन स्थल पर पहुंच जाने से ही सारे कष्ट मिट जाते है, क्योंकि जिंदगी की सच्चाई इसी जगह पर समाप्त होती है। हर किसी को एक न एक दिन इस जगह पर आना ही पड़ता है, फिर उन्होंने कार्यक्रम के आयोजन समिति के सभी सदस्यों को शुभकामनाएं दी साथ ही सामाजिक उत्थान के लिए हमेशा मदद करने का वादा भी किया। वहीं मौके पर कांग्रेस नेता दिलीप मिश्रा भोला पासवान, परदेशी यादव, राजू सिंह जागो के चुन्ना यादव, राजेश स्वर्णकार, अरविंद ठाकुर, आकाश, मनबोध आदि लोग उपस्थित थे।

## टीवी मरीजों के बीच 70 पोषण किट का वितरण

धनबाद (आजाद सिपाही)। सोमवार को डाक्टर अनिता चौधरी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी सदर, कौशलेंद्र कुमार सिंह वरीय चिकित्सा पर्यवेक्षक सह कार्यकारिणी अध्यक्ष भारतीय रेडक्रास समिति, कुमार मधुरेन्द्र सिंह समाजसेवी सह कार्यकारिणी सदस्य सह सलाहकार अध्यक्ष भारतीय रेडक्रास समिति, संजय जायसवाल एवं मीना देवी ने पोषण कीट का वितरण किया। इस दरम्यान 70 पोषण कीट टीवी पेशेंट को दिया गया। कुछ पोषण किट सिविल सर्जन धनबाद और जिला यक्ष्मा पदाधिकारी धनबाद ने अपने कार्यालय से वितरण किया।

# सरकारी अस्पतालों में डॉक्टर, नर्स और दवाइयों की घोर कमी है: हलधर महतो

आजाद सिपाही संवाददाता




**धनबाद।** आजसू पार्टी का जनजागरण पदयात्रा तोपचांची क्षेत्र के लेदाटाड पंचायत में किया गया। इसकी शुरूआत बेलमी, कमता, आमटाड आदि गांवों का भ्रमण किया गया। इसका नेतृत्व आजसू पार्टी के कार्यकाणी जिला अध्यक्ष हलधर महतो ने किया। हलधर महतो ने कहा कि झारखंड सरकार ने वादा किया था कि प्रत्येक गरीब परिवार को सालाना 72 हजार देंगे, वहीं सरकारी अस्पताल में डॉक्टर, नर्स और दवाइयां की घोर कमी है। सोमवार को टुंडे विधानसभा क्षेत्र में डायरिया महामारी की तरह फैल गया है। स्वास्थ्य विभाग कुछ नहीं कर पा रही है। मौके पर सदानंद महतो जिला संगठन सचिव ने कहा कि तोपचांची क्षेत्र में हाथियों के द्वारा चितरपुर पंचायत के मंझलाडीह, गणेशपुर करमाटाड, जोरवाडीह में कई घरों को क्षति किया, लेकिन अब तक झारखंड सरकार व (वन विभाग) मुआवजा नहीं दे पायी है। सरकार 5 साल में जनता को किये वादे पूरे नहीं कर पायी। इस मौके पर प्रखंड अध्यक्ष प्रमोद कुमार महतो ने अपने संबोधन में कहा कि आजसू पार्टी युवाओं की पार्टी है। आजसू पदयात्रा के माध्यम से गांव के मजदूर, किसान, छात्र, नौजवान के बीच पार्टी की नीति सिद्धांत को पहुंचाने का प्रयास कर रही है। इस अवसर पर अरुण दास, कमल दे, नारायण रजवार, राजेश महतो, पिंकी देवी, उर्मिला देवी, बसंती देवी, कमल महतो, पंचायत उप मुखिया अभिजीत राय, शेखर महतो आदि सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन



धनबाद (आजाद सिपाही)। ऑन द स्पॉट जाति प्रमाण पत्र, साइकिल, पेंशन स्वीकृति पत्र, मनरेगा जॉब कार्ड, जेएसएलपीएस की दीदियों को पहचान पत्र का किया गया वितरण। आपकी योजना - आपकी सरकार - आपके द्वार कार्यक्रम के दौरान धनबाद जिला के सभी प्रखंड अंतर्गत पंचायत, नगर निगम और नगर परिषद क्षेत्र के वार्डों में शिविर का आयोजन किया गया है। इस शिविर में दर्जनों छात्र-छात्राओं का ऑन द स्पॉट जाति प्रमाण पत्र निर्गत किया गया। वहीं कई छात्राओं के बीच साइकिल का भी ऑन द स्पॉट वितरण किया गया। इसके अलावा दर्जनों लाभुकों को ऑन द स्पॉट पेंशन की भी स्वीकृति प्रदान की गयी। साथ ही मनरेगा कार्ड वितरण, जेएसएलपीएस दीदियों के बीच पहचान पत्र, जाति, आवासीय, आय, जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र का भी वितरण किया गया।


**झारखण्ड सरकार**
**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (सहकारिता प्रभाग)**
**कार्यालय-जिला सहकारिता पदाधिकारी गढ़वा**

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (सहकारिता प्रभाग) अन्तर्गत किसानों की बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अन्तर्गत खरीफ फसल 2024 हेतु फसल बीमा करायी जा रही है। फसल बीमा के लिए आवेदक किसानों को बैंक खाते के सत्यापन हेतु token राशि के रुप में किसानों को सिर्फ 01 (एक) रुपया देना होगा। इससे छोटे और मध्यम वर्ग के किसानों को फायदा होगा एवं ज्यादा से ज्यादा किसानों को इसका लाभ लेना चाहिए। यह योजना चालू है, इसके लिए ऋणी किसान, अधिसूचित बैंक ग्रामीण बैंक के द्वारा के०सी०सी० धारक किसानों का बीमा कराया जायेगा एवं गैर ऋणी किसान सहकारी शाख समितियों झारखण्ड राज्य सहकारी बैंक, प्रज्ञा केन्द्र (CSC) एवं इस योजना के पोर्टल www.pmfby.gov.in पर ऑनलाईन स्वत: आवेदन farmer login के माध्यम से किया जा सकता है। आवेदन करने की अंतिम तिथि 31.08.2024 तक निर्धारित था, जिसे विस्तारित करते हुए अंतिम तिथि 15.09.2024 तक निर्धारित किया गया है।

विशेष जानकारी के लिए गढ़वा जिला के संबंधित श्री उमेश कुमार नोडल पदाधिकारी HDFC ERGO GIC Ltd Mo No. 7054280300, हाशिम अंसारी–7250233995 एवं जिला सहकारिता पदाधिकारी, गढ़वा, 9955922370 से सम्पर्क किया जा सकता है। टोल फ्री न० 14447

**PR 334398 Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department(24-25).D**

जिला सहकारिता पदाधिकारी
गढ़वा


## बीआइटी सिंदरी रोट्रैक्ट क्लब ने 'पंख' कार्यक्रम के तहत मासिक धर्म स्वच्छता पर फैलायी जागरूकता



सिंदरी (आजाद सिपाही)। बीआईटी सिंदरी के रोट्रैक्ट क्लब ने आज 'पंख' कार्यक्रम के तीसरे संस्करण का आयोजन कर मासिक धर्म स्वच्छता और शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने का महत्वपूर्ण कदम उठाया। इस कार्यक्रम में क्लब के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और युवतियों को मासिक धर्म से जुड़े स्वास्थ्य और सुरक्षा के मुद्दों पर शिक्षित किया। कार्यक्रम के तहत सुमन कुमारी, रिया दुबे, कोमल शर्मा, नूपुर रजक, राजश्री, आयुषी, मृदुला खुशी, ऋषिका सिंह, अदिति चौधरी, सुमित, प्रताप, शाहजमान, अभिषेक, सत्यम, रिमिल, ?बबन, करण, सिद्धांत, शोभित, शशिकांत और तुषित जैसे कई उत्साही सदस्यों ने सक्रिय योगदान दिया। जागरूकता सत्र के बाद, क्लब ने 3,500 सैनिटरी पैड उत्क्रमित हाई स्कूल, रंगामाटी, डीएवी हाई स्कूल, तसरा, और मदर टेरेसा हाई स्कूल में वितरित किये। इस पहल के माध्यम से क्लब ने लड़कियों को स्वच्छता और आत्मसम्मान के साथ जीवन जीने के लिए प्रोत्साहित किया है। रोट्रैक्ट क्लब ने सभी से इस महत्वपूर्ण कार्य का समर्थन करने की अपील की है, ताकि समाज में हर लड़की बिना किसी डर और कलंक के अपने सपनों को साकार कर सके।

# लोगों को जागरूक बनाने के लिए निकला डालसा का जागरूकता रथ

**चलंत लोक अदालत को न्यायाधीश ने दिखाया हरी झंडी**

आजाद सिपाही संवाददाता




**धनबाद।** झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर लोगों को जागरूक बनाने के लिए जागरूकता रथ सोमवार को सिविल कोर्ट से रवाना हुआ। धनबाद के प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश सह चेयरमैन जिला विधिक सेवा प्राधिकार राम शर्मा ने जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर न्यायाधीश श्री शर्मा ने बताया कि लोगों को जागरूक बनाने, सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देने, तत्सम प्रवृत्त विभिन्न कानूनों की जानकारी देने के लिए चलंत लोक अदालत सह जागरुकता रथ के द्वारा 30 सितंबर तक जिले के हर कस्बे, मुहल्ले, गांव और ब्लॉक में जाकर लोगों को विभिन्न कानूनों की जानकारी दी जायेगी। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी आरती माला ने बताया कि चलंत लोक अदालत द्वारा लोगों को विभिन्न सरकारी योजनाओं व कानूनो के प्रति जागरूक बनाया जायेगा, उन्हें सचेत किया जायेगा। मौके पर आये समस्याओं का तुरंत समाधान होगा। सचिव श्रीमती बारला ने बताया कि 3 सितंबर को पंचमोहली पंचायत, 4 सितंबर से 5 सितंबर तक कलिया सोल, 6 से 7 सितंबर तक निरसा ब्लॉक 9 से 10 सितंबर तक बलियापुर ब्लाक के विभिन्न पंचायतों, 11 से 12 सितंबर तक गोविंदपुर के विभिन्न पंचायतों, 13 से 16 सितंबर बाघमारा ब्लॉक के विभिन्न पंचायतों 17 से 18 सितंबर तक टुंडी ब्लॉक के विभिन्न पंचायतों, 19 सितंबर से 20 सितंबर तक पूर्वी टुंडी ब्लॉक और उसके विभिन्न पंचायतों, 21 से 23 सितंबर तक तोपचांची ब्लॉक 24 से 25 सितंबर तक धनबाद ब्लॉक के विभिन्न पंचायतों व शहरी क्षेत्रों, 26 से 27 सितंबर तक झरिया ब्लॉक, 28 को सिंदरी ब्लॉक, 30 सितंबर को पुटकी ब्लॉक में जागरूकता रथ के माध्यम से लोगों को विभिन्न कानूनों की जानकारी, योजनाओं की जानकारी डालसा के पैनल अधिवक्ता, पैरा लीगल वॉलिंटियरन्यायिक पदाधिकारियों द्वारा दी जायेगी।


**प्रपत्र VII समाहरणालय, गढ़वा**
**(जिला भू–अर्जन शाखा, गढ़वा)**
**या समाहर्त्ता या समुचित सरकार**

**अधिघोषणा**
(अधिनियम–30/2013 की धारा–19(1) के अधीन)

अधिघोषणा संख्या 643/भू0अ0,गढ़वा, दिनांक 30.08.2024

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ यथा परियोजना **NH-75** नामधारी कॉलेज से पचपड़वा भाया कोरवाडीह, चामा पथ चौडीकरण योजना हेतु ग्राम–बघौता थाना–तिसरटेटुका, थाना सं0–380, अंचल–मेराल, जिला–गढ़वा में कुल :– **0.21600** एकड़ भूमि अपेक्षित है।

इसलिए अधिघोषणा किया जाता है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू–खण्ड है, जो मानक माप से कमोवेश **0.21600** एकड है और जो ग्राम–तिसरटेटुका, थाना–मेराल, थाना सं0–380, अंचल–मेराल, जिला–गढ़वा में है, जिसका विवरण निम्नलिखित है :–

| क्र. | खाता संख्या | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0,द0,पू0,प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | | 7 | 8 |
| 1 | 11 | 602 | रैयती | – | 0.21600 | रामकृष्ण दूबे पिता–स्व0 तपेश्वर दूबे वो रविन्द्र दूबे वगै0 पिता–शिवनारायण दूबे | उ0–नीज द0–नीज पू0–नदी प0–बान्ध |
| | | | | कुल :– | **0.21600** | | |

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम सं0–30/2013 की धारा 15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जांच के पश्चात् किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या :– शून्य,

जिनके लिए पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिन्हित किए गए है, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नवत है :– ग्राम–तिसरटेटुका, थाना–मेराल, थाना सं0–380, अंचल–मेराल, जिला–गढ़वा, क्षेत्रफल– 0, एकड़– 0, जिला भूमि अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा के कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है। पुनर्वासन और पुनर्व्यव्यस्थापन योजना के सार नीचे दिये गये है :– शून्य

अमीन, जिला भू–अर्जन, गढ़वा | कानूनगो, जिला भू–अर्जन, गढ़वा | जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा। | अपर समाहर्त्ता, गढ़वा। | उपायुक्त, गढ़वा।

PR 334395 District(24-25)D

# सीएसआर हेल्थ इंपैक्ट अवार्ड 2024 से एनटीपीसी बोंगाईगांव सम्मानित

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** एनटीपीसी बोंगाईगांव को नागालैंड के तुएनसांग जिले में अपने समर्पित प्रयासों के लिए बाल स्वास्थ्य प्रणाली सुदृढ़ीकरण परियोजना (ग्रामीण) की श्रेणी के तहत सम्मानित सीएसआर स्वास्थ्य प्रभाव पुरस्कार 2024 से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान एनटीपीसी बोंगाईगांव की निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता और ग्रामीण समुदायों के उत्थान और एक जिम्मेदार निगमित इकाई के रूप में जीवन की गुणवत्ता बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करने को मान्यता देता है। यह पुरस्कार पूर्व केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने दिल्ली में आयोजित एक समारोह में प्रदान किया, जहां एनटीपीसी बोंगाईगांव के विधि अधिकारी शुभम पांडे ने 750 मेगावाट बिजली स्टेशन की ओर से सम्मान स्वीकार किया। यह मान्यता बाल स्वास्थ्य पर विशेष जोर देने के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं और बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए एनटीपीसी बोंगाईगांव की पहलों पर प्रकाश डालती है।






बाद में ट्रॉफी ओंकार नाथ, एजीएम (एचआर) द्वारा एनटीपीसी बोंगाईगांव के परियोजना प्रमुख, अखिलेश सिंह को एक समारोह में सौंपी गयी। इसमें रोशन डुंगडुंग, डीजीएम (एचआर), मधुरज्य सिंघा लहकर सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। अपनी टिप्पणी में अखिलेश सिंह ने एनटीपीसी बोंगाईगांव में सीएसआर और एचआर टीम की उनके समर्पण और कड़ी मेहनत के लिए सराहना की।

# पीएम मोदी ने किया भाजपा के सदस्यता अभियान का शुभारंभ

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को भाजपा के राष्ट्रीय सदस्यता अभियान का शुभारंभ किया। इस मौके पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में हरदीप सिंह पुरी, पीयूष गोयल, अश्विनी वैष्णव, शिवराज सिंह चौहान समेत कई केंद्रीय मंत्री, नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस मौके पर जेपी नड्डा ने कहा, आपके जोश को देख कर, भारत की जनता का प्रधानमंत्री मोदी के प्रति प्यार और भाजपा के प्रति आस्था को देख कर मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं कि इस बार का सदस्यता अभियान भी 10 करोड़ का आंकड़ा पार करेगा। भाजपा प्रमुख ने कहा, हम सब जानते हैं कि प्रधानमंत्री देश के प्रधानसेवक होने के नाते 140 करोड़ देशवासियों का नेतृत्व करने के लिए प्रशासन की बारीकियों में दिन-रात व्यस्त रहते हैं। लेकिन उसके बावजूद हम सबके लिए वो आदर्श हैं। उन्होंने हमेशा इस बात को अपने आपमें जिया है कि संगठन सर्वोपरि है और संगठन पहले है। संगठन को जब भी आवश्यकता पड़ी है, व्यस्त समय में भी वो पार्टी को आगे बढ़ाने की चिंता करते हैं। उन्होंने कहा, जब अमित शाह पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष थे, तो उस समय उन्होंने सदस्यता अभियान को प्राथमिकता दी थी। उन्होंने कहा था कि हम संगठन के रास्ते बदलेंगे, संगठन के तरीके बदलेंगे, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग जो कमल के निशान के साथ चलना चाहते हैं, उनका हम पार्टी में समावेश कर सकें।



## भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी: अमित शाह

वहीं, इस मौके पर केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा कि हमारी पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी तो है ही, साथ ही सभी राजनीतिक दलों में एक प्रकार से अनूठी पार्टी है। आज भारत के 1,500 से अधिक राजनीतिक दलों में कोई भी दल लोकतांत्रिक तरीके से विश्वास और खुलेपन के साथ हर 6 साल के बाद अपने सदस्यता अभियान को नहीं करता है। ऐसा केवल और केवल भाजपा ही करती है। उन्होंने कहा, हमारी पार्टी में कार्यकर्ता महज सदस्यता का एक अंक नहीं, बल्कि हमारे यहां कार्यकर्ता एक जीवंत इकाई, विचारधारा का वाहक, कार्य-संस्कृति का पोषक है। वह हमारी सरकार और संगठन के बीच कड़ी का काम करते हैं, जो सरकार को हमेशा जनता के साथ जोड़ कर रखते हैं। इससे पहले गृह मंत्री शाह ने कहा, आज का दिन भाजपा के सभी शुभचिंतकों और कार्यकर्ताओं के लिए बहुत महत्वपूर्ण दिन है। उन्होंने कहा, भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी है। हमारे लिए पार्टी सिर्फ कागजों पर बनी एक प्रक्रिया नहीं है। पिछले दस वर्षों में पीएम मोदी के नेतृत्व में क्रांतिकारी फैसले लिये गये हैं। हर क्षेत्र में देश ने नयी ऊंचाइयों को छुआ। पीएम में 140 करोड़ लोगों को विकसित भारत का विजन दिया है और इसे पूरा करने के लिए भाजपा को मजबूत करना जरूरी है। मैं भाजपा के सभी शुभचिंतकों, देश की जनता और भाजपा कार्यकर्ताओं से एक बार फिर भाजपा के साथ जुड़ने की अपील करता हूं।

# केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा ने लांच किया शी-बॉक्स पोर्टल

**कार्यस्थलों पर महिलाओं को सुरक्षित माहौल प्रदान करना**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** देश में कार्यस्थलों पर महिलाओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी के नेतृत्व में 29 अगस्त 2024 को आयोजित एक कार्यक्रम में नया शी-बॉक्स पोर्टल लॉन्च किया है। इस केंद्रीकृत प्लेटफॉर्म को कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न से संबंधित शिकायतों के पंजीकरण और निगरानी को कारगर बनाने के लिए डिजाइन किया गया है। नयी दिल्ली में आयोजित इस लॉन्च कार्यक्रम में मंत्रालय की नयी वेबसाइट का भी अनावरण किया गया।

**उत्पीड़न के खिलाफ एक बड़ा कदम :** शी-बॉक्स पोर्टल भारत में कार्यस्थलों पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न को रोकने के लिए केंद्र सरकार के प्रयासों का एक महत्वपूर्ण अंग है। एक केंद्रीकृत संग्रह के रूप में कार्य करते हुए यह पोर्टल सरकारी और निजी दोनों क्षेत्रों में गठित आंतरिक समितियों (आईसी) और स्थानीय समितियों (एलसी) के बारे में जानकारी संग्रहीत करेगा। यह महिलाओं को शिकायत दर्ज करने, उसकी स्थिति की निगरानी करने तथा संबंधित प्राधिकारियों द्वारा समय पर कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए एक एकीकृत प्लेटफॉर्म है। अन्नपूर्णा देवी ने अपने भाषण में पोर्टल के महत्व पर प्रकाश डाला और इस बात पर जोर दिया कि यह महिलाओं को कार्यस्थल पर उत्पीड़न से निपटने के लिए अधिक कुशल और सुरक्षित तरीका प्रदान करेगा। उन्होंने कहा।' यह पहल पूरे भारत में महिलाओं के लिए अधिक सुरक्षित और समावेशी कार्य वातावरण बनाने की सरकार की प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाती है। मंत्री ने यह भी आश्वासन दिया कि पोर्टल को शिकायतकर्ताओं की गोपनीयता की रक्षा के लिए




डिजाइन किया गया है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि व्यक्तिगत जानकारी गोपनीय रहे।

**महिलाओं की भागीदारी बढ़ाना :** भारत अपनी स्वतंत्रता के शताब्दी वर्ष 2047 की ओर बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास पर महत्वपूर्ण जोर दिया है। समावेशी आर्थिक विकास को आगे बढ़ाने में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका को पहचानते हुए सरकार ने एक सुरक्षित और संरक्षित वातावरण बनाने पर ध्यान केंद्रित किया है जो महिलाओं को कार्यबल में सफल होने में सक्षम बनाता है। इस प्रयास की आधारशिला है, कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013, जिसका उद्देश्य महिलाओं को यौन उत्पीड़न से बचाना और उनकी शिकायतों का समाधान करना है। हाल ही में लॉन्च किया गया शी-बॉक्स पोर्टल इस अधिनियम के प्रावधानों को लागू करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह सुनिश्चित करता है कि शिकायतें न केवल दर्ज की जाएं बल्कि सक्रिय रूप से उनकी निगरानी की जाये, जिससे कार्यस्थल पर उत्पीड़न से निपटने के लिए मजबूत ढांचा उपलब्ध हो।

**मंत्रालय की नयी वेबसाइट :** शी-बॉक्स पोर्टल के अलावा, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने एक नयी विकसित वेबसाइट भी लॉन्च की है। यह वेबसाइट डिजिटल प्लेटफॉर्म पर क्रमबद्ध दृश्य पहचान बनाने के लिए डिजाइन की गयी है, जिससे वेबसाइट पर राष्ट्रीय और वैश्विक विजिट करने वालों दर्शकों के साथ सरकार की सहभागिता बढ़ेगी। जैसे-जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म नागरिकों के लिए संपर्क का प्राथमिक बिंदु बनते जा रहे हैं, नयी वेबसाइट से एक मजबूत और महत्वपूर्ण ऑनलाइन भूमिका निभाने की उम्मीद है।

**महिलाओं को सशक्त बनाना :** शी-बॉक्स पोर्टल का शुभारंभ डिजिटल नवाचार के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाने के व्यापक दृष्टिकोण का हिस्सा है। यौन उत्पीड़न संबंधित शिकायतों के पंजीकरण के लिए सिंगल विंडो पहुंच प्रदान करके, उम्मीद है कि इस पोर्टल से देश भर की महिलाओं के लिए प्रक्रिया देना काफी आसान हो जायेगा, चाहे उनकी कार्य स्थिति या वे जिस भी क्षेत्र से संबंधित हों। शी-बॉक्स सभी महिलाओं के लिए सुलभ है, चाहे वे संगठित या असंगठित क्षेत्रों में काम करती हों, सार्वजनिक या निजी संगठनों में काम करती हों या फिर घरेलू कामगार के रूप में काम करती हों।

# आइएमएस और सम हॉस्पिटल ने मधुमेह पर नवोन्मेषी अध्ययन के लिए जीता शीर्ष पुरस्कार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज और सम अस्पताल में मधुमेह और एंडोक्राइनोलॉजी विभाग, यहां शिक्षा 'ओ' अनुसंधान (सोआ) के चिकित्सा संकाय ने अमेरिकन कॉलेज ऑफ के भारत चैप्टर सम्मेलन में अभिनव अध्ययन के लिए पहला पुरस्कार जीता है। हाल ही में लखनऊ में चिकित्सकों (एसीपी) की बैठक हुई।

टाइप-2 डायबिटीज मेलिटस वाले वयस्क पुरुषों में हाइपोगोनैडिज्म और इसके निर्धारकों का आकलन' शीर्षक वाले शोध को उल्लेख प्राप्त हुआ है। विभाग की प्रोफेसर जयश्री स्वामी की देखरेख में डीएम एंडोक्रिनोलॉजी रेजिडेंट डॉ जसप्रीत सिंह ने यह संदर्भ तैयार किया। प्रोफेसर स्वाइं ने कहा कि इस विभाग को पिछले साल सम्मेलन में सर्वश्रेष्ठ संदर्भ के लिए सम्मानित भी किया गया था।




विभाग द्वारा मधुमेह से संबंधित कई अच्छे शोध प्रकाशन तैयार किये गये, जिनकी स्वास्थ्य देखभाल समुदाय में काफी सराहना की गयी। इसने 2023 में अंतर्राष्ट्रीय मधुमेह महासंघ सम्मेलन में प्रथम पुरस्कार भी जीता। प्रोफेसर स्वाइं ने कहा कि इस विभाग में मधुमेह पर शोध और जटिल उपचार के नवीन तरीकों ने ध्यान आकर्षित किया है।

# उपमुख्यमंत्री प्रभाती परिडा ने सुभद्रा योजना का वेब पोर्टल लांच किया

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** सुभद्रा योजना का वेब पोर्टल सोमवार को लॉन्च हो गया है। इस वेब पोर्टल का लिंक www.subhadra.odisha.gov.in है। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री प्रभाती परिडा ने वेब पोर्टल लॉन्च किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि सुभद्रा योजना एक क्रांतिकारी योजना है। यह वेब पोर्टल सुभद्रा योजना के बारे में जानने के लिए सभी प्रकार की जानकारी प्रदान करता है। इससे आप सुभद्रा के बारे में आसानी से, सुविधा से पढ़ सक्त है और समझ सकते हैं इसके उपादान उड़िया और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में उपलब्ध कराये गये हैं। आप इस वेब पोर्टल में सुभद्रा से संबंधित किसी भी प्रश्न का उत्तर पा सकते हैं। आप इस वेब पोर्टल पर सुभद्रा योजना से संबंधित कोई भी नयी घोषणा पा सकते हैं। अगर आप कुछ और




जानना चाहते हैं, तो टोल फ्री नंबर 14678 पर कॉल कर सकते हैं। यह टोल फ्री नंबर सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक चालू रहेगा। यह फॉर्म पर्याप्त मात्रा में पूर्णतः निःशुल्क उपलब्ध होगा।

आवेदकों को भरे हुए फॉर्म के साथ केवल आधार कार्ड की कापी जमा करनी होगी। उन्होंने कहा कि जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार मो सेवा केंद्र, जन सेवा केंद्र के निर्धारित स्थानों एवं कार्यालयों पर चार सितंबर की दोपहर से फॉर्म जमा करना शुरू कर दिया जायेगा। इस फॉर्म को जमा करना पूर्णतः निःशुल्क होगा। सरकार की मंजूरी से इस साल की राक्षी पूर्णिमा की किश्तें 17 सितंबर से शुरू की जायेंगी और यह प्रक्रिया तब तक जारी रहेगी, जब तक सभी पात्र लाभार्थी नहीं मिल जाते। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग की प्रमुख सचिव शुभा शर्मा, विभागीय निदेशक मोनिशा बनर्जी एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# वित्त वर्ष 2024-25 में अगस्त तक कोयले का उत्पादन 384 मिलियन टन तक पहुंचा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** कोयला मंत्रालय ने समग्र कोयला उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की है, जो वित्त वर्ष 2024-25 में अगस्त 2024 तक 384.08 मिलियन टन तक पहुंच गया है, जबकि वित्त वर्ष 2023-24 में इसी अवधि के दौरान यह 360.71 मिलियन टन था, जो 6.48 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। अप्रैल से अगस्त 2024 की अवधि के दौरान कोल इंडिया लिमिटेड का उत्पादन बढ़कर 290.39 मिलियन टन हो गया, जो पिछली वर्ष की इसी अवधि के दौरान 281.46 मीट्रिक टन की तुलना में 3.17 प्रतिशत की वृद्धि है। कैप्टिव और अन्य कंपनियों से कोयले उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि है, जो अप्रैल से अगस्त 2024 तक 68.99 मिलियन टन तक पहुंच गयी। यह पिछले वर्ष की समान अवधि में 52.84 मिलियन टन की तुलना में 30.56 प्रतिशत की वृद्धि है। इस बीच, अगस्त 2024 तक संचयी कोयला प्रेषण में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गयी है। अगस्त 2024 तक संचयी कोयला प्रेषण वित्त वर्ष 2024-25 में 412.07 मिलियन टन था, जबकि वित्त वर्ष 2023-24 में इसी अवधि के दौरान 391.93 मिलियन टन था। यह 5.14 प्रतिशत की प्रशंसनीय योग्य वृद्धि को दर्शाता है। कोल इंडिया लिमिटेड ने अप्रैल से अगस्त 2024 तक 309.98 मिलियन टन कोयला भेजा, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि के दौरान भेजे गये 305.37 मिलियन टन की तुलना में 1.51 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। कैप्टिव और अन्य कंपनियों ने 76.95 मिलियन टन का उल्लेखनीय कोयला प्रेषण दर्ज किया, जो पिछले वर्ष की समान अवधि के दौरान भेजे गये 58.53 मिलियन टन की तुलना में 31.48 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है।
















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**